www.navpradesh.com

दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 6 | अभिव्यक्ति 5 | झारखंड 7 | झारखंड

रांची, शनिवार 05 फरवरी 2022, माघ शुक्ल पक्ष पंचमी, विक्रम संवत - 2077 वर्ष-07 अंक-291 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपए
रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

समय बहाकर ले जाता है नाम और निशां कोई 'हम' में रह जाता है तो कोई 'अहम' में।

आज बेबाक

चुनाव आयोग आखिर इतना पंगु क्यों बन गया है? उसकी नाक के नीचे उसके निर्देशों की खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही है और वह मूक दर्शक बनकर तमाशा देख रहा है। कोरोना के कहर को मद्देनजर रखकर चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों की रैलियों में एक हजार लोगों की अनुमति दी है लेकिन उत्तर प्रदेश में हो रही रैलियों में हजारों का हुजुम उमड़ रहा है। रोड शो के जरिए जमकर शक्ति प्रदर्शन किया जा रहा है। कोरोना गाइड लाइन के परखच्चे उड़ाए जा रहे है लेकिन चुनाव आयोग ने चुप्पी साध रखी है।

सूर्योदय
उदय : 6.29 प्रात:
अस्त : 5.36 संध्या

जनसंख्या
विश्व : 7,924,891,770
भारत : 1,402,019,410

बाजार
सेंसेक्स : 58644.82
निफ्टी : 17516.30
गोल्ड : 49,200 प्रति 10 ग्राम
चांदी : 61,000 प्रति किग्रा
अण्डा दर : 4.73 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	21.4	7.5
जमशेदपुर	23.6	9.4
डालटेनगंज	20.8	8.6
देवघर	20.9	8.2

आज का दिवस

सुनीता विलियम्स अन्तरिक्ष में सबसे अधिक समय बिताने वाली महिला बनी
भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स अन्तरिक्ष में सबसे अधिक समय बिताने वाली महिला बनीं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के माध्यम से अंतरिक्ष जाने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला है। यह भारत के गुजरात के अहमदाबाद से ताल्लुक रखती है। इन्होंने एक महिला अंतरिक्ष यात्री के रूप में 195 दिनों तक अंतरिक्ष में रहने का विश्व किर्तिमान स्थापित किया है।

रांची विवि के दीक्षांत समारोह में बेटियों का जलवा
79 में 49 स्वर्ण पदक जीते

रांची। रांची यूनिवर्सिटी का 35वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को आर्यभट्ट सभागार में आयोजित हुआ। इसमें 79 गोल्ड मेडलिस्ट और 90 पीएचडी धारकों को प्रतीकात्मक तौर पर डिग्री दी गई। इस बार कुल 24372 डिग्रियां बांटी गई। टॉप टेन विद्यार्थियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश बैस ने सम्मानित किया। इस बार भी 79 में से 49 गोल्ड मेडलिस्ट महिलाएं हैं, जबकि 30 गोल्ड मेडल पुरुषों को मिला है।

पिछले वर्षों की तरह ही इस बार भी कुल गोल्ड मेडल के 61 फीसदी पर छात्राओं ने कब्जा जमाया है। रांची विश्वविद्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार 33वें दीक्षांत समारोह में सबसे अधिक छात्राओं ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया था यानी 74 प्रतिशत गोल्ड मेडल छात्राओं के हिस्से में गया था। यूजी सभी स्ट्रीम में ओवरऑल बेस्ट ग्रेजुएशन का मेडल निर्मला कॉलेज की छात्रा अंजली कुमारी को दिया गया। बेस्ट ओवरऑल ग्रेजुएशन वोकेशनल कोर्स में निर्मला कॉलेज की छात्रा शिफा आफरीन, ओवरऑल बेस्ट ग्रेजुएशन इन आर्ट्स आस्था भारद्वाज, बेस्ट ओवरऑल कॉमर्स में जागृति सिंह, बेस्ट ओवरऑल ग्रेजुएशन इन संगीत में कुमार दास, ग्रेजुएशन बेस्ट टीचर ट्रेनिंग में दीपिका शर्मा, ओवरऑल बेस्ट ग्रेजुएशन इन इंजीनियरिंग में किरण कुमारी, पीजी हिस्ट्री में वसुंधरा में एंथ्रोपोलॉजी में मोनिका बैग, जोग्राफी में प्रिया कुमारी को मिला।

शिक्षा यथार्थ जीवन में प्रवेश का मार्ग है : रमेश बैस

शैक्षणिक रुप से जब सुसंस्कृत होने की प्रक्रिया पूरी हो जाती है तब दीक्षांत होता है, मगर दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं अपितु एक सच्चे विद्यार्थी के लिए यह यथार्थ जीवन में प्रवेश का मार्ग है। यहीं से आप शिक्षकों के सानिध्य और मार्गदर्शन लेकर खुद को साबित करने की राह पकड़ते हैं। रांची विवि के 35वें दीक्षांत समारोह का हिस्सा बन मैं यह देख पा रहा हूं कि अपने देश को प्रतिभाओं का गुलदस्ता मिल रहा है। उक्त बातें रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने कही। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक मोमबत्ती की तरह होता है जो खुद को जलाता है और विद्यार्थी के रुप में ऐसी रोशनी फैलाता है जिससे समाज को उजाला मिलता है। निश्चित रुप से रांची विश्वविद्यालय राज्य का कि सबसे पुराना विश्वविद्यालय है। जहां के उत्तीर्ण विद्यार्थी देश-दुनिया में अपनी प्रतिष्ठ्रा का डंका बजा रहे हैं, पर इतना ही काफी नहीं है। हमें हमारे संस्थान को इन तरह से उन्नत बनाना है कि यहां की प्रतिभा दूसरे देश पर बेहतरीन आश्रित न हों। आज यह देखा जा रहा है कि हमारे राज्य और देश की प्रतिष्ठ्रा दूसरे देश उच्च शिक्षा के लिए जाना चाहते हैं। दीक्षांत के इस मंच से मैं कहना चाहूंगा कि इस विवि को बेहतर से बेहतरीन बनाने में मेरी ओर से जिस तरह की मदद की आवश्यकता होगी वो मैं करूंगा।

इन्हें मिला स्वर्ण

स्नातकोत्तर कला
एन्थ्रोपोलोजी : मोनिका बेक
बंगाली : अनिता पॉल
इंग्लिश : इशिका सिंह
ज्योग्राफी : श्रेया कुमारी
हिंदी : आलोक कुमार
हिस्ट्री : बेबी कुमारी
होम साइंस : अर्पिता नीतू बाड़ा
फिलासफी : आरती उपाध्याय
पॉलिटिकल साइंस : लक्ष्मी गोप
साइकोलॉजी : त्रिशाला शर्मा
संस्कृत : बिंदेश्वर कुमार
सोशलॉजी : खुशबू कुमारी
उर्दू : मोहम्मद राशिद
हो : संजय गगराई
खड़िया : मणिजीत केरकेट्टा
खोरठा : सरिता कुमारी
संथाली : प्रदीप मुर्मू
कुरमाली : सरिता कुमारी
कुरुख : निपुल लकड़ा
मुंडारी : अनीता मिंजुर
नागपुरी : पप्पू कुमार महतो
पंचपड़गानिया : जोशना कुमारी
ज्योतिर्विज्ञान : विनाम माहेश्वरी
जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन : अजय कुकरेती
वाणिज्य : सिमरन परवीन

स्नाकोत्तर विज्ञान
बॉटनी : अनिमा फातमी
केमिस्ट्री : कुमारी प्रियंका
जियोलॉजी : बिद्या भगत
मैथ्स : अनुभब दत्ता
फिजिक्स : राजवर्धन सिंह
जूलॉजी : दीक्षा ठाकुर
एल्क्ट्रोनिक एंड कम्यूनिकेशन : अभिषेक कुमार भगत
एनवायर्नमेंटल साइंस : अजय कुमार रजक
स्नातकोत्तर कानून : ईशा सिंह
बायोटेक्नोलॉजी : शाज्मा सर्वत
एमबीए : पूजा शुभाषिनी
एमसीए : उपासना सिंह
अर्कियोलोजी एंड म्युजियोलोजी : शैलेंद्र कुमार सिन्हा
रूरल डेवलपमेंट : तरुण कुमार महतो
पब्लिक डेवलपमेंट : अपूर्व कुमार पाठक
ह्यूमन राइट एजुकेशन : विद्या कुमारी
एमडी/एमएस : आनंद कुमार
एमबीबीएस : भव्या गिरी

छात्र संस्थान के ब्रांड एम्बेसडर : कुलपति

मोरहाबादी स्थित आर्यभट सभागार में आयोजित दीक्षांत समारोह में कुलपति डॉ. कामिनी कुमार ने विश्वविद्यालय की उपलब्धि पर अपने व्याख्यान में कहा कि रांची यूनिवर्सिटी में कई तरह के कोर्स कराये जाते हैं, जो देश के गिने-चुने विश्वविद्यालय में कराया जाता है। गाइडेंस एंड काउंसलिंग, यौगिक साइंस जैसे विषय इनमें से एक है। उन्होंने कहा कि स्टूडेंट्स ही विश्वविद्यालय के ब्रांड एम्बेसेडर होते हैं। स्टूडेंट्स की उपलब्धियां ही संस्थान की उपलब्धियां होती हैं। मौके पर उन्होंने बताया कि लड़कियां खुद की उपस्थिति दर्ज करने में कहीं से पीछे नहीं है। इसका बेहतरीन उदाहरण है कि आज मिलने वाले 79 गोल्ड मैडल में आधे से अधिक लड़कियां हैं।

ॐ सरस्वती मया दृष्ट्वा, वीणा पुस्तक धारणीम। हंस वाहिनी समायुक्ता मां विद्या दान करोतु में ॐ।।

सरस्वती पूजा आज

हाई कोर्ट ने नगर निगम व सरकार से मांगा जवाब, पूछा
रांची में कितने तालाब थे अभी उनकी क्या स्थिति है

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में रांची के विभिन्न जलाशयों एवं तालाबों के अतिक्रमण से संबंधित मामले की सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के न्यायधीश जस्टिस डॉ रविरंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने रांची नगर निगम और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने निगम से पूछा कि रांची में कितने तालाब थे और अभी उनकी क्या स्थिति है। कांके डैम और धुर्वा डैम में अतिक्रमण की स्थिति क्या है। वहीं कोर्ट ने जियोलोजीकल सर्वे ऑफ इंडिया के निदेशक को अगली सुनवाई के दौरान उपस्थित होने का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि रांची के बड़ा तालाब एवं जिले के आसपास के जलस्त्रोतों को संरक्षित करने एवं इसमें हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर की गयी यहै, जिसमें कहा गया है कि बड़ा तालाब, कांके डैम एवं धुर्वा डैम की सैकड़ों एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों के द्वारा हड़प ली गयी है।

रांची समेत पांच जिलों में 15 के बाद खुलेंगे स्कूल

रांची। झारखंड में 15 फरवरी के बाद उन सात जिलों में भी पहली से आठवीं तक के लिए स्कूल खुल सकते हैं, जहां फिलहाल कक्षा नौ से बारह के लिए ही स्कूल खोलने की अनुमति मिली है। इन सात जिलों में से पांच जिलों में संक्रमण दर अब पांच प्रतिशत से भी कम हो गई है। साथ ही यहां एक्टिव केस की संख्या में भी काफी कमी आई है। इनमें रांची, चतरा, सरायकेला खरसावां, देवघर तथा बोकारो शामिल हैं। सिर्फ सिमडेगा और पूर्वी सिंहभूम में ही यह दर पांच प्रतिशत से अधिक है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 27 जनवरी से दो फरवरी के सप्ताह में संक्रमण दर का जो आंकड़ा जारी किया है उसमें यह पुष्टि हुई है। इसके अनुसार, अब राज्य के किसी भी जिले में दस प्रतिशत से अधिक संक्रमण दर नहीं है।

दरअसल, झारखंड आपदा प्रबंधन प्राधिकार ने स्कूलों को खोलने को लेकर निर्णय साप्ताहिक संक्रमण दर के अलावा एक्टिव केस की संख्या के आधार पर लिया। 31 जनवरी को सात जिलों में या तो संक्रमण दर पांच प्रतिशत से अधिक थी या वहां एक्टिव केस 200 से अधिक थे। अब जहां सिमडेगा में संक्रमण दर 6.75 तथा पूर्वी सिंहभूम में 5.75 प्रतिशत है, वहीं रांची और पूर्वी सिंहभूम में एक्टिव केस की संख्या 200 से अधिक है। ऐसे में इन तीन जिलों में ही सभी कक्षाओं को खोलने से पहले विचार करना होगा। अन्य चार जिले चतरा, सरायकेला खरसावां, देवघर तथा बोकारो ने स्कूलों को खोलने का मानक लगभग पूरा कर लिया है।

झारखंड के लिए राहत की बात

देश में कोरोना का संक्रमण कम होने के बाद भी 297 जिले ऐसे हैं, जहां संक्रमण दर 10 प्रतिशत से अधिक है। अच्छी बात यह है कि इनमें झारखंड का एक भी जिला नहीं है। तीसरी लहर में ही एक समय राज्य के आठ जिलों में संक्रमण दर 10 प्रतिशत से अधिक हो गई थी। वहीं, वर्तमान में देश के 169 जिलों में संक्रमण दर पांच से 10 प्रतिशत के बीच है। इनमें झारखंड के तीन जिले सिमडेगा, गोड्डा तथा पूर्वी सिंहभूम शामिल हैं।

ओवैसी ने जेड श्रेणी की सुरक्षा लेने से किया इनकार

नयी दिल्ली। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि सरकार से नफरत को खत्म कर मोहब्बत कायम करने की अपील करते हुए जेड श्रेणी की सुरक्षा लेने से इनकार कर दिया। ओवैसी ने शुक्रवार को लोकसभा में उन पर हुए हमले का ज़िक्र करते हुए कहा कि दक्षिणपंथी उग्रता से देश और समाज को नुकसान होगा इसलिए इसे सरकार को रोकने के लिए सख़्त कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बहुत हैरत की बात है कि ये कौन लोग है जो बाबा साहब अम्बेडकर के संविधान पर भरोसा नहीं करके गोलियों पर भरोसा करते हैं।

कानून मंत्री ने कहा- आम आदमी को कैसे मिलेगा न्याय?
वकीलों की फीस हवा-हवाई

नई दिल्ली: लोकसभा में शुक्रवार को कुछ वकीलों की मोटी फीस का मसला उठा। कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने पूछा कि जब वकील हवा-हवाई फीस वसूलेंगे तो आम आदमी को न्याय कैसे मिलेगा। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने इस सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने मध्यस्थता विधेयक, 2021 राज्यसभा में पेश किया था। इस पर संसदीय समिति विचार कर रही है। इसका मकसद मध्यस्थता के वैकल्पिक विवाद निपटारा तंत्र के जरिये न्यायालय प्रणालियों से बाहर विवादों का त्वरित निपटान और पक्षकारों की ओर से मुकदमापूर्व मध्यस्थता सुविधा प्रदान करना है। लोकसभा में सुनील कुमार सिंह, प्रद्युत और कुछ अन्य सदस्यों के पूरक प्रश्नों के उत्तर में कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ वकीलों के अधिक फीस लिए जाने को लेकर कोई सीमा तय करना या इसका नियमन करना कठिन है। लेकिन, इस बात को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि अच्छे वकील जरूरतमंदों के मुकदमों को न्यूनतम शुल्क के आधार पर लें।

चीन से सटी सीमा पर तैनाती की तैयारी
200 तोपे खरीदेगी भारतीय सेना

नयी दिल्ली। लद्दाख सेक्टर में के-9 वज्र हॉवित्जर की सफलतापूर्वक तैनाती और परीक्षण करने के बाद अब भारतीय सेना इन्हें चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर मध्य और पूर्वी सेक्टर में अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में तैनात करने की तैयारी कर रही है। सेना ने पिछले साल मार्च-अप्रैल के दौरान लद्दाख में इन तोपों की तैनाती की थी। यहां ऐसे इलाकों में इन्हें काफी प्रभावी पाया गया है जहां पर ये तेजी से आगे बढ़ सकती हैं और अग्रिम मोर्चे के क्षेत्रों में जल्दी पहुंच सकती हैं।

समाचार एजेंसी एएनआई की एक रिपोर्ट के अनुसार सरकारी सूत्रों ने कहा कि इन तोपों के परीक्षण पूरी तरह सफल रहे हैं और अब ऐसी 200 और होवित्जर की खरीद करने की योजना है। इन्हें उत्तराखंड समेत मध्य सेक्टर और सिक्किम व अरुणाचल प्रदेश समेत पूर्वी सेक्टर में ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। इन्हें वहां पर तैनात किया जाएगा जहां बख्तरबंद वाहन तेजी से चलाए जा सकते हैं। होवित्जर ऐसे इलाकों में सेना की जरूरतें पूरी करने वाली हैं।

अत्यधिक भीषण ठंड की परिस्थितियों में होवित्जर तोपों को संचालित करने के लिए लद्दाख में रेजिमेंटों में विशेष टेंट और केंद्र बनाए गए हैं। इस सेल्फ प्रोपेल्ड तोप की मारक क्षमता 38 किलोमीटर है। लेकिन, ये पूर्वी लद्दाख में 16,000 फीट की ऊंचाई तक के पहाड़ों में 50 किलोमीटर की दूरी पर लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बना रही हैं। पूर्वी लद्दाख चीन के साथ लंबे समय से चल रहे सीमा विवाद के बीच भारतीय सेना को इन तोपों ने महत्वपूर्ण क्षमता प्रदान की है।

बहुआयामी युद्ध लड़ने की क्षमता भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने शुक्रवार को कहा कि हमें क्लासिक युद्ध और शांति स्वभाव को त्यागने और अंतर-एजेंसी सामंजस्य बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, असल में, राज्य के सभी अंगों के लिए राष्ट्रीय उद्देश्य की दिशा में एक साथ काम करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता, पिछले वर्ष की मुख्य उपलब्धि रही है। उन्होंने कहा कि एक बहुआयामी युद्ध लड़ने के लिए क्षमताएं हासिल करने के लिए सेना आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में है। इसमें भविष्य की चुनौतियों और विवादों को भी ध्यान में रखा जा रहा है। सशस्त्र संघर्ष की ओर बढ़ने से रोकने के लिए सेना एक विश्वसनीय और संतुलित बल मुद्रा का निर्माण कर रही है। उन्होंने सोशल मीडिया को संबोधित करने पर भी जोर दिया।

पहल मुख्यमंत्री के समक्ष 'पोस्ट काड्र्स फ्रॉम झारखंड' डॉक्यूमेंट्री का नेशनल ज्योग्राफिक ने दिया प्रेजेंटेशन
झारखंड पर्यटन पर डॉक्यूमेंट्री बना रही है नेशनल ज्योग्राफिक

रांची। झारखंड में पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक संभावनाएं हैं। खान और खनिज के अलावा यहां के लोगों खासकर आदिवासियों और उनकी परंपरा, रीति -रिवाज, कला- संस्कृति, खानपान और रहन-सहन के साथ प्राकृतिक सौंदर्य, प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर, पुरातात्विक अवशेष, हेरिटेज, मेगालिथ, अध्यात्म और एडवेंचरस स्पोर्ट्स आदि के क्षेत्र में काफी समृद्ध है। इसे अलग पहचान देने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है, ताकि देश -दुनिया के सामने समग्र झारखंड को पेश किया जा सके। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को नेशनल ज्योग्राफिक के प्रतिनिधियों से कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें नेशनल ज्योग्राफिक का अहम योगदान हो सकता है। इससे झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा के साथ-साथ इससे जुड़ी अहम जानकारियां सामने आएंगी और लोगों का ज्ञानवर्धन होगा।

झारखंड पर बनेगी डॉक्यूमेंट्री, चार अलग-अलग फिल्में होंगी

नेशनल ज्योग्राफिक के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनके द्वारा झारखंड पर डॉक्यूमेंट्री बनाई जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष पोस्ट काड्र्स फ्रॉम झारखंड के नाम से बनने वाली डॉक्यूमेंट्री का प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि इस डॉक्यूमेंट्री में चार अलग- अलग फिल्में होंगी। पहली फिल्म में बेतला- मैक्लुस्कीगंज- नेतरहाट और आसपास के क्षेत्र, दूसरी फिल्म गिरिडीह- देवघर -मलूटी और आसपास के क्षेत्र,तीसरी फिल्म में जमशेदपुर- खूंटी और सरायकेला और आसपास के क्षेत्र तथा चौथी फिल्म रांची -हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों में अवस्थित पर्यटक स्थलों पर आधारित होगी। हर फिल्म अपने आप में पूरी फिल्म होगी।

सरकार करेगी पूरा सहयोग : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड पर नेशनल ज्योग्राफिक द्वारा बनाई जानेवाली डॉक्यूमेंट्री में सरकार पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने नेशनल ज्योग्राफिक के प्रतिनिधियों को अपने कुछ सुझाव भी दिए। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि वे झारखंड पर्यटन पर कॉफी टेबल बुक भी तैयार करें, ताकि इसके माध्यम से झारखंड पर्यटन से जुड़ी जानकारी लोगों से साझा की जा सके।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के निदेशक राजीव लोचन बक्सी तथा नेशनल ज्योग्राफिक के प्रतिनिधि मौजूद थे।

आलू-प्याज की बढ़ी कीमतों पर केन्द्र सरकार ने कहा
मौसम से तय होते हैं दाम

नयी दिल्ली। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए राज्य मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि टमाटर, प्याज और आलू की उपज की कीमतों में उतार-चढ़ाव मौसमी परिस्थितियों समेत अन्य कई कारकों पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि इन कारकों में इन उपजों का गैर पारंपरिक इलाकों से आना, फसल बुवाई के तरीके में मौसम के अनुसार बदलाव, अगले रबी या खरीफ मौसम से फसल की जल्दी आवक और पिछले सीजन की फसल के अवशेष आदि शामिल हैं।

संसद में चल रहे बजट सत्र के दौरान मंत्री ने कहा कि मंत्रालय ऑपरेशन ग्रीन्स (ओजी) के अल्पकालिक हस्तक्षेप के तहत फसल के मौसम में अधिसूचित फलों और सब्जियों के लिए परिवहन और भंडारण में 50 फीसदी सब्सिडी देता है। इससे किसानों के साथट-साथ उपभोक्ताओं के लिए भी कीमतों में स्थिरता लाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि टमाटर, प्याज और आलू की वर्तमान कीमतों पर निगरानी के लिए मंत्रालय मार्केट इंटेलिजेंस एंड अर्ली वार्निंग सिस्टम पोर्टल की देखरेख भी कर रहा है। यह काम नाफेड के जरिए किया जा रहा है।

22 महीने बाद खुले 1 से 5 तक के स्कूल

पहले दिन उपस्थिति रही कम

रांची। कोरोना संक्रमण के कारण करीब 22 महीनों से बंद स्कूलों के ताले आज खुल गए। सरकार की अनुमति के बाद राज्य के स्कूलों में ऑफलाइन क्लासेस शुरू हो गए हैं। हालांकि, रांची समेत 7 जिलों में 9वीं से 12वीं तक ऑफलाइन क्लासेस शुरू करने की अनुमति दी गई है। जबकि राज्य के बाकी 17 जिलों में पहली से 12वीं तक की कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। कोविड-19 प्रोटोकॉल का ध्यान में रखते हुए आज से ऑफलाइन क्लासेस शुरू की गई है। 6 से ऊपर के क्लासों के लिए कुछ दिनों के लिए स्कूल खोला गया था। लेकिन कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए गत जनवरी में सभी शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया था। जबकि लगभग 22 महीने से पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं पूरी तरह ठप थी। हालांकि राज्य सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देश के बाद आज से राज्य के 17 जिलों में पहली से लेकर 12वीं तक के बच्चों के लिए स्कूल ओपन कर दिया गया है। वहीं रांची समेत सात जिलों में 9वीं से लेकर 12वीं तक के बच्चों के लिए स्कूल खोला गया है। स्कूल संचालन के दौरान कोरोना प्रोटोकॉल का ध्यान रखा जा रहा है। इसे लेकर आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से एक गाइडलाइन भी जारी किया गया है। जिसका हर हाल में स्कूलों को पालन करना होगा। स्कूलों में आज सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखते हुए, मास्क और सेनेटाइजेशन का इस्तेमाल करने के बाद स्कूलों में प्रवेश की अनुमति दी गई। आपदा प्रबंधन विभाग के आदेश के अनुसार ऑफलाइन क्लास में उपस्थिति को स्कूलों के लिए वैकल्पिक रखा गया है। स्कूलों में उपस्थिति के लिए ऑफलाइन क्लास अनिवार्य नहीं है। स्कूलों में सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम पर रोक है। जो बच्चे अभिभावक से अनुमति लेकर स्कूल पहुंच रहे हैं। उन्हें स्कूलों में एंट्री दी गई। समय-समय पर शिक्षकों और छात्रों का भी जिला प्रशासन के द्वारा स्कूल कैंपस में ही कोविड टेस्ट करवाया जाएगा।

आजसू : छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष का स्वागत

रांची। आजसू छात्र संघ डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयोजक अभिषेक झा के नेतृत्व में नवनियुक्त विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष अनिल कुमार जी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर आजसू के प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज वर्मा ने अनिल कुमार सर का स्वागत करते हुए कहा कि अनिल कुमार सर बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं और उनका व्यक्तित्व बहुत ही अच्छा है साथ ही आदरणीय अनिल सर कई वर्षों से विश्वविद्यालय में कार्य कर रहे हैं इससे पहले इतिहास विभाग के हेड ऑफ डिपार्टमेंट भी रह चुके हैं, जिसका पूरा लाभ विश्वविद्यालय को मिलेगा क्योंकि अनिल सर उस विश्वविद्यालय एवं यहां पर छात्र-छात्राओं की मूलभूत सुविधाओं से वाकिफ हैं।

झारखंड में अबतक 96 प्रतिशत वयस्कों को पहली डोज का टीका

7 जिलों में शत-प्रतिशत आबादी को पहली डोज

संवाददाता

रांची। झारखंड के सात जिलों ने वयस्कों के पहली डोज के शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य पूरा कर लिया है। इनमें बोकारो, दुमका, पूर्वी सिंहभूम, गुमला, खूंटी, लातेहार तथा पश्चिम सिंहभूम शामिल हैं।

पूरे झारखंड में अबतक 96 प्रतिशत वयस्कों को पहली डोज का टीका लग चुका है। जिन जिलों में वयस्कों के पहली डोज के शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य पूरा कर लिया है, वहां अभी भी इस डोज का टीकाकरण हो रहा है, क्योंकि सभी जिलों के लिए लक्ष्य अनुमानित आबादी के आधार पर तय किए गए थे। इसके बाद भी जो लोग बचे हैं, उन्हें भी टीका लगाया जा रहा है।

दूसरी डोज के टीकाकरण में पूर्वी सिंहभूम तथा खूंटी की रफ्तार राष्ट्रीय औसत के बराबर है, क्योंकि दोनों जिलों में क्रमशः 78 तथा 76 प्रतिशत वयस्कों को टीके की दोनों डोज लग चुकी है। पूरे झारखंड में 61 प्रतिशत वयस्कों को दोनों डोज का टीका लग चुका है। वयस्कों के पहली डोज के टीकाकरण में रांची, धनबाद और हजारीबाग पीछे है, जहां अभी तक 90 प्रतिशत लक्ष्य हासिल नहीं हुआ है। अन्य सभी जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक वयस्कों को पहली डोज का टीका लग चुका है।

तीन जनवरी से टीकाकरण शुरू होने के बाद से लेकर अभी तक लगभग एक माह में ही 44 प्रतिशत किशोरों को पहली डोज का टीका लग चुका है। किशोरों का दूसरी डोज का भी टीकाकरण शुरू हो चुका है और अभी तक 11 हजार से अधिक किशोरों को दूसरी डोज भी लग चुकी है।

झारखंड में अभी तक 3,48,89,388 डोज का टीकाकरण हो चुका है। सात जिलों ने यदि पहली डोज के शत-प्रतिशत का टीकाकरण के लक्ष्य को पूरा कर लिया है वहीं, अन्य जिले शीघ्र ही इस ऊंचाई के नजदीक हैं। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के अनुसार, यह सब स्वास्थ्य कर्मियों खासकर एएनएम, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका की मेहनत से संभव हुआ है।

सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अबुआ राज की सत्ता : झामुमो

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य गठन के 22 साल में झारखंड में कई राजनीतिक उतार-चढ़ाव आए। पिछले दो वर्षों में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अबुआ राज की सत्ता झारखंड में है। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु ने नारा दिया था कि ह्यकैसे लोगे झारखंड, तब 1.5 करोड़ लोगों ने कहा था कि लड़ कर लेंगे झारखंड। आज 3.25 करोड़ लोगों से हेमंत सोरेन पूछते हैं कि कैसा होगा झारखंड, तो नारा लगता है, मिलकर गढ़ेंगे झारखंड।

भट्टाचार्य शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राज्यवासियों को बधाई देते हुए कहा कि धनबाद से पहचान और सम्मान की जो यात्रा शुरू हुई थी, उसका आज स्वर्ण जयंती दिवस है। धनबाद में चार फरवरी 1972 में गठित हुए झामुमो का आज 50वां साल है।

इस अवसर पर उन्होंने पूर्ववर्ती रघुवर सरकार द्वारा किये गये टॉफी और मिठाई घोटाले पर एसीबी जांच के निर्देश का स्वागत किया। उन्होंने पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग कर दी कि सरकार भाजपा सरकार में हुए सारे कामों के तथ्यों की जांच कराएं। साथ ही आइपीआरडी के जो दावे हैं, उसका भौतिक सत्यापन करवाएं। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2019 के पहले पांच वर्ष भाजपा की सरकार सत्ता में थी। इस दौरान यहां की मूल भावना झारखंडी पहचानह्व के साथ खिलवाड़ की गयी। पांचवीं अनुसूची, सीएनटी-एसपीटी एक्ट, ग्राम सभा, मानकी-मुंडा आदि सामाजिक व्यवस्था और सांस्कृतिक विरासतों पर लगातार प्रहार किया गया। संसाधनों की खुलेआम लूट हुई। फर्जी टॉफी, टी-शर्ट बांटना, चूहे से डैम खुदवाना, फर्जी नौकरी के आंकड़े जारी करवाना आदि काम हुए। आज वही पूर्व मुख्यमंत्री कहते हैं कि उन्होंने पारदर्शी तरीके से सरकार चलायी। उन्होंने कहा कि दरअसल डबल इंजन की सरकार वैसी सरकार थी, जो पूरी तरह से बॉगीलेस थी। इसके अलावा उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला किया।

संक्षिप्त

भारतीय जन औषधि केंद्र का स्टोर कोड

रांची। रिम्स अस्पताल के निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद की पहल के बाद भारतीय जन औषधि केंद्र का स्टोर कोड प्राप्त हुआ। यह जानकारी रिम्स के प्रवक्ता डॉ डीके सिन्हा ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि रिम्स स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का संचालन के लिए रिम्स के द्वारा निविदा के माध्यम से मेसर्स विंध्या मेडिको का चयन किया गया था। संचालन के लिए आदेश निर्गत किया गया था लेकिन नया स्टोर कोड नहीं मिलने के कारण उपलब्ध पुराने स्टॉक के साथ दुकान का संचालन किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि नया स्टोर कोड मिलने के बाद नई दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाएगी।

अमेजन पर सुपर वैल्यू डेज सेल शुरू

रांची। अमेजन डॉट इन पर नये आफर्स के साथ सुपर वैल्यू डेज सेल की शुरूआत हो गयी है। इस नये आफर्स में ग्राहकों को किराना, घरेलू आवश्यक वस्तुओं, पैक्ड फूड, पर्सनल केयर और बच्चों और पालतू जानवरों की देखभाल उत्पादों पर 45 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। सुपर वैल्यू डेज 07 फरवरी, 2022 तक चलेगी, जहां ग्रोसरी डील्स 1 रुपए से शुरू होगी और प्राइम मेंबर्स के लिए डिलीवरी मुफ्त होगी।

बालू खनन के 2235 मामले दर्ज

रांची। झारखंड में अवैध बालू उत्खनन जोर शोर से चल रहा है। तीन वर्षों में झारखंड में बालू के अवैध उत्खनन के 2235 मामले सामने आये हैं। सबसे अधिक गोड्डा जिले में 322 मामले दर्ज किये गये हैं, जबकि बालू के अवैध उत्खनन मामले में गिरिडीह दूसरे नंबर पर है। यहां 281 मामले सामने आये हैं। इसके अलावा खूंटी में 112, लोहरदगा से चार, गुमला से 91, सिमडेगा से आठ, हजारीबाग में पांच,रामगढ़ में 40, चतरा में 20, कोडरमा में 209, धनबाद में 74, बोकारो में 233, गिरिडीह में 281, दुमका में तीन, जामताड़ा में 99, गोड्डा में 322, पाकुड़ में 35, साहेबगंज में 29, देवघर में 270, चाईबासा में 152, जमशेदपुर में 36, सरायकेला में 16, गढ़वा में 113, पलामू में 62, लातेहार में 21 मामले दर्ज किये गये हैं।

खनिज तस्करी की जांच सीबीआई से हो : बाबूलाल

रांची। भारतीय जनता पार्टी विधायक दल के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी ने प्रदेश मुख्यालय पर एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि धनबाद के निरसा में अवैध उत्खनन से हुए हादसे को प्रशासन लीपापोती में जुटी हैं। प्रशासन के संरक्षण में खुलेआम कोयले की लूट मची हैं।

उन्होंने कहा कि गोपिनाथपुर, कापासरा और दहीबाड़ा खदान का निरीक्षण किया, उसमें स्पष्ट दिखता है कि कैसे संगठित रूप में कोयले का अवैध उत्खनन और तस्करी होती है। उन्होंने कहा कि धनबाद के खदानों में जाकर देखने और स्थानीय लोगो से जो जानकारी मिली है उससे स्पष्ट है कि झारखंड में कोयले की अवैध लूट मची है। उन्होंने कहा कि राज्य में लूटेरों की सरकार है। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से चल रहे अवैध उत्खनन एवं चाल धंसने और मौत की आंकड़ा को छुपाने की स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के बीच जांच कमिटी से निष्पक्षता की उम्मीद नहीं की जा सकती।

उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि इस लूट की घटना की जांच सीबीआई से करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचेत स्थित दहीबाड़ी खदान हादसे में पुलिस किसी की भी मौत से इनकार करती है लेकिन एक मृतका का पति हमारे सामने आकर बताया कि मंगलवार की सुबह 6:30 बजे हुए हादसे में उसकी पत्नी की मौत हो गई।

उन्होंने कहा कि पुलिस अबतक कुल 5 मौत की बात कहती है अब उसे कम से कम 1 संख्या उसमें जोड़ लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लूट को रोकने के लिए सरकार विफल है और जो उसमे सुरक्षा कर्मी, पुलिसकर्मी शामिल है उनके ऊपर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाई करे, तब जाकर ये लोग बात देंगे कि कौन कौन लोग इसमें शामिल है।

अपने समृद्ध वाइल्डलाइफ से पर्यटकों को मोहेगा झारखण्ड

पर्यटकों के लिए जंगल में लगेगा कैंप

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखण्ड राज्य वन्यजीव बोर्ड की 14वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कई राज्य अपने जंगल और वन्यजीव को लेकर कार्य कर रहे हैं। वन विभाग उस मॉडल को झारखण्ड में अपनाएं। बेहतर सुविधा देंगे, तो लोग अवश्य यहां आएंगे। मुख्यमंत्री ने पलामू टाइगर रिजर्व, लावालौंग वन्यप्राणी आश्रयणी, गौतम बुद्ध वन्यप्राणी आश्रयणी समेत वनभूमि से होकर गुजरने वाली सड़कों के चौड़ीकरण, पुल निर्माण में आ रही अड़चनों को जल्द दूर करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्यजीव पर्यावरण और पर्यटन के एक अभिन्न अंग हैं। झारखण्ड प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण है। असीमित वन आवरण है और यह विविध वनस्पतियों और जीवों से संपन्न है। उन्होंने कहा कि राज्य में कई अभ्यारण्य, राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभ्यारण्य हैं, जिनका उपयोग पर्यावरण-पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाएगा। मालूम हो कि पर्यटन नीति के तहत वाइल्डलाइफ के जरिये पर्यटकों को आकर्षित कर झारखण्ड को विश्व पटल पर लाने के लक्ष्य के साथ सरकार कार्य कर रही है।

पर्यटन नीति के तहत लगेगा शिविर

वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 और वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के प्रावधानों के अनुपालन में पर्यावरण के अनुकूल विभिन्न उपयुक्त स्थानों पर शिविर लगाने का प्रावधान पर्यटन नीति के तहत किया गया है। इसके लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा। पर्यटन विभाग पर्यटकों के लिए वन्यजीव पार्कों-चिड़ियाघरों, बर्ड वाच टावर और अन्य उपयोगी सेवाओं के विकास और सुधार के लिए वन और पर्यावरण विभाग के साथ कार्य करेगा। वन्यजीव अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान पर्यटन के अभिन्न अंग के रूप में एकीकृत होंगे।

फॉसिल पार्क का हो रहा निर्माण

साहेबगंज में फॉसिल पार्क निमार्णाधीन है। 95 प्रतिशत निर्माण पूर्ण हो चुका है। इसके निर्माण के बाद पर्यटक सैकड़ों वर्ष पूर्व के जीवाश्म देख सकेंगे। मुख्यमंत्री ने इसके निर्माण को लेकर विशेष निर्देश वन विभाग को दिया है। वन विभाग राजमहल की पहाड़ियों समेत अन्य स्थानों पर फॉसिल पार्क की संभावनाओं को तलाश रहा है।

सुरेश सरावगी श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष निर्वाचित

रांची। शहर की 50 वर्ष पुरानी सामाजिक संस्था तथा धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल की साधारण सभा की बैठक में सुरेश सरावगी को अध्यक्ष पद तथा विश्वनाथ नारसरिया को महामंत्री पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। ज्ञातव्य है कि श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर तथा राजस्थान स्थित खाटूधाम में विश्राम भवन का संचालन किया जाता है। श्याम मित्र मंडल रांची की कार्यकारिणी समिति का गठन आज कर दिया गया जो इस प्रकार है रू अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया तथा प्रदीप राजगढ़िया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा तथा गौरव अग्रवाल (मोनू) उपमंत्री अनिल नारनोली तथा आदित्य लोहिया एवं कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल गाड़ोदिया बनाए गए हैं। राजीव मित्तल (सीए) मनोहर केडिया, गोपाल मुरारका, राजेश कटारुका, आलोक सरावगी, आनंद शर्मा, राजकुमार टिबड़ेवाल (पप्पू), स्नेह पोद्दार, रतन शर्मा, राजेश चौधरी एवं संजय सराफ, कार्यकारिणी समिति के सदस्य बनाए गए हैं। नई कार्यकारिणी समिति ने 15 जनवरी को पदभार ग्रहण कर लिया है। बसंत पंचमी के पूर्व संध्या पर आज कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया।

लोकसभा में जवाब. झारखंड में स्वरोजगार को बढ़ावा दे रहा उद्यम मंत्रालय

383 आर्टिजंस को मिला प्रशिक्षण

रांची। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राने ने शुक्रवार को लोकसभा में रांची के सांसद संजय सेठ के सवाल का जवाब दिया। सेठ ने लोकसभा में यह जानना चाहा था कि रांची लोकसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के द्वारा कितनी पर योजनाओं का संचालन किया गया है। कितने लोगों को इसका लाभ मिला है और इसे प्रोत्साहित करने के लिए सरकार के द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं। सेठ ने झारखंड में चल रही परियोजनाएं, संस्थानों एवं उससे लाभान्वित हुए लोगों की संख्या भी सरकार से मांगी थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रांची सहित पूरे झारखंड में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के द्वारा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, स्फूर्ति, खादी विकास योजना, ग्राम उद्योग विकास योजना सहित कई कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है ताकि स्वरोजगार के क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को प्रोत्साहन मिल सके। मंत्री ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के द्वारा झारखंड में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग सहित कई अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से स्वरोजगार का सृजन किया जा रहा है।

वर्तमान समय में प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत रांची में बीते एक दशक में 2141 प्रोजेक्ट पर काम हुए, जिसमें 4697 लाख रुपये खर्च हुआ। इस परियोजना के माध्यम से 17128 लोगों को स्वरोजगार दिया गया है। 2018-19 में कुंभार सशक्तिकरण प्रोग्राम चलाया गया, जिसके माध्यम से 20 कुंभकारों को प्रशिक्षण दिया गया और अब वह इसका लाभ उठा रहे हैं। मधु मिशन के माध्यम से भी 25 मधुमक्खी पालको को प्रशिक्षण देकर उन्हें इसका लाभ दिया गया और आज वह भी मधुमक्खी पालन करके अपना रोजगार चला रहे हैं। रांची में ही अनगड़ा में इमली प्रसंस्करण उद्योग को लेकर छह स्वयं सहायता समूह से जुड़े 60 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया और उन्हें इसके लिए तैयार किया गया।

इसके अतिरिक्त खादी से जुड़े 383 आर्टिजंस को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए तैयार किया गया। केंद्रीय मंत्री ने सदन में बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत जनवरी 2022 तक झारखंड के आकांक्षी जिलों सहित सभी जिलों में 21287 प्रोजेक्ट का संचालन किया गया, जिसमें लगभग 410 करोड रुपए खर्च हुए। पीतल तांबा कलस्टर हजारीबाग में 832 लोगों को प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव अभी लंबित है। इस पर शीघ्र ही कार्य होगा। इसके अतिरिक्त सियेकी स्कीम के तहत 87 लोग लाभान्वित हुए हैं। खादी संस्थानों के माध्यम से 3376 निबंधित आर्टिजंस को लाभ दिया गया। इसके अतिरिक्त 906 ऐसे ग्रामीण एवं नागरिकों को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार करने का काम किया गया है। इसके अलावा उन्होंने कई तरह की अन्य जानकारी भी दी।

एक नजर

राज्यपाल ने लगवाया कोरोना वैक्सीन का बूस्टर डोज

रांची। झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस ने शुक्रवार को कोरोना वैक्सीन का बूस्टर डोज लगवाया। शुक्रवार को रांची सदर अस्पताल की टीम राजभवन पहुंची और उन्हें कोरोना वैक्सीन का बूस्टर डोज लगाया।

60 लाख नौकरियां देने की शुरुआत सिंहभूम क्षेत्र से हो : गीता कोड़ा

रांची। झारखंड में सिंहभूम संसदीय क्षेत्र की सांसद गीता कोड़ा ने शुक्रवार को बेरोजगारों और पलायन का मुद्दा उठाते हुए यह मांग की कि केंद्र सरकार ने बजट भाषण में इस वर्ष 60 लाख नौकरियां देने की घोषणा की। ऐसे में इस योजना की शुरूआत सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से किया जाना चाहिए। सांसद गीता कोड़ा ने संसद में बताया कि सिंहभूम क्षेत्र में कई आयरन ओर माइंस संचालित थे लेकिन बाद में सभी बंद हो गए। इसमें से मात्र तीन-चार आयरन ओर माइंस ही चल रहे हैं, जिसमें सेल कम्पनी की चार कंपनी गुवा लोह अयस्यक खान, किरीबुरू लौह अयस्क खान, मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खान और मनोहरपुर चिरिया लौह अयस्क खान शामिल हैं। इन सभी में 4000 से अधिक स्वीकृत पद खाली है. जबकि स्थायी पदों पर कार्य करने वाले कर्मियों की संख्या महज 1202 है, बाकी सभी पदों पर कर्मचारी संविदा और ठेका मजदूरी के आधार पर ही कार्य कर रहे हैं। सांसद ने संसद में कहा कि सरकार माइंस कंपनी में रिक्त पदों पर नियुक्तियां निकालकर स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर नियुक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस कदम से शिक्षित युवा वर्ग बेरोजगारी की वजह से झारखंड से पलायन को विवश नहीं होंगे।

अपर बाजार की दुकानों को सील नहीं करें

रांची। मोराबादी के दुकानदारों को फिर से बसाने की मांग की गयी है। भारतीय कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर यह मांग की है। उन्होंने कहा कि मोराबादी में जितनी भी दुकानें लगती हैं लगभग 300 परिवारों का पालन पोषण होता है। मोरहाबादी में दुकाने नहीं लगने के कारण कई परिवारों की हालत खराब है। ऐसे में लोगों को दुकान लगाने की इजाजत सरकार को देनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से मोराबादी के दुकानदारों को फिर से बसाने की मांग की है। गुलाम मुस्तफा ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें, लेकिन जो रोजाना कमाने खाने वाले हैं ऐसे लोगों पर जुल्म न करें। किसी और की सजा इन दुकानदारों को नहीं दिया जाए।

भ्रष्टाचार की शिकायतों पर राज्यपाल गंभीर

रांची। राजभवन भ्रष्टाचार की मिल रही शिकायतों पर गंभीर है। राज्यपाल रमेश बैस राजभवन को मिल रही शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनपर रिपोर्ट तलब कर रहे हैं। ताजा मामलों में उन्हें सरकारी पदाधिकारियों के विरुद्ध जांच के लंबित मामलों को लेकर झारखंड सरकार से रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने उन पदाधिकारियों की सूची देने को कहा है, जिनके विरुद्ध एसीबी या अन्य जांच एजेंसियों के पास जांच के मामले लंबित हैं। उन्होंने इसका कारण भी बताने को कहा है। राज्यपाल रमेश बैस को विभिन्न संगठनों ने ज्ञापन सौंपकर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में जांच के कई मामले लंबित होने की शिकायत की थी। साथ ही भ्रष्टाचार के मामले में वर्षों तक सरकारी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होने की जानकारी दी गई थी। इसपर संज्ञान लेते हुए उन्होंने यह कार्रवाई की। इधर, राज्यपाल ने जेपीएससी की सातवीं सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायतों पर भी आयोग को जवाब देने को कहा है। उन्होंने कहा है कि राजभवन को मिले जितने ज्ञापन आयोग को भेजे गए हैं उन सभी पर स्पष्ट जवाब दिया जाए। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल रमेश बैस इस मामले में पूर्व में भी जेपीएससी के अध्यक्ष को राजभवन बुलाकर जानकारी ले चुके हैं। इधर, राजभवन को एक शिकायत डायन बिसाही मामले में निर्दोष लोगों की लगातार हो रही हत्या की भी शिकायत मिली है। बताया जाता है कि राज्यपाल ने इसपर भी झारखंड सरकार से रिपोर्ट मांगने के निर्देश राजभवन के पदाधिकारियों को दिए हैं।

माकपा-भाकपा ने केन्द्रीय बजट की प्रतियां जलायीं

रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की रांची शहर कमिटी ने भाजपानीत मोदी सरकार के कार्पोरेट परस्त गरीब विरोधी बजट के खिलाफ शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन किया और बजट की प्रतियां जलाई। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए माकपा राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि यह बजट अमीरों को मलाई खिलाने वाला और गरीबों को भूख की ओर धकेलने वाला मेहनतकश - किसान विरोधी बजट है। माकपा जिला सचिव सुखनाथ लोहरा ने कहा कि मोदी सरकार के बजट मे एक ओर कार्पोरेट घरानों को टैक्सों मे भारी छूट दी गयी है। दूसरी ओर किसानों - मजदूरों और जनता के अन्य हिस्सों को कोई राहत नहीं दिया है बल्कि निजीकरण और राष्ट्रीय संपदा का मेगासेल लगा कर हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान को दांव पर लगाते हुए बेरोजगारी और आर्थिक असमानता को ही बढाने का काम किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माकपा के नगर सचिव एस. के. राय ने कहा कि मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ और इस विनाशकारी बजट के खिलाफ आगामी 28 - 29 मार्च को मजदूर संगठनों द्वारा देशव्यापी हड़ताल की जायेगी जिसका किसान संगठनों ने भी समर्थन किया है। विरोध प्रदर्शन में माकपा के समीर दास, प्रफुल्ल लिंडा, विरेन्द्र कुमार, वीणा लिंडा, प्रकाश टोप्पो, बेंजामिन कुजूर, अनिर्वान बोस, भंजो हरि, रामदेव टोप्पो और भाकपा के मनोज ठाकुर और विरेंद्र विश्वकर्मा आदि शामिल थे।

सरस्वती पूजा के पूर्व संध्या पर संगोष्ठी

रांची। आज भोजपुरी युवा विकास मंच एवं डांस वांस संस्था ने मिलकर नाट्यालय में सरस्वती पूजा के पूर्व संध्या पर कलाकारों के विकास एंव उनके हक के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कलाकारों ने सरकार से मांग कि उन्हें भाषाओं में ना बाटे क्योंकि कलाकार कि कोई भाषा नहीं होती है वो सिर्फ. कला की भाषा जानता है। जो सम्मान बॉलीवुड कलाकारों को झारखंड में प्राप्त है वही सम्मान हमें अपने राज्य में मिले। इस अवसर पर दिवंगत मसहूर कलाकार बंटी सिंह जी को कैंडल जलाकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलाकरों ने संगोष्ठी के माध्यम से झारखंड सरकार के सामने कलाकारों ने यह माँग रखी कि झारखंड के सभी कलाकारों को उचित सम्मान मिलना चाहिए। साथ झारखंड में जल्द से जल्द फिल्म सिटी का निर्माण हो। सभी कलाकारों को सरकार के द्वारा स्वास्थ्य बिमा कराई जाए एवं वरिष्ठ कलाकारों के लिए सरकार के द्वारा पेंसन योजना के तहत पेंसन उबलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से आशुतोष द्विवेदी, शिवम मनोहरन,नीरज मिश्रा, महादेव पांडेय,अमित कुमार, सुकंठ ,आयुषी ,संजय साहू,संजीव कुमार आदि कई कलाकार मौजूद थे। यह जानकारी संजय पुजारी ने दी।

बुढ़मू के सड़ाम गांव में रात करीब दस बजे की घटना

तीन हाईवा व एक पोकलेन को आग लगाकर फूंक डाला

वरीय संवाददाता

रांची। बुढ़मू के सड़ाम गांव में तालाब निर्माण कार्य में लगे चार वाहनों को हथियारबंद अपराधियों ने आग लगाकर जला डाला। घटना गुरुवार रात करीब दस बजे की है। पुलिस को आशंका है कि टीपीसी के उग्रवादियों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।
जानकारी के अनुसार तालाब निर्माण का कार्य करा रहे ठेकेदार मनोज कुमार गुप्ता को कुछ दिन पूर्व धमकी मिली थी। इसकी सूचना पुलिस को पूर्व में दी गई थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात करीब पांच से छह की संख्या में हथियार से अपराधी सड़ाम गांव पहुंचे थे। जिसके बाद सभी ने निर्माण कार्य करा रही कंपनी के मुंशी व कर्मचारी को अपने कब्जे में ले लिया और गाली गलौज करते हुये मारपीट करनी शुरु कर दी। इसके बाद अपराधियों ने मुंशी से डीजल मांगा और तालाब निर्माण कार्य में लगी चार वाहनों तीन हाईवा व एक पोकलेन में डीजल डालकर आग लगा दी। आगजनी की घटना के बाद सभी अपराधी धमकी देते हुये वहां से पैदल भाग निकले।

- टीपीसी उग्रवादियों की सलिंप्ता की आशंका
- कुछ दिन पूर्व ठेकेदार व मुंशी को मिली थी धमकी
- घटना की छानबीन में जुटी पुलिस

टेंडर नहीं डालने की मिली थी धमकी

बुढ़मू के सड़ाम गांव के सांसद प्रतिनिधि मनोज को तालाब व छठ घाट निर्माण कार्य के लिये टीपीसी उग्रवादी संगठन के द्वारा टेंडर नही डालने की धमकी दी गई थी। इस संबंध में उन्होंने थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करायी थी। जानकारी के अनुसार कंपनी के मुंशी को आगजनी के घटना के पूर्व तीन दिनों से लगातार धमकी मिल रही थी।

> इस संबंध में बुढ़मू थाना प्रभारी मानव मयंक ने बताया कि आगलगी की घटना को टीपीसी उग्रवादियों ने अंजाम दिया है या स्थानीय अपराधियों ने पुलिस इसकी छानबीन कर रही है। घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिये पुलिस प्रयासरत है।

संक्षिप्त

उपन्यास के लेखक के खिलाफ एसटी/एससी थाने में शिकायत

रांची। पंडरा ओपी अंतर्गत भगवान बुद्ध मेमोरियल संस्थान के केंद्रीय कार्यालय में शुक्रवार को पदमा बड़ाईक के द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि मोंय सुशीला उपन्यास के लेखक सुनील बादल के खिलाफ एसटी/एससी थाना में शिकायत की गई है। इस उपन्यास में राज्य की एक आदिवासी महिला का अपमान करने की साजिश की गयी है। उपन्यास में कोई काल्पनिक कहानी नही है बल्कि राज्य की चर्चित घटना सुषमा की है। दुष्कर्म पीड़िता को समाज में मान सम्मान के साथ जीने का अधिकार है, लेकिन इस उपन्यास के द्वारा उसे जलील किया जा रहा है।

पीएलएफआई का एरिया कमांडर कांडे मुंडा गिरफ्तार

वरीय संवाददाता

रांची। पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के खूंटी जिला अंतर्गत कर्रा थाना क्षेत्र के एरिया कमांडर कांडे मुंडा उर्फ अमर मुंडा को रांची पुलिस ने धर दबोचने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आया कांडे मुंडा कर्रा थाना क्षेत्र के टंगराटोली का रहनेवाला है।
इस संबंध में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि चुटिया थाना क्षेत्र के रहनेवाले बालमोहन नायक की खरसीदाग ओपी अंतर्गत गड़खटंगा में 60 डिसमिल जमीन है। बीते 27 अक्टूबर 2021 को एक लाख की रंगदारी की मांग करते हुये जमीन की चाहरदिवारी को अपराधियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। पुलिस ने इस घटना में शामिल जेम्स एक्का, महादेव कच्छप,गोपी नायक, संतोष कच्छप और सिंकदर महतो को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मुख्य अभियुक्त कांडे मुंडा उर्फ अमर मुंडा फरार चल रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना पर रिंग रोड स्थित टोनका से इसे गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आया कांडे मुंडा खूंटी जिला के कई अपराधिक घटनाओं में वांछित है,इसके खिलाफ कर्रा थाना में हत्या व आर्म्स एक्ट के कांड पूर्व से दर्ज है। पुलिस टीम में सुनील कुमार तिवारी (थाना प्रभारी, नामकुम), पुअनि बैधनाथ कुमार (प्रभारी, खरसीदाग ओपी) सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

- पुलिस ने गुप्त सूचना पर रिंग रोड स्थित टोनका से धर दबोचा
- खरसीदाग ओपी क्षेत्र में जमीन मालिक से मांगी थी एक लाख की रंगदारी

छात्र क्लब चिकित्सक मंच ने दी बधाई

वरीय संवाददाता

रांची। भारत मीडिया समूह द्वारा बहु भाषा में लंबे समय तक गायन का विश्व रिकॉर्ड बनाये जाने पर शुक्रवार को छात्र क्लब चिकित्सक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संरक्षक राजेंद्र कुमार हाजरा,भारत मीडिया के संस्थापक प्रबंध निदेशक आशीष झा व मुख्य काय्रक्रम समन्वयक व उनकी टीम द्वारा बधाई दी गई। गौरतलब है कि भारत भाषा महोत्सव मिले सुर भारत का लाइव सिंगिंग ओहियो,यू एस ए समूह द्वारा बहु भाषा में और बहु स्थानों से लंबे समय तक गायन का विश्व रिकार्ड 22 जनवरी 2022 को शाम छह बजे से बनाया गया। इस दौरान नॉन स्टॉप फन के 9 घंटे, 6 आर.जे., 57 गायक, 6 देश 25 से अधिक शहर,चार महाद्वीपो से 26 भाषाओं में गायन किया गया था।

आपसी विवाद में तीन गिरफ्तार, लोडेड पिस्टल बरामद

वरीय संवाददाता

रांची। अरगोड़ा थाना की पुलिस ने आपसी विवाद व मारपीट की घटना में शामिल तीन युवकों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने युवकों के पास से एक 7.65 चक्र की गोली के साथ लोडेड पिस्टल को जब्त किया है।

क्या है मामला

पुलिस के अनुसार हरमू हाउसिंग कॉलोनी में रहनेवाला मुस्ताक आलम उर्फ मोटू के द्वारा हिंदपीढ़ी के निजाम नगर में रहनेवाले शाहिद आलम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। जिसमें कहा गया कि आरोपी जान मारने की नियत से उसके घर में पिस्टल लेकर पहुंचा था। जिसे देखते ही छिना झपटी के क्रम में पिस्टल जमीन पर गिर गया। इसी दौरान सूचना मिलते ही अरगोड़ा थाना की पेट्रोलिंग पुलिस मौके पर पहुंची और हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया।
वहीं दूसरी तरफ आरोपी शाहिद आलम ने मुस्ताक आलम उर्फ मोटू और उसके एक साथ करम चौक,विद्या नगर के रहनेवाले युवक रितिक कुमार पासवान उर्फ सौरभ कुमार पासवान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिसमें उसने कहा है कि वह सुबह में मुस्ताक से मिलने उसके घर पहुंचा था। उसे देखते ही मुस्ताक और रितिक ने उसके साथ मारपीट करने लगे और बोले की हिंदपीढ़ी में जब मेरे घर में घटना घटी थी,तब तुम भी शामिल थे। इसके बाद दोनों चाकू से हमला करते हुये गले में माफलर डालकर जान मारने का प्रयास किये। आसपास के लोगों द्वारा किसी तरह उसे दोनों आरोपियों से छुड़ाया गया और पुलिस को जानकारी दी गई।
इस संबंध में अरगोड़ा थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि तीनों युवकों के बीच आपस में मारपीट की घटना घटी थी,जिसमें दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

क्रिप्टो करेंसी के नाम पर लाखों की ठगी, 12 के खिलाफ एफआइआर

वरीय संवाददाता

रांची। रांची के लोअर बाजार थाने में क्रिप्टो करेंसी के नाम पर लाखों की ठगी का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में लोअर बाजार थाना में ठगी के शिकार कर्बला टैंक रोड निवासी मो. फारुख राजा खान ने 12 के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथिमकी में शम्स तबरेज, शाहिदा बीवी, रीता यादव, फरीदा खातून, असगर अली, शाहबाज हुसैन, सुजाता सरकार, प्रमोद कुमार वर्मा, दीपक कुमार शर्मा, आरिफ खान, शाबिर अली और अमित साव को आरोपित बनाया गया है। इस गिरोह का मास्टर माइंड शम्स तबरेज उर्फ देवराज उर्फ राहुल बजाज है, जो 24 परगना पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। मुख्य सरगना लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए अपने कई नाम रखे थे। नाम बदल-बदल कर वह अलग अलग लोगों से मिलकर ठगी किया करता था। ठगी के लिए उसने रांची में फ्लैट भी किराए के लिए ले रखा था। उसने महिलाओं की एक बड़ी टीम बना रखी थी। पुरुषों को ठगी का शिकार बनाने के लिए अपनी टीम की महिलाओं को उनके पास भेजा करता था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार क्रिप्टो करेंसी के नाम पर शम्स तबरेज ने एक फर्जी वेबसाइट बना रखा था।
वेबसाइट का नाम https://www.primexbtc.uk था। इसी वेबसाइट पर ठगी के शिकार लोगों को उनके नाम के सामने लाखों रुपए का क्रिप्टो करेंसी दिखाया करता था। मो. फारुख रजा खान उनके संबंधी के नाम पर 43 लाख 40 हजार, संदीप सिंह और उनके संबंधी के नाम पर 36 लाख, तरंजीत कौर के नाम पर नौ लाख, इकबाल हुसैन के नाम पर छह लाख 70 हजार, विशाल कुमार के नाम पर एक लाख 70 हजार और विशाल कुमार के नाम पर 35 हजार रुपए हो गए है दिखाया करता था। लेकिन कुछ समय के बाद इन लोगों को उसपर शक हुआ। जब सभी ने उक्त वेबसाइट की छानबीन की तो पता चला कि वह फर्जी है। मास्टर माइंड शम्स तबरेज ने उसे खुद बनाया है। तबरेज ने ठगी के लिए एक एनजीओ भी बना रखा था। इसका नाम एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया रखा था। शम्स तबरेज खुद को उक्त एनजीओ का नेशनल डायरेक्टर बताता था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार वह 2018 में ही अपने सहयोगियों के साथ रांची आ रहा था। जून 2019 से ही रांची आने पर शम्स तबरेज रांची के विभिन्न होटलों में कभी लालपुर, कभी चर्च रोड तो कभी स्टेशन रोड में रूकता। बड़े-बड़े होटलों में रुकने के बाद वह लोगो से वहीं संपर्क करता था। लोगो को प्रलोभन देता कि वे अगर क्रिप्टो करेंसी में निवेश करते है तो उन्हें मोटी कमाई होगी। फिर सभी को लालच देकर उनके पैसे क्रिप्टो करेंसी में लगाने के नाम पर ठगी कर लिए। मामले को लेकर थाना प्रभारी संजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

एसएसपी ने कई थाना प्रभारियों को किया इधर से उधर, अधिसूचना जारी

बरियातु में ज्ञानरंजन तो गोंदा में रवि ठाकुर बने थानेदार

वरीय संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिये दर्जन भर थानेदारों को इधर से उधर किया गया है। वहीं कई पुलिस इंस्पेक्टर लाईन हाजिर किये गये है। इसकी अधिसूचना एसएसपी कार्यालय से गुरुवार देर शाम जारी की गई है।

इन थानों के बदले गये थानेदार

जारी अधिसूचना के अनुसार बरियातू थाना में पुनि ज्ञान रंजन ,गोंदा थाना में पुनि रवि ठाकुर,जगन्नाथपुर थाना में पुनि अरविंद कुमार सिंह,डेली मार्केट थाना में पुनि अवधेश ठाकुर,हिंदपीढ़ी थाना में पुनि विनय कुमार सिंह,बुंडू थाना में पुनि राय सौमित्र पकंज भूषण,मैक्लुस्कीगंज थाना में अनि राणा जंग बहादुर सिंह और मांडर थाना में अनि विनय कुमार यादव को थानेदार बनाया गया है। वहीं गोंदा यातायात थाना प्रभारी में पुनि नीरज ,एसटी/एससी थाना में पुनि पंकज कच्छप, बेड़ो के अंचल निरीक्षक में पुनि नवल किशोर प्रसाद और सोनाहातु के अंचल निरीक्षक में पुनि रमेश कुमार को पदस्थापित किया गया है।
पुनि सपन महथा,पुनि अभय कुमार सिंह,पुनि राधिका रमण मिंज,पुनि असीत कुमार मोदी को पुलिस केंद्र में योगदान करने को कहा गया है।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा।

(आवेदन आमंत्रण सूचना)

वित्तीय वर्ष 2021–22 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) झारखण्ड राँची के राज्यादेश सं0 38 रा0 (विभाग) दिनांक 02.02.2022 के द्वारा प्राप्त लक्ष्य के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत मत्स्य विपणन योजना के तहत् फिश रिटेलिंग कियोस्क / फैब्रिकेटेड शॉप एवं चार पहिया भारवाहक वैन हेतु सुयोग्य आवेदकों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किया जाता है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

क्र0	कार्यक्रम	विभागीय अनुदान	लाभुक अंशदान	जिले को प्राप्त भौतिक लक्ष्य
1	चार पहिया भारवाहक वैन	60% / अधिकतम 3.60 लाख रू0 (दोनों में से जो कम हो)	40%	02 (अनु0जाति– 01 अन्य– 01)
2	फिश रिटेलिंग कियोस्क / फैब्रिकेटेड शॉप (इकाई लागत– 4.00 लाख)	90%	10%	03 (अनु0जाति– 02 अन्य– 01)

उपर्युक्त योजना हेतु कोडरमा जिला के मत्स्य विक्रेताओं एवं मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों से दिनांक 17.02.2022 तक जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा में विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा में नि:शुल्क उपलब्ध है। अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा में सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 263238 (Fish) 21-22 (D)

जिला योजना पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 03/21–22

1. विज्ञापनकर्त्ता का पदनाम : जिला योजना पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : कार्यालय अवधि में दिनांक –10-02-2022 से 11-02-2022
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 12-02-2022 को 3.00 बजे अपराहन तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 12-02-2022 को 3.00 जे अपराहन में।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : जिला योजना पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा।
7. कार्य का विवरण : SCA, SSA, JICA, CSR, Welfare मद अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य।

क्र0 सं0	योजना का नाम	प्रखण्ड	कुल प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन राशि (रुपये में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (रुपये में)	कार्यादेश की तिथि से कार्य समाप्ति की सीमा
1	2	3	4	5	6	7
1	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit cost Rs. 4.011) at Bano	Bano	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
2	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Konsode	Bano	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
3	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Bansjor	Bansjor	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
4	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Bolba	Bolba	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
5	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Talmanga	Bolba	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
6	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit) at Jaldega	Jaldega	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
7	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Orga	Jaldega	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
8	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Kersai	Kersai	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
9	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Basen	Kersai	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
10	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Lasiya	Kolebira	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
11	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Kolebira	Kolebira	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
12	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Pakartand	Pakartand	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
क्र0 सं0	योजना का नाम	प्रखण्ड	कुल प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन राशि (रुपये में)	परिमाण विपत्र का मुल्य (रुपये में)	कार्यादेश की तिथि से कार्य समाप्ति की सीमा
1	2	3	4	5	6	7
13	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Bangaon	Kurdeg	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
14	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Kurdeg	Kurdeg	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
15	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Sewai	Simdega	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
16	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Banabira	Simdega	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
17	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Kochedega	Simdega	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
18	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Ambapani	T.Tanger	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
19	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at Joram	T.Tanger	16.044	32100.00	5000.00	60 Days
20	Construction of Market Shed (four nos Shed a unit Rs. 4.011) at T.Tanger	T.Tanger	16.044	32100.00	5000.00	60 Days

नोट– निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी www.simdega.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला योजना पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR 263207 District(21-22)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।

ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना

शुद्धि - पत्र

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through DT/HYTD/GPT/HYGPT (Solar based) 01/2.0 H.P. DC Motor pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2021-22 कार्य का प्रथम आमंत्रण निविदा संख्या– **DWSD/RW/SVS-08/2021-22** दिनांक– **17.01.2022**, जिसका **PR No. 261874 (Drinking Water and Sanitaion) 2021–22** है, का संशोधित प्राक्कलित राशि, अग्रधन की राशि एवं तिथि को निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है।

क्र0	योजना का नाम	योजना की संख्या	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.
1	Rarha - 1 SVS Group of Scheme under Kanke Block (Group No. – 01)	5	6112176.00	122300.00	10000.00	06 (छ: माह)
2	Rarha - 2 SVS Group of Scheme under Kanke Block (Group No. – 02)	5	7560390.00	151300.00	10000.00	06 (छ: माह)
3	Sutiyambe - 1 SVS Group of Scheme under Kanke Block (Group No. – 03)	3	3775772.00	75600.00	5000.00	06 (छ: माह)
4	Sutiyambe - 2 SVS Group of Scheme under Kanke Block (Group No. – 04)	4	6973065.00	139500.00	10000.00	06 (छ: माह)
5	Kokretar SVS Group of Scheme underRatu Block (Group No. – 5)	1	1056805.00	21200.00	2500.00	06 (छ: माह)
6	Labed SVS Group of Scheme under Nagari Block (Group No. – 6)	1	1146977.00	23000.00	2500.00	06 (छ: माह)
7	Bilti SVS Group of Scheme under Bero Block (Group No. – 7)	4	7832181.00	156700.00	10000.00	06 (छ: माह)

2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 04/02/2022 / 05.00 बजे अपराहन तक।
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 10/02/2022 / 05.00 बजे अपराहन तक।
4. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 11/02/2022 / 04.00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12/02/2022 / 04.00 बजे अपराहन में।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 0651-2491247
9. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
10. कार्य की मात्रा आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
11. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।

PR 263269 (Drinking Water and Sanitation) 21-22 (D)

झारखंड में कड़ाके की ठंड के बीच बारिश ने बढ़ायी मुसीबत

रांची। झारखंड में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदला है। रांची सहित पूरे राज्य में बीती देर रात से ही बारिश हो रही है। रांची में सुबह-सुबह लोग बारिश से बचते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार दिनभर बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग ने झारखंड के उत्तर पूर्वी इलाके में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही ओलावृष्टि और वज्रपात को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है।

पूवार्नुमान में बताया गया है कि झारखंड के अधिकतर इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इस दौरान ओलावृष्टि के भी आसार हैं। धनबाद, जामताड़ा, देवघर, गोड्डा, साहेबगंज, दुमका, पाकुड़, देवघर में भारी बारिश की संभावना है। देवघर-दुमका सहित संथाल के अधिकतर इलाकों में ओलावृष्टि की भी आशंका जताई है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि दो तरह के सिस्टम का असर झारखंड में देखने को मिलेगा। पहला, पाकिस्तान के उत्तरी और आसपास के इलाकों में साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रूप में पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। दूसरी ओर उत्तर पश्चिम राजस्थान और उससे सटे क्षेत्रों में इंड्यूस्ड लो प्रेशर बना है। इसका भी असर झारखंड में देखने को मिलेगा।

इंड्यूस्ड सिस्टम तब बनता है जब पहले से किसी विक्षोभ का असर रहता है। यह एंटी क्लाकवाइज होता है। चूंकि पहले से विक्षोभ काम कर रहा होता है, ऐसे में इंड्यस्ड सिस्टम बनने से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। अभिषेक आनंद ने बताया कि बादल छाने और बारिश होने से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी, जबकि अधिकतम तापमान में कमी आएगी। पांच फरवरी को मौसम में सुधार होगा।

गिरिडीह में वज्रपात से एक की मौत, दो घायल

गिरिडीह के गावां थाना क्षेत्र के जमडार के जमुआ में गुरुवार की देर एक मिट्टी के घर पर वज्रपात गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक बच्चा समेत एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान गंव के चैतू मुर्मू के रूप में हुई है। उनकी पत्नी और उनके पुत्र गंभीर रूप से घायल हैं। इनका इलाज चल रहा है।

10 डिग्री सेल्सियस पहुंचा रांची का तापमान

बारिश के बाद न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आ सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ ने राज्य में प्रवेश किया है, जिससे मौसम में बदलाव आया है। पिछले 24 घंटे में रांची का तापमान 10.7 और 26.6 डिग्री था जबकि गुरुवार को न्यूनतम तापमान 12.1 और अधिकतम तापमान 25 डिग्री रहा। वहीं जमशेदपुर का तापमान 13.4 व 28.4 और डालटनगंज का तापमान 11.5 व 30.7 डिग्री रहा। रांची में बारिश के बाद न्यूनतम तापमान गिरकर आठ से 10 डिग्री पर पहुंच सकता है।

संक्षिप्त

रिम्स में कोविड पॉजिटिव के पांच मरीज बढ़े

रांची। रांची स्थित रिम्स अस्पताल में कोविड पॉजिटिव के मरीजों की संख्या एक बार फिर बढ़ी है। रांची सहित पूरे राज्य में कोरोना संक्रमित मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को रिम्स में कोविड पॉजिटिव के 28 मरीज थे। शुक्रवार को यह संख्या बढ़कर 33 हो गई। रिम्स के प्रवक्ता डॉ डीके सिन्हा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिम्स में 33 कोविड पॉजिटिव के मरीजों का इलाज चल रहा है। इन मरीजों का इलाज डेंगू वार्ड, पीडियाट्रिक वार्ड, सर्जरी, न्यू ट्रामा सेंटर सहित अन्य जगहों पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि रिम्स में ब्लैक फंगस और पोस्ट कोविड का एक भी मरीज भर्ती नहीं है।

कैंसर के मरीज की डॉक्टरों ने बचायी जान

रांची। आज वर्ल्ड कैंसर डे है। हर साल 4 फरवरी को मनाए जाने वाले वर्ल्ड कैंसर डे के दिन आमलोगों में कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जाता है। कैंसर डे पर रिम्स के डॉक्टरों ने गोड्डा जिले के तारवारा निवासी मुंह के कैंसर से पीड़ित 42 वर्षीय दुर्गा मांझी की जान बचाकर तोहफा दिया है। दुर्गा मांझी इस वर्ष कैंसर डे को याद कर भावुक हो जाते हैं। दुर्गा कहते हैं कि पैसे की तंगी और बढ़ती बीमारी के बीच इलाज के लिए गोड्डा से कोलकाता तक का सफर तय किया। हर तरफ निराशा हाथ लगने के बाद लगा कि अब जिंदगी से जंग हार चुका। उम्मीद खत्म होने लगी थी। लेकिन रिम्स के डॉक्टरों ने मेरी जान बचाई और इससे बड़ा तोहफा कैंसर डे पर मेरे लिए कुछ और हो ही नहीं सकता है। दुर्गा मांझी को मुंह का कैंसर है। कैंसर चौथे स्टेज-ए श्रेणी में पहुंच चुका था। समस्या पिछले डेढ़ साल से बनी हुई थी। कई जगह इलाज कराया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। खर्च लाखों में था और पैसे की तंगी सामने आ रही थी। इसके बाद अंतिम लेकर रिम्स पहुंचा। यहां ईएनटी विभाग के चिकित्सकों ने मेरा इलाज किया और अब मैं स्वस्थ हूं।

शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें : उपायुक्त

रांची। रांची के उपायुक्त रंजन की अध्यक्षता में आज कृषि, पशुपालन, गव्य, मत्स्य भूमि संरक्षण, उद्यान एवं सहकारिता प्रभाग के पदाधिकारियों के साथ विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी एवं जिला भूमि संरक्षण के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सबसे पहले उपायुक्त द्वारा कृषि विभाग की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने प्राप्त आवंटन और व्यय की समीक्षा की। विभाग द्वारा योजनावार प्राप्त आवंटन के विरुद्ध नियमानुसार शत प्रतिशत निकासी सुनिश्चित करने का निदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया। केसीसी ऋण, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने बैंकर्स के साथ बैठक कर विस्तृत समीक्षा करने का निदेश दिया।

पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम उपायुक्त ने कहा कि टीकाकरण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हर हाल में विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य शत प्रतिशत प्राप्त करें।

समीक्षात्मक बैठक में कृषि पशुपालन विभाग के साथ मत्स्य, गव्य, भूमि संरक्षण, उद्यान एवं सहकारिता प्रभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विभागीय योजनाओं का क्रियान्वयन ससमय करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें।

कृषि एवं सबद्ध विभाग की समीक्षा बैठक के उपरांत उपायुक्त रांची द्वारा जिला स्तरीय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यसमिति की बैठक भी की गई। जिसमें कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यक्रम की समीक्षा की गई। इसमें जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा, रांची द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यसमिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के मार्गदर्शिका के अनुरूप योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त रांची द्वारा आत्मा शासकीय निकाय की भी बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा रांची द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि विभाग से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करें एवं समय-समय पर अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन से अवगत कराएं। बैठक में प्रस्तावित प्रस्ताव पर आत्मा शासकीय निकाय द्वारा अनुमोदन प्राप्त किया गया।

रिम्स में कैंसर के कारण और निवारण की दी जानकारी

रांची। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में शुक्रवार को विश्व कैंसर दिवस पर ओंकोलॉजी विभाग में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ओंकोलॉजी के डॉक्टरों ने बताया कि इस साल का थीम है क्लोज द केयर गैप है। यूनियन ऑफ इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल ने यह थीम दिया है। इस दौरान लोगों को बताया गया कि हेल्दी लाइफस्टाइल और अच्छी डाइट को अपनाकर कैंसर से बचा जा सकता है।

डॉ रोहित झा ने बताया कि तंबाकू सेवन का दुष्प्रभाव तेजी से होता है। सिगरेट, बीड़ी के अलावा हुक्का भी कैंसर को बढ़ावा देता है। इसका सेवन तुरंत रोकने से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को फैलने से रोका जा सकता है। आज भारत में कुल कैंसर मरीजों में पुरुषों में 45 और महिलाओं में 20 प्रतिशत कैंसर का कारण तंबाकू है।

उन्होंने कहा कि मृत्युदर की तुलना करें तो कैंसर हृदयरोग के बाद विश्व की दूसरी सबसे जानलेवा बीमारी है। लंग्स, लीवर, पित्त की शैली तथा पेट का कैंसर सबसे जानलेवा है। प्रोस्टेट और थायरायड का कैंसर कम जानलेवा होता है। मुंह और सर्वाइकल कैंसर को भी फैलने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि सिगरेट पीने वाले 68 प्रतिशत लोगों को इसके हानिकारक प्रभाव के बारे पता होता है फिर भी वह इसका लगातार सेवन करते हैं। 50 प्रतिशत लोग तो चाहकर भी उसे छोड़ नहीं पाते।

उन्होंने कैंसर के लक्षणों के बारे में भी जानकारी दी। इनमें लंबे समय तक खांसी, भोजन निगलने में कठिनाई, शरीर में कहीं भी दर्द रहित गांठ शरीर के किसी भी हिस्से से पानी या खून का बहना, तिल का विकास और रंग बदलना, भूख में कमी, बिना कारण वजन कम होना या बढ़ना, हर समय थकान और आलस महसूस होना, पेशाब करने में कठिनाई और दर्द होना शामिल हैं। उन्होंने इससे बचाव के भी उपाय बताये। इनमें रेगुलर एक्सरसाइज, वजन कंट्रोल में रखें, शाकाहारी और ताजा बना भोजन करें और तंबाकू और शराब का सेवन बंद नहीं करना शामिल है। मौके पर डॉ रश्मि सिंह, डॉ रोहित झा एवं डॉ अजीत कुशवाहा सहित अन्य मौजूद थे।

रांची में सरस्वती पूजा की तैयारी पूरी

रांची। झारखंड में सरस्वती पूजा धूमधाम के साथ मनायी जाती है। इस बार सरस्वती पूजा शनिवार को है। इसकी तैयारी पूरी हो गई है। चौक-चौराहों और मोहल्ले-टोलों में मंडप बनाये गये हैं। कई बड़े क्लब शुक्रवार से ही मंडप में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित करते दिखे। कोरोना के कारण इस वर्ष भी पहले की तुलना में मंडप नहीं बने हैं। कई मंडपों में मूर्ति की जगह प्रतीकात्मक फोटो से ही पूजा की तैयारी है। इसका सीधा असर मूर्तिकारों के जीवन पर पड़ रहा है।

सरस्वती पूजा का बाजार ठप

शहर के मूर्तिकारों का कहना है कि इस वर्ष सरस्वती पूजा का बाजार बिलकुल ठप है। कोरोना काल की वजह से रोजगार प्रभावित हुआ है। यही कारण है कि मूर्तिकार, कारीगर और साज-सज्जा के काम से जुड़े कर्मियों को रोजगार के दूसरे विकल्पों को अपनाना पड़ रहा है। कोरोना काल ने मूर्तिकला से जुड़े कारीगरों के रोजगार का काफी प्रभावित किया है। वर्षों से मूर्ति निर्माण में जुटे कारीगर बेरोजगार हो गये। यहीं कारण है कि परिवार का पेट पालने के लिए किसी ने सब्जी बेची, तो किसी ने समोसा-आलू चॉप का ठेला लगाया. कई कारीगरों को राजमिस्त्री का काम सीखना पड़ा।

अफ्रीकी देश में फंसे झारखंड के मजदूरों की पांच को होगी घर वापसी

रांची। अफ्रीका स्थित माली में फंसे झारखंड के सात मजदूर पांच फरवरी को रांची पहुंच जायेंगे। रांची निवासी और माली में भारत के राजदूत अंजनी कुमार तथा झारखंड सरकार की पहल पर मजदूर दिलीप कुमार, छेदीलाल महतो, संतोष कुमार, लालमणि महतो, इंद्रदेव ठाकुर, लोकनाथ महतो व इंद्रदेव प्रसाद को वहां से मुक्त कराया गया है। तीन फरवरी को फ्लाइट से सभी रवाना हो गये हैं। शनिवार पांच फरवरी को ये मजदूर रांची पहुंचेंगे।

उल्लेखनीय है कि मजदूरों द्वारा वतन वापसी की गुहार लगाने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर श्रम विभाग ने इस दिशा में कोशिश की थी। अफ्रीकी देश माली में फंसे झारखंड के सात मजदूर चार फरवरी को दिल्ली पहुंचेंगे। पांच फरवरी को दिल्ली से एयर इंडिया की फ्लाइट से दोपहर 12.45 बजे रांची पहुंचेंगे। झारखंड से लगभग 33 मजदूर नियोक्ता और कांट्रैक्टर के माध्यम से माली स्थित शिकासो से बमाको के बीच इलेक्ट्रिफिकेशन के कार्य के लिये गये थे लेकिन मजदूरी नहीं मिलने से परेशान थे। उन्होंने वीडियो जारी कर वतन वापसी व मजदूरी दिलाने की गुहार लगायी थी।

मुख्यमंत्री की पहल पर हो रही वतन वापसी

झारखंड के 33 मजदूरों को तीन माह से पैसे नहीं मिल रहे थे। पैसे नहीं मिलने के कारण इन मजदूरों की परेशानी बढ़ गयी थी। मजदूरों ने 16 जनवरी को एक वीडियो शेयर कर झारखंड सरकार से मदद की अपील की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर श्रम विभाग ने माली के राजदूत से संपर्क कर मजदूरों की सहायता की। इसके बाद इनके वतन वापसी की राह आसान हुई। श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने भी इस दिशा में हस्तक्षेप कर इनके वतन वापसी को लेकर प्रयास किया था।

एक नजर

स्कूल क्लर्क मामले में सरकार ने दी गलत जानकारी : हाई कोर्ट

रांची। सरकारी स्कूल के क्लर्क की नियुक्ति को अवैध बताते हुए काम से हटाये जाने के मामले पर झारखंड हाईकोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की है। हाईकोर्ट में शुक्रवार को मामले की सुनवाई जस्टिस एस चंद्रशेखर की अदालत में हुई। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि सरकार ने कोर्ट ने गलत बयान दिया है। बयान के कारण पूर्व में दायर अवमानना याचिका को कोर्ट ने निष्पादित कर दिया। ऐसे में अगली सुनवाई में शिक्षा सचिव को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी। उल्लेखनीय है कि मामला धनबाद से जुड़ा है। साल 1993 में चंद्रभूषण पाठक को क्लर्क पद पर नियुक्त किया गया। साल 1997 में पाठक को यह कहते हुए पद मुक्त किया गया कि उनकी नियुक्ति गलत तरीके से हुई थी। पहले भी मामले में याचिका दायर की गयी थी। इस पर सरकार ने कोर्ट से कहा था कि पाठक की बहाली की जायेगी। बहाली नहीं होने पर मामले में फिर से याचिका दाखिल की गयी।

विरोध के बाद लौट गयी नगर निगम की टीम

रांची। रांची के दो चयनित जगह पर शुक्रवार को जब नगर निगम की टीम जेसीबी के साथ दुकानदारों के लिए जमीन समतल करने पहुंची, तो झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अधिकारियों ने नगर निगम टीम को काम करने से रोक दिया, जिसके बाद टीम जेसीबी के साथ वापस लौट गयी। इस संबंध में मोरहाबादी दुकानदार संघ के अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी अपने कार्यालय से बाहर निकले और गनर को बुलाकर निगमकर्मियों को गोली मारने की धमकी दी। इतना सुनते ही वहां काम कर रहे निगम के सभी लोग जेसीबी के साथ लौट गये। दूसरी ओर सभी दुकानदार झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सामने जमे हुए हैं। दुकानदारों का कहना है कि हमने नगर आयुक्त को सूचना दे दी है। अगर उन्होंने कुछ नहीं किया, तो हम आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

23 लाख किशोरों के टीकाकरण की तैयारी

रांची। झारखंड में 12 से 14 साल तक के किशोरों को कोरोना का टीका देने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इसके लिए करीब 23 लाख किशोरों को चिह्नित किया गया है। टीका देने की प्रक्रिया 15 से 18 साल की तरह ही रहेगी। स्कूल और टीका केंद्रों पर अलग से टीका देने की व्यवस्था की जायेगी। क्षेत्र के कुछ स्कूलों को मिला कर एक स्कूल को सेंटर बनाया जायेगा, जहां किशोरों को टीका दिया जायेगा। टीकाकरण फरवरी के अंतिम सप्ताह या मार्च के प्रथम सप्ताह से शुरू होना है। झारखंड के स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12 से 14 साल तक के किशोरों की अंतिम सूची तैयार करने से पहले स्कूल और घरों में जाकर इसका मिलान किया जायेगा। इसकी जिम्मेदारी स्वास्थ्य कर्मियों को दी जायेगी। इसमें ग्रामीण स्तर पर एएनएम और सहिया को लगाया जायेगा। शहरी क्षेत्र में भी सरकारी और निजी स्कूलों से संपर्क कर सूची तैयार की जायेगी। झारखंड के स्वास्थ्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने बताया कि कोरोना वैक्सीनेशन के लिए 12 से 14 साल के करीब 23 लाख किशोरों की अनुमानित सूची तैयारी की गयी है। सरकारी और निजी स्कूलों से भी संपर्क कर सूची का मिलान करने का निर्देश दिया जा रहा है। जिलावार सूची तैयार की जायेगी। केंद्र से निर्देश मिलने के बाद टीकाकरण शुरू कर दिया जायेगा।

प्रणामी गुरु संन्यास दीक्षा की स्वर्ण जयंती पर होगा प्रसाद का वितरण

रांची : प्रणामी गुरु सन्यास दीक्षा के स्वर्ण जयंती पर हरमू रोड के गोशाला में गौमाता की सेवा की जाएगी और इसके बाद बकरी बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में खिचरी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। बता दें कि आज से ठीक 50 वर्ष पूर्व सन् 1971 में एक सैनिक, जो अपने देश की रक्षा के लिए सीमा पर हाथ मे बंदूक लिए खड़े रहते थे। अपने गुरु श्री राधिका दास जी की आज्ञा से सिलीगुड़ी की धरती में कदम रखा और सिलीगुड़ी स्थित श्री प्रणामी मंदिर के अनाथ बच्चो की सेवा में लग गया। गुरुजी श्री मंगल दास जी के दर्शन मात्र से उनका जीवन सुदर्शन बना और फिर उनकी सेवा, त्याग, तपस्या भक्ति मात्र को देखते हुए सन 1972 के पावन दिन बसन्त पञ्चमी पर्व पर गुरुजी श्री मंगलदास जी से सन्यास ग्रहण भानु से सदानन्द बन गये। गुरू जी महाराज इस बसंत पंचमी से सिलीगुड़ी प्रणामी मंदिर के वार्षिक उतसव में 2000 वीं श्रीमद् भागवत कथा करने जा रहे है। संत सदानंद जी महाराज अभी तक 101 गौशाला का निर्माण करा चुके है। भारत के अनेको शहर में प्रणामी मंदिर बना दिये है।37768 पोलियो ऑपरेशन, 1,35,780(एक लाख पेतीस हजार सात सौ अस्सी) पोलियोग्रस्त रोगीयों को बैसाखी, जुते,क्रत्रिम अंग,ट्राई साइकिल 5000 से अधिक निर्धन कन्याओ की शादी, ऐसे अनेको सेवायें जैसे निर्धन बच्चों को उच्चस्तरीय शिक्षा इनके मार्गदर्शन से हो रहे हैं।

गुरुजी ने अब ऐसे बंदे, जिनका कोई घर-बार परिवार नहीं,सर्दी हो या गर्मी रास्ते मे पड़े रहते है। उनके पास जाने से भी लोग घृणा करते है। ऐसे लोगों के लिए आश्रय स्थल का विकास करा रहे हैं। उन्हें इस आश्रम में सतगुरु कृपा से रोटी, कपड़ा और रहने के लिए आश्रय के साथ ही साथ डॉक्टरों द्वारा इलाज भी करवाया जाएगा।

गुरु जी ने इस कोरोना वैश्विक महामारी में रात दिन गाँव गाँव शहर शहर घूम कर सुन्दरसाथ (अपने शिष्यों) के घर घर सत्संग भागवत करते हुए 50000 किलोमीटर की यात्रा पूरी की और प्रधानमंत्री फंड में 1.25.25.525 की सेवा राशी प्रदान की साथ-साथ हरियाण, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ,वेस्ट बंगाल और झारखंड के मुख्यमंत्री कोरोना फंड में 1100000/= रुपये (ग्यारह लाख) की राशि प्रदान किया।

सरयू राय की नयी किताब 'तिजोरी से चोरी' का प्रकाशन आज

रांची। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की नयी पुस्तक तिजोरी से चोरी का प्रकाशन पांच फरवरी को होगा। यह पुस्तक झारखंड स्थापना दिवस 2016 में हुए टॉफी, टी-शर्ट और गायिका सुनिधि चौहान के कार्यक्रम में सरकारी खजाने की लूट पर आधारित है। करीब 120 पृष्ठों की इस किताब में कुल 12 खंड हैं। यह किताब अपने आप में सबूतों और तथ्यों का एक दस्तावेज है।

किताब प्रकाशन की जानकारी विधायक सरयू राय के ऑफिस से ट्वीट करके दी गयी है। इसे सरयू राय ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर शेयर किया है। ट्वीट में लिखा गया है कि तिजोरी से चोरी छपने के लिए तैयार है। कानूनी सलाह के लिए पुस्तक के प्रारूप का अध्ययन झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता कर रहे हैं। राय ने कहा है कि उनकी नयी पुस्तक में वर्ष 2016 में झारखंड राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सरकारी खजाने से हुई लूट का जिक्र है। खासकर टॉफी, टी-शर्ट घोटाला और गायिका सुनिधि चौहान के कार्यक्रम पर नियम विरुद्ध किये गये किये गये बेतहाशा खर्च का जिक्र किया गया है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 के राज्य स्थापना दिवस समारोह के आयोजन में गड़बड़ी हुई थी। अनियमितता को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका सुनवाई के लिए विचाराधीन है। झारखंड राज्य स्थापना दिवस, 2016 (13 -15 नवंबर) के अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह में गायिका सुनिधि चौहान के कार्यक्रम और विभिन्न विद्यालयों में बच्चों के बीच टी-शर्ट और मिठाई तथा टॉफी वितरण में विधायक सरयू राय द्वारा गड़बड़ी की शिकायत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी जांच एसीबी से कराने को अनुमति दे दी है। इस कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं से संबंधित अनियमितता की मिली शिकायतों के मद्देनजर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एसीबी जांच के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

पुस्तक प्रामाणिक तथ्यों और सबूत पर आधारित

झारखंड राज्य स्थापना दिवस, 2016 (13 -15 नवंबर) के अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह में गायिका सुनिधि चौहान के कार्यक्रम और विभिन्न विद्यालयों में बच्चों के बीच टी-शर्ट और मिठाई तथा टॉफी वितरण में विधायक सरयू राय द्वारा गड़बड़ी की शिकायत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी जांच एसीबी से कराने को अनुमति दे दी है। इस कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं से संबंधित अनियमितता की मिली शिकायतों के मद्देनजर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एसीबी जांच के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

युवाओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला

रांची। झारखंड विकलांग मंच, अपने अधिकारों के लिए काम कर रहे विकलांग व्यक्तियों के राज्य स्तरीय महासंघ ने आज झारखंड में कुष्ठ रोग से पीड़ित युवाओं के लिए जिला कुश्त कल्याण समिति, जमशेदपुर के सहयोग से क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया. सासाकावा हेल्थ फाउंडेशन, डिसेबल्ड पीपल्स इंटरनेशनल और नेशनल सेंटर फॉर प्रमोशन ऑफ एम्प्लॉयमेंट फॉर डिसेबल्ड पीपल द्वारा।

कोविड-19 के दौरान कुष्ठ रोगियों को एक बड़ा झटका लगा क्योंकि सभी गैर-जरूरी अस्पताल परामर्श और प्रवेश स्वास्थ्य सुविधाओं द्वारा हतोत्साहित किए गए, अन्य स्वास्थ्य स्थितियों को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए कम से कम प्राथमिकता दी गई। इस स्थिति ने कुष्ठ रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा की जरूरतों में अंतर पैदा कर दिया है। वैश्विक महामारी ने न केवल कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों के लिए अस्पतालों तक पहुंच में बाधा उत्पन्न की, बल्कि विकलांग व्यक्तियों और कुष्ठ से प्रभावित व्यक्तियों को और अधिक गरीबी में धकेल दिया।

क्षमता निर्माण कार्यशाला ने आज ज्ञान, सूचना और जागरूकता को बढ़ावा दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विकलांग व्यक्तियों को भेदभाव का सामना न करना पड़े और शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, पुनर्वास और रोजगार पर आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 के प्रावधानों पर एक समझ का निर्माण करना ताकि उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके। कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों के खिलाफ सामाजिक पूर्वाग्रह और कलंक का उन्मूलन।

₹कुष्ठ रोग से ग्रस्त व्यक्ति के जीवन में कोई प्रेरणा नहीं होती है। वे अभी भी समाज में उच्च भेदभाव का सामना कर रहे हैं। आज भी समाज में विकलांगों के बच्चों को भेदभाव का सामना करना पड़ता है। बच्चों को स्कूल, कॉलेज में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है, फिर भी समाज में उनकी उपेक्षा की जाती है। इस कार्यशाला के माध्यम से हमारा उद्देश्य कुष्ठ रोग से ठीक हुए लोगों को प्रेरित करना है। हम उन्हें उनके अधिकारों, योजनाओं और लाभों के बारे में शिक्षित और जागरूक करना चाहते हैं। झारखंड विकलांग मंच के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा, हम चाहते हैं कि एलसी लोग अपने अधिकारों का उपयोग करें और समाज में शामिल महसूस करें।

ऊर्जा का नवीन स्रोत बने राहुल राज

द मॉडर्न चाणक्य पुस्तक की रचना कर समाज को दिखायी नयी राह

हजारीबाग : वर्तमान समय में एक और जहां देश की वर्तमान युवा पीढ़ी साहित्य लेखन के क्षेत्र से दूर होकर अपना पूरा समय डिजिटल माध्यम से सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर खपाते हुए मनोरंजन को ज्यादा फोकस करते हैं वहीं उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल मुख्यालय जिला हजारीबाग के कई नवोदित युवक- युवतियां साहित्य और काव्य लेखन के क्षेत्र में अपनी पढ़ाई जारी रखने के साथ कदम बढ़ाते हुए दिख रहे हैं। हजारीबाग की धरती पर कई ऐसे युवा नाम है जिन्होंने साहित्य और काव्य के क्षेत्र में समाज में अपना परचम लहराते हुए समाज को नई दिशा देने का सकारात्मक प्रयास किया है। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के नूतन नगर, कोर्रा निवासी राहुल राज एक ऐसा ही नाम है जिन्होंने महज 20 वर्ष की उम्र में ही अपनी असीम विचार शक्ति और साहित्यिक शब्द-कोष को इतना प्रबल बनाया की वर्तमान समय में युवा पीढ़ी के बीच त्रासद की स्थिति बनी ज्वलंत विषय अवसाद और तनाव से मुक्ति के लिए एक अंग्रेजी में एक पुस्तक की रचना कर डाली। वर्तमान समय में कोरोना काल में लोगों के बीच तनाव बढ़ा है। राहुल राज ने ₹द मॉडर्न चाणक्य₹ नामक एक मनोवैज्ञानिक पुस्तक लिखी है, जो मुख्य रूप से मानसिक स्वास्थ, खुशी और आलोचनात्मक सोच पर केंद्रित है। राहुल राज ने अपने अल्पायु में ही दूरदर्शी सोच के साथ जीवन की परिपक्वता को पहचाना और इस पुस्तक में आधुनिक चाणक्य की ऐसी बातें उन्होंने लिखी हैं जो जीवन के सभी निर्णयों और विकल्पों के बारे में बताते हुए एक बेहतर मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है और सही या गलत का

फर्क महसूस कराते हुए एक सफल और खुशहाल जीवन जीने में मदद प्रदान करती है। यह पुस्तक आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान की कला में सहयोग तो करती ही है कार्यस्थल पर अपनी उत्पादकता को कैसे बढ़ाएं और जीवन में कुछ बड़ा कैसे हासिल करें इसे भी प्रदर्शित करती है। एक स्वास्थ्य दीर्घकालीन संबंध बनाने और एक सक्षम एवं सर्वगुण संपन्न औलाद की परवरिश करने की भी दक्षता प्रदान करने में सहायक है। सामाजिक और व्यवहारिक ज्ञान के अलावे युवा पीढ़ी की नई। दृष्टिकोण में पॉर्न, सेक्सटिंग, सेक्सटॉर्शन और रिवेंज पोर्न पर भी चर्चा करते हुए सही मार्गदर्शन करती है। यह पुस्तक विशेषकर 15 वर्ष से 30 वर्ष के आयु वर्ग को ध्यान में रखकर लिखी गई है। कुल मिलाकर राहुल राज की पुस्तक युवाओं की विभिन्न समस्याओं के समाधान में कारगर है और एक सुखी और संतोषजनक सफल जीवन जीने में मदद करती दिखती है। राहुल राज की इस पुस्तक को ₹नेशनप्रेसर₹ ने प्रकाशित किया है और संपूर्ण विश्व में अमेजॉन और फ्लिपकार्ट के माध्यम से इसे बेचा जा रहा है। सदर विधायक ने किया पुस्तक का विमोचन, नवोदित लेखक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की राहुल राज के पुस्तक ₹द मॉडर्न चाणक्य₹ का विमोचन हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को विधायक कार्यालय परिसर में किया।

मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि कम उम्र में राहुल राज ने वर्तमान जीवन की कल्पना करते हुए गंभीर और ज्वलंत समस्याओं से निजात के लिए जो पुस्तक की रचना की है वह वाकई एक मॉडर्न चाणक्य की भूमिका निभाएगा। विधायक श्री जायसवाल ने राहुल राज को हृदय तल से बधाई और शुभकामना देते हुए संपूर्ण हजारीबाग की ओर से ऐसे युवा शक्ति पर गर्व होने की बात कही साथ ही उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना भी किया कि ऐसे युवा लेखक की सृजनात्मक और लेखन क्षमता नितिदिन प्रबल हो और इसी प्रकार अपनी अद्भुत लेखन कला के बदौलत समाज का मार्गदर्शन करें और हजारीबाग का नाम पूरी दुनिया में रोशन करते रहे।

चयनित खिलाड़ियों को जर्सी देकर किया गया प्रोत्साहित

अच्छा खेलें और आगे जाकर राज्य व देश में अपना परचम लहराएं : डॉ नीरा यादव

डोमचांच (कोडरमा) : डोमचांच प्रखंड मुख्यालय के सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत प्रखंड के 09 पंचायतों से चयन हुए खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु शुक्रवार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव मौजूद थे। वहीं मुख्य रूप से सीओ माँ देव प्रिया, बीडीओ उदय कुमार सिन्हा, सीडीपीओ संचिता भगत उपस्थित थे। पंचायत से चयनित प्रतिभागियों को जर्सी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा में एक से बढ़कर एक हीरा है। बस हमें उन्हें परखने की जरूरत है। खासकर डोमचांच हर क्षेत्र में अव्वल रहता है। लगातार दो वर्षों से हम कोविड जैसी महामारी से प्रभावित रहे, इसमें सबसे ज्यादा बच्चों का नुकसान हुआ। हमारे कई भाई बहनों और बच्चों के पास स्मार्ट फोन नहीं है जिसके कारण वह ऑनलाइन पढ़ाई से वंचित रह गए और वह शिक्षा से दूर रह गए। वहीं उन्होंने कहा कि हमें पढ़ाई के साथ- साथ खेल में भी रुचि रखनी चाहिए क्योंकि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है। चयनित बच्चों से उन्होंने कहा अच्छा खेले और आगे जाकर राज्य और देश में अपना परचम लहराएं। मौके पर निरंजन कुमार, प्रमोद कुमार, किशुन यादव, मुकेश कुमार, विक्रम सिंह परिमल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कामिनी देवी, कुलदीप राम, कंचन सिंह, मदन सिंह, सुरेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

कमीशनखोरों से कब मुक्त होगा जिले का शिक्षा महकमा

बिना चढावा के कोई भी काम कराना होता है मुश्किल

हजारीबाग : जिले का शिक्षा महकमा कमीशनखोरों के गिरफ्त में हैं। सूत्र बताते हैं कि यहां एक भी काम बिना कमीशनखोरी के नहीं होता है। सूत्रों के अनुसार इस कमीशनखोरी के खेल के नायक जिले के कुछ शिक्षक और शिक्षक नेता भु हैं। शिक्षकों को समाज में आदर्श माना जाता है। लेकिन कुछ शिक्षकों की वजह से अच्छे शिक्षकों का नाम भी खराब हो रहा है। जिले के डीएसई व डीईओ कार्यालय में वर्षों से कमीशनखोरी का खेल धड़ल्ले से चलता आ रहा है। किसी शिक्षक को उक्त कार्यालयों से काम पड़ गया तो यकीनन इन शिक्षक नेताओं की पौ-बारह हो जाती है। अधिकारी ने यदि किसी विद्यालय का निरीक्षण कर लिया तो शुरू हो जाता है सेटिंग-गेटिंग का खेल। चाहे स्कूलों में बेंच-डेस्क की खरीदी का मामला हो, पोशाक क्रय या स्टेशनरी खरीद का मामला या फिर सेवा संपुष्टि से ही जुड़ा मसला क्यों न हो। इन तथाकथित शिक्षक नेताओं में इन मामलों पर दोनों हाथों से बटोरने की महारत हासिल है। जाहिर है अधिकारी को विश्वास में लिए बिना यह सब संभव नहीं है। सूत्रों की मानें तो कुछ ऐसे शिक्षक नेता भी हैं जिनके बैंक खातों में वेंडरों ने कमीशन के पैसे डालें हैं। ऐसे में यदि इसकी जांच की जाए तो काफी चौकाने वाले खुलासे होंगे। एक ताजा मामला कुछेक माह पूर्व का है। जब डीईओ ने पदमा स्थित एक उच्च विद्यालय का निरीक्षण किसी शिकायत के आलोक में किया था। विद्यालय विकास कोष की राशि खर्चने को लेकर ग्रामीणों ने भी विरोध दर्ज कराया था। अधिकारी के निरीक्षण के बाद शुरू हुआ मैनेज का खेल। सूत्रों की माने तो इस प्रकरण में नए-नवेले शिक्षकों ने अगुवाई कर सारे मामले को सेट कर दिया। उस विद्यालय प्रभरी के सारे काले कारनामें आज उजाले की तरह जगमग है। शिक्षा उन्नयन पर जोर देने वाले बुद्धिजीवियों का मानना है कि तत्काल उपायुक्त स्तर से ऐसे शिक्षक नेताओं के कार्यालय प्रवेश पर रोक लगाई जानी चाहिए।

आपसी रंजिश में शिक्षक पर जानलेवा हमला

हजारीबाग : उत्क्रमि उच्च विद्यालय सरैयाडीह, पद्मा में आपसी रंजिश में शिक्षक विनीत कुमार पर उसी स्कूल के पारा शिक्षक सुभाष चंद्र मेहता ने जानलेवा हमला कर दिया। हजारीबाग सदर अस्पताल में इलाजरत विनीत कुमार ने बताया कि वे हजारीबाग से अपनी कार से पहुंचे कि अचानक सुभाष मेहता ने अपने परिवार के सदस्य अरुण कु मेहता, सुजल प्रकाश, शशांक शेखर, हिमांशु कुमार के साथ जानलेवा हमला कर दिया। इसके साथ ही उनकी इंडिका कार को चकनाचूर कर दिया। उन्होंने कहा कि वे सुबह में स्कूल में प्रवेश कर ही रहे थे कि सुभाष मेहता ने उन्हें बुलाया और फिर क्रिकेट खेलने के वाले विकेट से सर पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसके उनके सर में काफी चोटें आई, खून बहने लगा जिसके बाद आनन-फानन में सहयोगी शिक्षकों ने उन्हें स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज कराने के बाद सदर अस्पताल हजारीबाग में ले गए। सदर अस्पताल में सिटी स्कैन और एक्स-रे किया गया है। इस दौरान डॉक्टरों ने सर में छह टांके लगाए हैं। हजारीबाग सदर थाने में इंज्यूरी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उन्होंने एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है।

विश्व कैंसर दिवस पर अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यशाला का आयोजन

बरही : विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर अनुमंडलीय अस्पताल बरही में कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के द्वारा कैंसर बीमारी के कारण, लक्षण, कैंसर के प्रकार एवं उसके बचाव के उपाय के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जल,वायु के प्रदूषण के साथ साथ खराब लाइफ स्टाइल भी कैंसर बीमारी का मुख्य कारण है। इसके साथ ही धूम्रपान, गुटखा सेवन से माउथ कैंसर की संभावना ज्यादा रहती है। स्तन कैंसर के बाबत डॉ ज्ञानी ने बताया कि वैसी महिलाएं जो अपने बच्चों को नियमित स्तनपान नही कराती हैं, उन्हें स्तन कैंसर होने की संभावना रहती है। डॉ मो एजाज ने बताया कि 4 फरवरी से 10 फरवरी तक जगह जगह पर स्क्रीनिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी, डॉ अनुभा कुमारी, अमन कुमार, डॉ मेराजुल इस्लाम डॉक्टर संतोष कुमार, डॉक्टर वंदना कुमारी, डॉक्टर नीलू कुमारी ,पंकज कुमार आजाद, विनय कुमार सिन्हा, विनोद कुमार, प्रवीण कुमार, विष्णु कुमार, प्रहलाद कुमार ,महेंद्र प्रसाद, संजय कुमार, कादम्बनी दुबे, जावेद अख्तर, नागेंद्र कु सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

बारिश होने से आम जनजीवन अस्त व्यस्त

डोमचांच (कोडरमा): प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र मे गुरुवार शाम से आसमान में बादल छाये रहे। रात्रि 2 बजे जम कर बारिश होने से आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। मनुष्य ही नहीं जीव-जंतुओं को भी मौसम की मार का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को दिन में भी धूप नहीं निकला व दिन भर रुक रुक कर बारिश व ओले से गीले कपड़े भी नहीं सूख पा रहे हैं। इसके कारण भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। गांवों में ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। हालांकि, बहुत मुश्किल से लोग अलाव के लिए लकड़ी आदि की व्यवस्था कर पा रहे हैं। दिनभर रुक रुक कर बारिश होने से सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों और बैंकों में शुक्रवार को लोगों की भीड़ काफी कम देखी गयी।

बीडीओ ने डोरंडा पंचायत की विकास योजनाओं का निरीक्षण किया

बेड़ो : प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार शुक्रवार को डोरंडा पंचायत के विकास योजनाओं के निरीक्षण किया साथ ही आम जनों से बात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। सर्वप्रथम सेरो गांव के बिहडो टोली और भेड़िया टोली गांव जा पहुंचे। जहां रास्ता सुगम नहीं होने के कारण विकास योजनाएं पूर्ण रूप से उन गांवों तक नहीं पहुंच पाई है। गांव पहुंचकर लोगों से मिलकर उनके द्वारा समस्याओं के जानकारी ली गई ग्रामीणों द्वारा बताया गया की अभी तक यहां पर सिर्फ एक व्यक्ति को वृद्धा पेंशन मिलता है साथ ही रास्ते की भी समस्या है बीडीओ ने तत्काल योग्य वृद्ध और विधवाओं को पेंशन स्वीकृति दी। पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया कि यहां तत्काल पीसीसी पथ के लिए कार्रवाई करें। वहीं भेड़िया टोली के दौरे के क्रम में पाया गया कि वहां पर 15जी पिदंदबम से घर घर नल जल योजना की शुरूआत की गई है ग्रामीणों से बात करने पर ग्रामीणों ने बताया कि इस नल जल के आने से पानी ढोने की समस्या खत्म हो गई है घर के आंगन तक पानी पहुंचने की खुशी उनके चेहरे पर सहज ही देखी जा सकती थी। निरीक्षण के क्रम में डोरंडा पंचायत में 15वें वित्त योजना अंतर्गत पंचायत भवन डोरंडा के सामने नाली निर्माण योजना का निरीक्षण किया और योजना के अध्यक्ष को निर्देश दिया कि नाली के साइड में जो मिट्टी भरने का काम है उसको तुरंत भर के पूरा करें। दौरे के क्रम में मनरेगा योजना अंतर्गत सिंचाई कूपों का निरीक्षण किया गया जिसमें करगे में विश्वनाथ मुंडा, डोरंडा पेपर टोली में बसंत उरांव, सुखदेव उरांव हजरत अंसारी, रजब अंसारी उस्मान अंसारी आदि के कूप का निरीक्षण किया गया। सभी कूपो पर खुदाई का कार्य चल रहा है। निरीक्षण के दौरान लाभुकों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ प्रवीण कुमार के साथ प्रखंड कृषि पदाधिकारी कलिंदर साहू, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कुमार तिर्की, सहायक अभियंता मनोज कुमार, आवास समन्वयक भूषण साहू, कनीय अभियंता दुर्गा टाना भगत ,पंचायत सचिव दिगंबर टूटी रोजगार सेवक उदय मिंज उपस्थित थे।

विधायक की अनुशंसा पर जियाडा ने 55 नम्बर प्लॉट में रास्ता बनाने की दी स्वीकृति, लीजधारी ने जतायी आपत्ति

बरही : कोनरा मौजा के रियाडा/जियाडा अधिग्रहित भूमि पर विधायक उमाशंकर अकेला के अनुसंशा पर प्लॉट नंबर 55 में रास्ता निकालने की स्वीकृति जियाडा ने दी है। ग्रामीणों ने इस बाबत विधायक उमाशंकर अकेला से गुहार लगाई थी। जिसके बाद विधायक ने जियाडा के डायरेक्टर से पत्राचार कर ग्रामीणों की समस्या को अवगत कराते हुए कब्रिस्तान, कर्बला एवं ईदगाह तक जाने के लिए स्थायी रास्ता उपलब्ध कराने की मांग की थी।। जिसके बाद जियाडा ने स्थानीय प्रशासन से जांच करवाकर रास्ता के लिए जियाडा द्वारा आवंटित प्लॉट 55 से ही रास्ता निकालने की स्वीकृति दी है। स्वीकृति के आलोक में

विधायक उमाशंकर अकेला ने सीओ बरही को पत्र लिखकर रास्ता के लिए अग्रेतर कार्रवाई के लिए निदेशित किया है। लेकिन आवंटित प्लॉट 55 के लीज धारक माणिक गर्ग ने इस पर आपत्ति जताई है। उन्होंने बताया कि जब प्लॉट नंबर 56 में ऑलरेडी सड़क निकाली गई है। ग्रामीणों का आवागमन हो भी रहा है। फिर 56 को छोड़कर 55 में रास्ता निकालने का क्या औचित्य है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जान बूझ कर परेशान करने की नीयत से प्लॉट नम्बर 55 को टारगेट कर रहे हैं। मुझे ग्रामीणों की रास्ता से कोई आपत्ति नही है। लेकिन मैंने जमीन बतौर ऑक्शन कर पैसे देकर लीज ली है। बाउंडरी में लगभग 15 लाख खर्च हुए हैं। बाउंडरी हटाने पर बाउंडरी की खर्च की राशि एवं रास्ते मे जो जमीन जाएगी उसकी ऑक्शन राशि का भुगतान कौन करेगा। अब तक जियाडा के द्वारा उन्हें किसी तरह की कोई स्पष्ट निर्देश नही मिला है। उन्होंने विधायक एवं स्थानीय प्रशासन से आग्रह किया है कि वस्तु स्थिति को समझा जाय। साथ ही मांग किया कि प्लॉट नंबर 56 में जब रास्ता बना हुआ है तो उसी को स्थायी रास्ता बनाया जाय। उसके बाद भी यदि प्लॉट नंबर 55 में ही जबरन रास्ता बनाने को इच्छुक हों तो जमीन एवं बाउंडरी की राशि उपलब्ध कराया जाय। ज्ञात हो कि रियाडा अधिग्रहित जमीन पर आए दिन कुछ लोगो के द्वारा किसी न किसी मुद्दे को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन कि जाती रही है। जिसके कारण कई उद्यमी लीज लेने के बाद भी अपना उद्यम लगाने की हिम्मत नही जुटा पा रहे हैं। यदि इस पर रोक नही लगाई गई तो आने वाले समय में उद्यमों की संख्या घटेगी, रोजगार प्रभावित होगा। राजस्व की क्षति होगी।

एक नजर

पटना रोड में बुजुर्ग समाजसेवियों ने किया केशरवानी कार्यालय का उद्घाटन

बरही : 23 फरवरी को नगर केशरवानी वैश्य सभा की ओर से 28 वॉ केशरवानी मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। उसकी तैयारी पूरे जोर शोर से की जा रही है। इसी निमित पटना रोड स्थित अजय केसरी के मकान में 28 वां केसरवानी मिलन समारोह मनाने के लिए चर्चा हेतु कार्यालय का उद्घाटन गया रोड पंचायत के पूर्व प्रमुख ईश्वर प्रसाद केसरी एवं हजारीबाग पंचायत प्रमुख लखन प्रसाद केसरी जी के द्वारा फीता काटकर तथा महर्षि कश्यप मुनि के चित्र पर पुष्प गुच्छ अर्पण कर किया गया। कार्यालय के उद्घाटन समारोह में नगर केसरवानी वैश्य सभा, बरही के अध्यक्ष बलराम केसरी, महामंत्री महेंद्र केसरी, कोषाध्यक्ष काशी केसरी, अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य तरुण सभा के राष्ट्रीय महामंत्री आशीष केसरी, धर्मशाला निर्माण समिति, बरही के अध्यक्ष विनोद केसरी, प्रशासनिक सहयोग अधिकारी राजेश केसरी उर्फ मेवालाल, नगर केसरवानी वैश्य तरुण सभा के अध्यक्ष रणजीत केसरी,पंचायत प्रमुख राजेश केसरी, उमेश केसरी, निर्मल केसरी, पंचायत सचिव जयराम केसरी, अजय केसरी, अशोक केसरी, एवं नगर के सैकड़ों मौजूद रहे।

अकरम टेलीकॉम व आधार सुविधा केन्द्र का उद्घाटन

बड़कागांव : प्रखंड बड़कागांव अंतर्गत ग्राम नापोखुर्द में अकरम टेलीकॉम एवं आधार सुविधा केंद्र का उद्घाटन मुखिया प्रतिनिधि चंद्रिका कुमार साव द्वारा किया गया। इस प्रज्ञा केंद्र का संचालक मोहम्मद वसीम अंसारी है, टेलीकॉम सेंटर का लक्ष्य है की कॉमन सर्विस के रूप में डिजिटल सेवा को जन जन तक आसानी से पहुंचाया जा सके। यहां पर आधार कार्ड से संबंधित सभी तरह का कार्य किया जाएगा तथा सभी तरह के वाहनों का भी इंसुरेंस किया जाएगा। इस मौके पर पंसस प्रतिनिधि जगतनंदन प्रसाद गुप्ता, साहकारिता प्रखंड अध्यक्ष चंदर साव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार यादव, कौशल कुमार, पिंटू कुमार, मोहन साव, फहीम अंसारी, एनुल हक, करीम अंसारी, गंगा कुमार ,राजेश कुमार ,दीपक कुमार, नरेश राणा, राजू साव, हैदर अली ,सनी यादव, मोहम्मद सुल्तान अंसारी, भगवान दास गुप्ता, समेंत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

राहुल बने अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष

बड़कागांव : अंतरराष्ट्रीय हिंदी परिषद प्रदेश कार्यकारी उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार पाण्डेय ने बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत लंगातु निवासी राहुल मिश्रा को हजारीबाग जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। राहुल मिश्रा को जिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष बनाए जाने पर अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रखंड युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रमनेश मिश्रा एवं पंकज मिश्रा ने कहा कि राहुल मिश्रा को जिला युवा अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ बनना बड़कागांव प्रखंड के लिए गर्व की बात है। ब्राह्मण समाज के लोगों ने बधाई व? शुभकामनाएं दी जिनमें मुख्य रुप से रमनेश मिश्रा, पंकज कुमार मिश्रा , सुधाकर पाण्डेय, मनोज तिवारी, मिथलेश पांडे, पवन मिश्रा, राकेश मिश्रा, पवन तिवारी, प्रेमचंद पांडे, उपेंद्र पांडे, मुन्ना पांडे, हरिओम पांडे, कुमोद पांडे और श्यामकिशोर पांडे सहित दर्जनों लोगों ने बधाई दी।

निर्वाचन अंतर्गत मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट

हजारीबाग : निर्वाचन अंतर्गत मतदाता सूची का सतत अद्यतीकरण 2021 एवं मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2022 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य कुमार आनंद ने शुक्रवार को उपायुक्त वेश्म में चयनित लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिनमें राजेश कुमार अंचल अधिकारी सदर सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र, सतीश कुमार अंचल निरीक्षक, विष्णुगढ़ बीएलओ पर्यवेक्षक- 24 मांडू विधानसभा क्षेत्र,राजेश कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर -24 मांडू विधानसभा क्षेत्र, विजयराम बीएलओ- 24 मांडू विधानसभा क्षेत्र, टूकेशवरी देवी बीएलओ- 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र थे। इस प्रकार कुल 5 लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

ओलावृष्टि से रबी के साथ दलहन, तिलहन को भारी नुकसान

बड़कागांव : बड़कागांव शुक्रवार को बीती रात बारिश एवं शुक्रवार दोपहर अचानक हुई ओलावृष्टि से किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में खड़ी किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। हताश किसान अब सरकार से फसल क्षति का आकलन कर मुआवजे की मांग कर रहे हैं। दरअसल, शुक्रवार को दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली और प्रखंड के बादम, हरली, नापो, महुगाईं, डोकटांड़, सांढ़, महदी बड़कागाँव सहित दर्जनों दर्जनों गांवों में जोरदार ओलावृष्टि हुई। आलम यह था कि देखते ही देखते खेतों में और सड़क पर आसमान से बरसती बर्फ की परतें जमा हो गईं। कई ग्रामीणों ने आसमान से बरसती इस आफत को अपने कैमरे में भी कैद किया। अचानक हुई इस बेमौसम की बरसात और ओलावृष्टि से प्याज, लहसुन, लौकी, मिर्च,करैला, टमाटर, आलू, मटर, सरसों, समेत दर्जनों फसलों को काफी नुकसान हुआ है। प्रभावित किसानों ने सरकार से यह मांग की है कि उनके नुकसान का आकलन किया जाए और उचित मुआवजा उन्हें दिया जाए। प्रखंड के किसानों ने कहा की यह ओलावृष्टि हमारी फसलों पर नहीं मालूम पड़ता हमारी किस्मत पर हुआ है। सब खत्म हो गया।

भाजपा नगर मंडल संयोजक बने राजेश सिन्हा

झूमरी तिलैया (कोडरमा) भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष किशोर पंडित के द्वारा ठीक ढंग से संगठनात्मक कार्य नहीं करने गैर जिम्मेदाराना हरकत करने संगठन कार्य में सहयोग नहीं देने तथा बार- बार अनुशासनहीनता का परिचय देने के कारण भाजपा कोडरमा जिला के पदाधिकारी एवं प्रदेश नेतृत्व एवं वरिष्ठ कार्यकताओं के राय मशवरा से यह निर्णय लिया गया कि किशोर पंडित को दायित्व से मुक्त किया जाता है। ज्ञात हो कि किशोर पंडित द्वारा गैर जिम्मेदाराना हरकत करते हुए बिना किसी राय मशवरा के अपने नगर मंडल कमेटी में भारी फेरबदल कर दिया गया। जिससे कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से किशोर पंडित के विरुद्ध रोष प्रकट किया है। पूर्व में भी प्रदेश संगठन के द्वारा दिए गए कई कार्य को किशोर पंडित द्वारा हमेशा नजर अंदाज किया गया। 22 जनवरी 22 को महामंत्री अनूप जोशी के द्वारा कारण बताओ पत्र के उपरांत भी किशोर पंडित के द्वारा अब तक कोई जवाब नहीं दिया गया। भाजपा कोडरमा यह निर्णय लेती है कि संगठन कार्य को कराने हेतु सुचारू रूप से चलाने हेतु वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष राजेश सिन्हा को नगर संयोजक बनाने की घोषणा करती है।

संपादकीय

चुनाव की लाचारी

उत्तर प्रदेश, पंजाब सहित पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू की है इसके साथ ही कोरोना के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए कोरोना गाइड लाइन भी जारी की है। जिसका पालन करने में विभिन्न राजनीतिक पार्टियां भारी कोताही कर रही है। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है और नेताओं के बीच चल रही जुबानी जंग अब जहरीली होने लगी है। असुददीन ओवैसी जिस तरह की भड़काऊ बयानबाजी कर रहे हैं। उसी का दुष्परिणाम है कि उनके काफिले पर गोली चलाने की घटना हुई। हिंसा का लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है जिन युवकों ने औवेसी के वाहन पर गोलीबारी की है उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए लेकिन इससे उन नेताओं को सबक भी लेना चाहिए जो अपनी जुबान से आग उगलते है। ऐसे भड़काऊ और विवादास्पद बयान देना आचार संहिता का उल्लंघन है और इसके लिए चुनाव आयोग को भी ऐसे बयानवीर नेताओं के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि चुनाव के दौरान नफरत का माहौल न बने। इसी तरह कोरोना गाइड लाइन का भी कड़ाई पूर्वक पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग ने रैली और सभाओं में अब एक हजार लोगों के मंजूरी दे दी है लेकिन राजनीतिक रैलियों में हजारों की भीड़ उमड़ रही है। इसमें से ज्यादातर लोग मास्क लगाना भी जरूरी नहीं समझते सोशल डिसिटेंसिंग का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। उत्तर प्रदेश में तो अब रोड शो की स्पर्धा चल पड़ी है जिसमें हजारों की भीड़ शामिल होती है। इस शक्ति प्रदर्शन से राजनीतिक दलों को कितना चुनावी फायदा मिल पाएगा यह तो पता नहीं लेकिन इससे कोरोना के फैलने का खतरा जरूर पैदा होगा। चुनाव आयोग की लाचारी वाकई समझ से परे है। सिर्फ दिशा निर्देश जारी करके चुनाव आयोग अपने कर्त्वव्य की इतिश्री मान लेता है। जबकि उसे चाहिए कि अपने निर्देशों का सक्ति से पालन कराए। खास तौर पर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले नेताओं के खिलाफ तो कड़े कदम उठाना निहायत जरूरी है ताकि चुनाव के दौरान सामाजिक समरस्ता बनी रहे और नफरत का माहौल न बने। चुनाव आयोग कड़ाई बरतेगा तभी उत्तर प्रदेश व अन्य चार राज्यों में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो पाएंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि चुनाव आयोग मतदान के दौरान किसी भी तरह की अप्रीय घटनाओं को रोकने के लिए कारगर पहल करेगा और जो राजनीतिक पार्टियां आचार संहिता और कोरोना गाइड लाइन को ठेंगा दिखाने का दुषाहस कर रही है उनके खिलाफ कड़े कदम उठाने में नहीं हिचकिचाएगा।

विचार

राजनीति का स्वर्णिम दौर कैसे वापिस आएगा!



डॉ. श्रीनाथ सहाय

इसमें कोई दो राय नहीं है कि आज की राजनीति बहुत प्रतिस्पर्धात्मक हो चली है जहां मूल्यों का महत्व हाशिए पर चला गया है। लेकिन कभी-कभी ये देखकर सुखद आश्चर्य होता है कि जब राजनीतिक विरोधियों को एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखा जाता है, दुश्मन के तौर पर नहीं। बीते दिनों एक समाचार खूब प्रसारित हुआ। समाचार यह था कि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने संसद भवन की सीढ़ियों से उतरते वरिष्ठ समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव के पैर छुए। स्मृति ईरानी के पास ही खड़े दूसरे केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अहमद नकवी ने भी मुलायम सिंह को सीढिया उतरने में मदद की। संसद में विरोधी विचारधाराओं के सदस्यगण आपस में मिला करते हैं। केन्द्रीय कक्ष में तो कॉफी हाउस सरीखा माहौल होता है। निजी तौर पर सांसदों के आपसी सम्बन्ध भी होते हैं। लेकिन उ.प्र में विधानसभा चुनाव चूंकि चल रहे हैं इसलिए श्रीमती ईरानी द्वारा श्री यादव के चरण स्पर्श करना समाचार बन गया जिसके साथ में ये भी जोड़ा गया कि अमेठी सांसद ने उ.प्र के यादवों को भाजपा के पक्ष में रिझाने का दांव चला है। पूर्व के भारतीय राजनीतिज्ञों ने विरोधी राजनेताओं के प्रति बेहतरीन आचरण और शालीनता के उदाहरण पेश किए हैं। 1957 में जब अटल बिहारी वाजपेयी पहली बार लोकसभा में चुनकर आए तो जवाहरलाल नेहरू उनके भाषणों से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि एक दिन ये युवा सांसद भारत का नेतृत्व करेगा। कहते हैं 1984 के चुनाव प्रचार के दौरान जादवपुर से मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ चटर्जी के पैर छूकर एक महिला ने उनसे आशीर्वाद मांगा। बाद में सोमनाथ चटर्जी ये सुनकर हतप्रभ रह गए कि ये महिला और कोई नहीं, उस सीट से उनकी प्रतिद्वंद्वी ममता बनर्जी थीं, जो अंततः इस सीट पर विजयी हुई। 1984 के लोकसभा चुनाव में अटलबिहारी वाजपेयी चुनाव हार गए थे। उन्हें अपने इलाज के लिए अमेरिका जाना था, जहां इलाज कराना अब की तरह पहले भी बहुत मंहगा हुआ करता था। राजीव गांधी ने उन्हें अपना विरोधी होते हुए भी संयुक्त राष्ट्र जाने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल का सदस्य बनाकर भेजा। कुछ समय पहले दिल्ली में एक राजनीतिक हस्ती के यहां विवाह में मुलायम सिंह और रास्वसंघ के सरसंघ चालक डा. मोहन भागवत का एक साथ बैठे हुए चित्र प्रकाशित हुआ तो उसे भी यूपी चुनाव से जोड़कर देखा जाने लगा। इस तरह की खबरों से ये पता लगता है कि हमारे देश में निजी जीवन पर भी राजनीति किस हद तक हावी हो चुकी है। कल ही जिस स्थान पर श्री यादव और श्रीमती ईरानी के बीच सम्मान और सौजन्यता का आदान-प्रदान हुआ उन्हीं सीढ़ियों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और स्मृति भी पास आये लेकिन उनके बीच

आर्द्रभूमि का संरक्षण, गंगा का कायाकल्प

जी. अशोक कुमार
महानिदेशक, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन

शहरी आर्द्रभूमि के प्रबंधन के लिए 'शहरी आर्द्रभूमि/जल निकाय प्रबंधन दिशा-निर्देश' नामक एक टूल किट भी एसपीए, नई दिल्ली द्वारा तैयार किया गया है। विकेंद्रीकृत जल भंडारण प्रणालियों के रूप में कार्य करते हुए पेयजल उपलब्ध कराने में छोटे वेटलैंड्स की भूमिका को देखते हुए, एनएमसीजी ने डब्लूडब्लूएफके सहयोग से जिला स्तर की संस्थाओं को आर्द्रभूमि की पहचान करने, वस्तुसूची बनाने, जमीनी सत्यापन करने और उनके संरक्षण के लिए कार्य योजना विकसित करने में सहयोग करने के लिए जिला गंगा समितियों के साथ एक कार्यक्रम शुरू किया है। आर्द्रभूमि की सुरक्षा और संरक्षण एनएमसीजी की प्राथमिकताओं में से एक है, जो आर्द्रभूमि संरक्षण को बेसिन स्तर पर लाने का प्रयास कर रहा है।

एक संवेदनशील क्षेत्र के तौर पर वेटलैंड्स (आद्रभूमि) ऐसे अनोखे इकोसिस्टम हैं जहां जमीनी और जलीय प्राकृतिक वास आपस में मिलते हैं। ये झीलों, नदियों से इतर पानी से सराबोर रहने वाले क्षेत्र होते हैं। ये न तो पूरी तरह से शुष्क भूमि होती है और न ही पूरी तरह से पानी में डूबी होती है। इसमें दोनों विशेषताएं मौजूद होती हैं। रामसर कन्वेंशन के तहत आर्द्रभूमि को परिभाषित किया गया है। इसके अनुसार 'दलदल भूमि, पानी भरा रहने वाला मैदान, पिट (नमी वाला कोयला या अन्य) और पानी चाहे वह प्राकृतिक हो या कृत्रिम, स्थायी हो या अस्थायी, पानी रुका हो या बह रहा हो, ताजा, खारा या नमकीन, समुद्री जल क्षेत्र, जो कम ज्वार पर छह मीटर से अधिक गहरे न हो- आदि को आर्द्रभूमि कहते हैं'। आर्द्रभूमि एक प्रकार से प्राकृतिक अपशिष्ट जल शोधन वाले स्थान हैं क्योंकि वे प्रदूषकों को रोकने के साथ हानिकारक जीवाणुओं को बेअसर करने में सक्षम होते हैं। कार्बन सोखने की क्षमताओं के कारण, आर्द्रभूमि जलवायु परिवर्तन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आर्द्रभूमि भोजन का भी एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं जहां चावल और मछली होती है जिससे अरबों लोगों का पेट भरता है।

आर्द्रभूमि के नष्ट होने और इसे बेकार भू-भाग समझकर सुखाने, भरने और दूसरे उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करने के विचार को देखते हुए, 2 फरवरी को हर साल 'विश्व आर्द्रभूमि दिवस' मनाया जाता है। इसका मकसद पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में इन महत्वपूर्ण जल क्षेत्रों की भूमिका के बारे में दुनियाभर में जागरूकता फैलाना है। इसी दिन 2 फरवरी 1971 में ईरान के रामसर शहर में 'वेंटलैंड्स कन्वेंशन' आयोजित हुआ था। विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2022 का विषय 'लोगों और प्रकृति के लिए आर्द्रभूमि संरक्षण की कार्रवाई' है, जिससे मानवीय उद्देश्यों के लिए आर्द्रभूमि के संरक्षण और सतत उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए किए जाने वाले कार्यों के महत्व पर जोर दिया जा सके। भूजल के स्तर को बढ़ाने के अलावा, आर्द्रभूमि विशाल स्पंज (जलशोषक) या जलाशयों की तरह भी काम करती है जो भारी बारिश के दौरान अतिरिक्त पानी को अवशोषित कर लेती है। यहां बहुत ही समृद्ध जलीय जैव-विविधता पाई जाती है और ये महत्वपूर्ण पोषक तत्व परिवर्तक के रूप में कार्य करते हैं। आर्द्रभूमि पक्षियों की कई प्रजातियों के प्रजनन के लिए उचित वातावरण प्रदान करती है। आर्द्रभूमि में पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं और हंटिंग, लंबी पैदल यात्रा, मछली पकड़ने, पक्षियों को देखना और फोटोग्राफी जैसे कई लोकप्रिय मनोरंजक गतिविधियां भी यहां की जा सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) एक सार्वभौमिक एजेंडा सामने रखता है, जिसमें पानी की कमी को दूर करने के लिए आर्द्रभूमि सहित पानी के अन्य पारिस्थितिकी तंत्र के प्रबंधन और उसके पुनरोद्धार की जरूरत पर जोर दिया गया है। इस तरह, आर्द्रभूमि दुनियाभर में पानी, भोजन और जलवायु से संबंधित कई चुनौतियों का समाधान करने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण हो जाती हैं।

नदी के कायाकल्प में आर्द्रभूमि का संरक्षण विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नदियों की पारिस्थितिक और भूगर्भीय चीजों के संरक्षण में मदद करता है। नदियों में प्राकृतिक बहाव को बनाए रखने में आर्द्रभूमि का योगदान नदियों, विशेष रूप से गंगा को बचाने में इन जल क्षेत्रों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में से एक है।

भारत में लगभग 4.6 प्रतिशत भूमि आर्द्रभूमि के रूप में है, जो 15.26 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करती है। भारत में ऐसी 47 जगहें हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि (रामसर साइट्स) के रूप में मान्यता मिली हुई है, जिसके सतह का क्षेत्रफल 1.08 मिलियन हेक्टेयर से अधिक है। भारत के 47 रामसर स्थलों में से 21 गंगा बेसिन में हैं। अधिकतर रामसर स्थल उत्तर प्रदेश राज्य (9) में हैं, जो एक गंगा बेसिन राज्य है। वेटलैंड्स दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण नदी कायाकल्प परियोजना में से एक-नमामि गंगे कार्यक्रम से अटूट रूप से जुड़े हैं। आर्द्रभूमि नदी के बेसिन क्षेत्र में समग्र जल विज्ञान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और उप-सतह व नदी धाराओं में जल प्रवाह में अहम योगदान करती है। गंगा बेसिन भारत में सबसे समृद्ध नदी प्रणाली है और इससे विविध प्राकृतिक और मानव निर्मित आर्द्रभूमि तैयार होती है जो गंगा और उसकी सहायक नदियों के साथ पारिस्थितिक और जलीय रूप से जुड़े हुए हैं। 4500 से अधिक जलाशय गंगा बेसिन की आर्द्रभूमि व्यवस्थाओं का एक अभिन्न हिस्सा हैं। एमओईएफ एंड सीसी द्वारा राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में चिन्हित 180 वेटलैंड्स में से 49 गंगा बेसिन में स्थित हैं (हिमाचल प्रदेश में एक, उत्तराखंड में सात, हरियाणा में दो, राजस्थान में चार, मध्य प्रदेश में नौ, उत्तर प्रदेश में 16, बिहार में तीन और पश्चिम बंगाल में सात)। साल 2020 में, भारत में घोषित कुल 14 स्थलों में से 9 रामसर स्थलों को गंगा के मुख्य प्रवाह पथ- उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार में घोषित किया गया है। सुर सागर कीठम, कावर ताल और आसन इसके कुछ उदाहरण हैं। आर्द्रभूमि की सूची में नया नाम भी उत्तर प्रदेश के गंगा बेसिन- हैदरपुर वेटलैंड का है, जिसे दिसंबर 2021 में मान्यता मिली। 2021 और 2022 में शामिल किए गए अन्य वेटलैंड्स में त्सो कर आर्द्रभूमि क्षेत्र, लद्दाख, लोनार झील, महाराष्ट्र, थोल झील वन्यजीव अभयारण्य और वाधवाना वेटलैंड (गुजरात) और हरियाणा में सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान व भिंडावास वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं। सुंदरबन खारे पानी का दलदली क्षेत्र है जो भारत और बांग्लादेश के भूभाग में फैला हुआ है। यह दुनिया में सबसे बड़ा मैंग्रोव वन है और पश्चिम बंगाल में गंगा नदी के डेल्टा के पास बहकर आई मिट्टी पर स्थित है। पर्यावरण मंत्रालय के साथ मिलकर काम करते हुए, गंगा बेसिन में राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरणों को मजबूत किया जा रहा है और अन्य राज्यों को आर्द्रभूमि को मान्यता देने व रामसर स्थलों के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। नमामि गंगे कार्यक्रम विश्व वन्य कोष (डब्लूडब्लूएफ), भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्लूआईआई), राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण आदि जैसे कई साझीदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है जिससे आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए एक संस्थागत संरचना तैयार की जा सके। 27 जिलों में गंगा नदी के 10 किमी के बफर क्षेत्र के भीतर राज्य में 282 गंगा के बाढ़ वाले वेटलैंड्स के व्यापक संरक्षण और प्रबंधन के लिए जून 2020 में 'उत्तर प्रदेश में गंगा के बाढ़ के मैदानों का संरक्षण और सतत प्रबंधन' परियोजना को मंजूरी दी गई थी।

वाद्य-कलम-किताबों की पूजा का पर्व



विजय मिश्रा 'अमित'
पूर्व अति महाप्रबंधक(जन.) छग पावर कंपनी

रंगपर्व होली की घोषणाः *यह दिवस रंगो का महापर्व होली के आगमन का सूचक भी होता है।इस दिन होलिका दहन स्थल की सफाई कर अरंडी के पेड़ की डगाल को वहां गाड़ दिया जाता है।होली हेतु एकत्रित लकड़ी,कंडे को वहां सजाने का कार्य आरंभ किया जाता है।नंगाड़े की धून के साथ फाग गाने की होड़ मचने लगती है।*

महान विभूतियों के महान कार्यः *बसंत पंचमी का दिवस न केवल पौराणिक धार्मिक दृष्टि से अपितु इतिहासऔर साहित्य जगत की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण दिवस है। इस दिन ही भीलनी शबरी के घर पधारे भगवान श्रीराम ने उसके ममता भरे जूठे बेर खाए थे।इसी दिन राजाभोज की जयंती मनाई जाती है।इतिहास में ऐसी भी मान्यता है कि शूरवीर महाराज पृथ्वीराज चौहान ने मुस्लिम बादशाह मोहम्मद गौरी को शब्दभेदी बाण चलाकर बसंत पंचमी के दिन ही मार दिया था। हिंदी साहित्य की अमर विभूति महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जन्म बसंत पंचमी के दिन हुआ। कालजयी सरस्वती वंदना वर दे वीणावादिनि वर दे के रचयिता निराला जी निर्धनों के लिएअपने धन धान्य,वस्त्र आदि खुले दिल से दान कर देते थे।*

संपूर्ण सृष्टि में ऋतु परिवर्तन प्रकृति का नियम है। इस नियम केअंतर्गत भारतवर्ष में दो दो मास के क्रम में छःऋतुएंआती है। जिसमें बसंत ऋतु को सर्वश्रेष्ठ ऋतु कहा गया है।यह ऋतु हरेक जीवधारी के लिए चाहे वह पेड़-पौधे,पशु-पक्षी,अथवा मानव समुदाय का हो सभी के लिए हर दृष्टि से हितकारी है।गीता में इसलिए भगवान श्री कृष्ण ने कहा है किऋतुओं में श्रेष्ठ मैं बसंत हूं। बसंत ऋतु के माघ महीने के शुक्ल पक्ष के पांचवे दिन को बसंत पंचमी पर्व के रूप में मनाया जाता है।यह एक ऐसा पर्व है जो कि चहूं ओर नव उमंग -उत्साह- उल्लास की ध्वनि को गूंज्जित करता है।इस पर्व को नवजागृति पर्व भी कहा जाता है।

बंसत पंचमी पर्व मनाने की पौराणिक कथा : पौराणिक कथाओं के अनुसार सृष्टि की रचना ब्रह्मा जी ने की है।उन्होंने सृष्टि की संरचना करते समय विविध जीव-जंतु,कीट-पतंगे, पशु- पक्षी के साथ-साथ पेड़-पौधों की भी रचना की।इन सभी रचनाओं के बाद भी उन्हें सृष्टि में जीवंत सौंदर्य बोध के कलरव की कमी खटक रही थी। सृष्टि में छाए मौन,स्तब्धता सन्नाटा को तोड़ने के लिए उन्होंने अपने कमंडल सेअपनीअंजूरी में जल लेकर वायुमंडल में उसे छिड़क दिया।जिससे चार भुजाओं वाली मनोहारी देवी प्रकट हुई।जिनके हाथों में वीणा,पुस्तक,मालाऔर वर मुद्राएं सुशोभित हो रही थी। नवअवतरीत देवी जी से ब्रम्हा जी ने वीणावादन का आग्रह किया।जिसे स्वीकार करते हुए देवी जी ने जब वीणा का मधुर नाद किया तो सृष्टि में कम्पन,कोलाहल, जलधाराओं में कलकल, हवाओं में सरसराहट की गूंज सुनाई दी।सभी सजीव-निर्जीव चीजों में स्वर-नाद-वाणी की उत्पत्ति हो गई।जिसे देखकर सुनकर ब्रम्हा जी ने उस देवी को वाणी की देवी सरस्वती नाम दिया।सरस्वती देवी का अवतरण बसंत ऋतु के माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी को ही हुआ, अतः इस दिवस को विद्या देवी की जयंती के रूप में मनाने की प्रथाआरंभ हुई।इस तिथी को बसंत पंचमी,ऋषि पंचमी, मदनोत्सव,वागीश्वरी जयंती के नाम से ख्याति मिली।

सरस्वती वाहन हंस की खूबियां : बंसत पंचमी को अवतरित, श्वेत वस्त्रधारी विद्यादेवी हंस पक्षी पर विराजमान होती हैं।उनका वाहन भीअतिविशिष्ट गुणों से भरपूर है।यहअकेला ऐसा जीव है जो नभ में उड़ सकता है।जल में तैर सकता हैऔर थल में विचरण कर सकता है।ऐसी भी मान्यता है कि दूध का दूध ,पानी का पानी करने अर्थात नीर-क्षीर निर्णय की क्षमता हंस में होती है।

बंसत पंचमी अर्थात अबूझ मुहूर्त : अतीव पवित्र दिवस बसंत पंचमी को कोई भी कार्यआरंभ करने के लिए सर्वश्रेष्ठ दिवस माना गया है। ज्योतिष विद्यानुसार इस दिवस मूत्वा मुहुर्त होता हैअर्थात इस दिवस में कोई भी शुभ कार्य आरंभ कर सकते हैं।ऐसी मान्यता के कारण ही इस दिवस पर विवाह, गृह-प्रवेश,वाहन क्रय,कन्याओं का नाक कान छेदन, शिशुओं का शिक्षारंभ, बच्चों काअन्न प्राशन जैसे मानव जीवन के अतिमहत्वपूर्ण मांगलिक कार्यो का निष्पादन सहर्ष किया जाता है।निर्धन छात्र छात्राओं को कॉपी किताब कलम दान देने की भी प्रथा इस दिवस में है।

वाद्यों-किताबों-कलम की पूजा : बंसत पंचमी के दिन कलाकार अपने वाद्ययंत्रों, साहित्यकार अपनी कलम और किताबों की पूजा अर्चना ठीक उसी तरह करते हैं।जिस तरह दीपोत्सव में ब्यवसायीअपने बही खाता तिजोरी की पूजा करते हैं।यह सर्वविदित है की कलाकारों के द्वारा प्रयुक्त समस्त वाद्य निर्जीव होते हैं। वे बेजान वस्तुओं जैसे कि सूखी लकड़ी,लौहतार, मिट्टी,मृतजीवों की चमड़ी आदि से ही निर्मित होते हैं।इन सबको जब कलाकार बजाते हैं तो उन वाद्यों से उत्पन्न ध्वनि (लय ताल) जीवित जनमन को मोहित कर लेते हैं।संगीत की देवी सरस्वती की ओर से बेजान वाद्यों सहित प्रबुद्ध कलाकारों को मिलाअद्भुत वरदान यही है।

पीले वस्त्र- खाद्यान्नों की पूछ परख : सावन मास का नाम लेते ही जैसे हरियाली की छटा मन में छा जाती है।उसी तरह बसंत में संपूर्ण प्रकृति बसंती रंगों से सराबोर दृष्टब्य होती है।बसंत पंचमी के दिन पीले वस्त्र धारण कर विद्या की देवी की पूजाअर्चना उपरांत पीले खाद्य पदार्थो का सेवन श्रेयस्कर माना गया है।ऐसी मान्यता है कि पीले वस्त्र तन मन को सरस बनाकर आनंद उल्लास का संचार करते हैं।इस मौसम में पीले फूलों से लबरेज सरसों,सनई, सूरजमुखी,गेंदा तथाअरहर दलहन के पौधे खेतों में लहलहाते है।गेहूं,चना,और जौ के पके दानों की महक प्रकृति में गमक उठती है। तितली,भंवरे,मधुमक्खियां गुनगुनाते हुए फूलों के मकरंद का रसपान करने कोआतुर होती है।नए वस्त्रों को धारण करने की चाहत लिए पेड़-पौधे भीअपने पुराने पीले हो चले पत्तों को त्याग देते हैं,जिसके बाद पौधों में पल्लवित विविध रंगों की कोंपलों से पौधों का मनमोहक श्रृंगार होता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सियासत खेल हैं ऐसा जहाँ न आंख में



सियासत खेल हैं ऐसा जहाँ न आंख में पानी। शराफत बेच कर आते हैं यहाँ ज्ञानी महाज्ञानी।। छुपा रखा है नियत को शराफत के लिबासों में। पाए तो देश खा जाये , इन्हें करनी हैं बेईमानी।। **आकांक्षा द्विवेदी**

परिश्रम के मार्ग पर बाधाओं का आना



परिश्रम के मार्ग पर बाधाओं का आना स्वाभाविक होता है, यह पगबाधाएं इस बात की सूचक हैं कि हम सही मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। हमें इन अड़चनों से कभी व्यथित नहीं होना चाहिए, जो व्यक्ति बाधाओं से निरंतर संघर्ष करता हुआ आगे बढ़ता है वह ही सफलता को प्राप्त करता है।

खास पाती | चाँदनी निखरती चाँद से सितारे



चाँदनी निखरती चाँद से, सितारे तो बस पहरा करते है वजूद चाँदनी का चाँद से, बादल वेवजह मचला करते है। कर रही क्रीडायें मस्त हवायें चाँद की बहकती चाँदनी में पात वृक्ष के गिर गिर कर शयन का तैयार बिछना करते है। बैठ कर हम धवल शरद चाँदनी कुछ हास करे परिहास करे गुफ्तगू कर एक दूजे से मिलन प्यार भरी अभिलाष करे चपल चन्द्र की चंचला रश्मियां खेले जब थिरक जल थल में ऐसे में आओ प्रियतम, अन्तस अपने प्रेम का उजास करे। **डा. मधु त्रिवेदी**

हे समर्थक तुम दुखित मत हो



हे समर्थक तुम दुखित मत हो... जो नेता आज तुम्हारा है कल किसी और का था परसों किसी और का होगा ये राजनीति का कुचक्र ऐसे ही चलता रहेगा तुम इन सब बातों पर अपना समय नष्ट मत करो तुम मूर्ख बनने के लिए ही समर्थक बने हो वही बनते रहो! **कुमार संतोष**

जब छोटी थी तो लगता था जिंदगी

जब छोटी थी तो लगता था जिंदगी में सबसे बड़ी चीज प्रतिभा होती है...इसके द्वारा हम सब कुछ प्राप्त कर सकते हैं 12th तक आते-आते विचार थोड़े बदले प्रतिभा और पैसे का संयोग 50-50 होना चाहिए नहीं तो प्रतिभा हारने लगती है ? 30 के बाद अहसास हुआ कुछ हासिल करने के लिए प्रतिभा और पैसे के साथ ज़ज्बे का भी संयोजन हो तो कोई बात बनें और अब लगता है जी जिंदगी का नाम जुगाड़.कॉम रख दूँ जुगाड़ ही राम है जुगाड़ ही रहीम है जुगाड़ ही करीम-कृष्ण खुदा हुआ तो सब एक बार प्रेम से बोलो जुगाड़ मैया कि ? **तनु भारद्वाज विदेह**

उसने मुट्ठी भर पैसे दिए उसने

उसने मुट्ठी भर पैसे दिए उसने 2 मुट्ठी पैसे दिए उसने दस मुट्ठी पैसे दिए उसने हजारों मुट्ठी पैसे दिए उसने ज़मीन ,जायदाद दी और देहरी से कहा, और क्या चाहिए तुम्हें औरत नर्म आँखों से सूने घर को देखती रही। **माधुरी स्वर्णकार**

डाल के सब पर भार मज़े में



डाल के सब पर भार मज़े में रहते है। हो जिनकी सरकार मज़े में रहते है।। पछताते हैं वो जो रहते हैं तन कर। कर लें जो मनुहार मज़े में रहते है।। मेहनतकश के हिस्से में है दुश्वारी। और जो हैं बेकार मज़े में रहते है।। क्या लेकर आए थे क्या ले जाएँगे। बाँट के सबको प्यार मज़े में रहते है।। अपनों से जीते तो क्या जीते कमल। मान के अपनी हार मज़े में रहते है।। आपका दिन शुभ और मंगलमय हो। **कमलकांत डोंगरे**

सुनो गत वर्षों में कभी-कभी खुशियां

सुनो गत वर्षों में कभी-कभी खुशियां व गम मिले तो होंगे कभी-कभी शब्द बहुत से बेवजह दिल को चुभे तो होंगे कुछ महीने गरम और कुछ ठंडे अधिक रहे तो होंगे तूफानों के घने घेरों में बादल कभी घिरे तो होगें। कभी बर्फीली राहों में पैदल खूब चले तो होंगे कभी किसी से हुई मोहब्बत तो नफरत कभी बोए तो होगें। कुछ हमसफर प्यारे से साथी बिछुड़ गए तो होंगे कोई हमसे लड़ा बहुत है मिले प्यार से कई तो होगें छीनी किसी ने खुशियाँ हमारी आँसू किसी ने पोछे तो होंगे कई अधूरे सपने हमारे कई ख्वाब पूरे हुए तो होंगे। रंग बदलती इस दुनिया में बहुत से मेरे अपने तो होगें। न कोई गिला न कोई शिकवा दिल में अरमान जगे तो होंगे। हर नवल वर्ष के स्वागत में बीज यादों के जमे तो होंगे बीज यादों के जमे तो होंगे।

QUIZ TIME

1) प्रतिवर्ष 25 सितम्बर को पूरे भारत में 'अंत्योदय दिवस' किनकी जयंती पर मनाया जाता है?

2) फरवरी 2021 में भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास-2020' कहाँ आयोजित किया गया?

3) स्कॉर्पियन श्रेणी की स्वदेश निर्मित तीसरी पनडुब्बी का क्या नाम है जो 10 मार्च, 2021 को भारतीय नौसेना में शामिल हुई?

4) फरवरी 2021 में आरबीआई ने अपने नियामक दायरे में किस बैंक को शामिल कर लिया?

5) कौन अखिल भारतीय प्रबंधन संघ के नए अध्यक्ष बने है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) पं. दीनदयाल उपाध्याय (2) महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, राजस्थान (3) आईएनएस करंज (4) स्टेट बैंक ऑफसिकिम (5) सी के रंगनाथन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 05 फरवरी की घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1630- सिख गुरु हर राय जी का जन्म। 1922- चौरी चौरा में थाने पर भीड़ के हमले में 22 पुलिसकर्मियों की मौत। 1937- चार्ली चैप्लिन के अभिनित पहली टॉकी 'मॉडर्न टाइम्स' रिलीज की गई। 1953- ब्रिटेन में चीनी और इससे बने उत्पादों के सीमित वितरण का नियम समाप्त। 1971- अपोलो 14 चांद की सतह पर उतरा। 1976- बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन का जन्म। 1985- पुर्तगाल के विश्वप्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो का जन्म। 2008- आध्यात्मिक और धार्मिक नेता महर्षि महेश योगी का निधन। 2013- बांग्लादेश में एक न्यायाधिकरण ने एक कट्टरपंथी विपक्षी दल के शीर्ष सदस्य अब्दुल कादर मौला को 1971 में पाकिस्तान से आजादी की लड़ाई के दौरान युद्ध अपराधों के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। 2014- प्रसिद्ध भजन गायिका जुथिका रॉयका निधन । 2016- वित्त मंत्रालय ने यू-टयूब चैनल लॉन्च किया। 1990 -भुवनेश्वर कुमार - भारतीय तेज गेंदबाज हैं। 1630 -हर राय - सिखों के सातवें गुरु का पंजाब के कीरतपुर। 1639 - ज़ेबुन्निसा -मुग़ल बादशाह औरंगज़ेब की पुत्री थी। 1916 -जानकी वल्लभ शास्त्री - प्रसिद्ध कवि। 1968 - प्रेम सिंह तमांग -सिक्किम के राजनीतिज्ञों में से एक हैं। 1976 - अभिषेक बच्चन - फ़िल्म अभिनेता 1932 -शंख घोष -प्रसिद्ध बांग्ला कवि, आलोचक एवं शिक्षाविद थे।

डीसी कार्यालय में जनता दरबार आयोजित

मेदिनीनगर पलामू : उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया.इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। उपायुक्त श्री रंजन ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा से संबंधित लोगों को ऑन स्पॉट उप विकास आयुक्त कार्यालय भेज उनकी समस्याओं के निदान हेतु डीडीसी को निर्देशित किया।इसके अलावे अन्य समस्याओं से संबंधित शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारी को पत्र अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादन करने को लेकर निर्देशित किया। जनता दरबार के माध्यम से ऑन स्पॉट दिया गया बैशाखी चैनपुर के नेनुवा से आये दिव्यांग अमित विश्वकर्मा उम्र 12 वर्ष अपनी मां के साथ जनता दरबार में पहुंचे थे। अमित की मां ने उपायुक्त को बताया कि उनका बेटा दिव्यांग है जिसके वजह से चलने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है साथ ही कई बार चैनपुर प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने के बावजूद उनके बेटे का दिव्यांगता पेंशन नहीं बन पाया है। अतः उन्होंने उपायुक्त से अपने बेटे के लिये वैशाखी एवं दिव्यांगता पेंशन स्वीकृत करने हेतु अनुरोध किया।इस पर उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को अविलंब बच्चे को बैशाखी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया जिसके पश्चात अमित को ऑन स्पॉट बैशाखी उपलब्ध करा दिया गया।इसके अलावे उपायुक्त के पास पहुंची अधिकतर शिकायतें भूमि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, खाद्य आपूर्ति विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि से संबंधित थी।

गरीबों को न आवास मिला, न दुकान

अमीरों ने बोली लगाकर गरीबों के मुंह पर जड़ा तमाचा

हजारीबाग : अब इसे गरीब की किस्मत कहें या सरकारी योजनाओं का मूर्त रूप ना लेना, असल गरीब आज भी उपेक्षित हैं। जो सही मायनों में गरीबी की हर आहर्ता को पूरी करते हैं उन्हें नगर निगम द्वारा कोलघट्टी में ना आवास मिला है और ना ही मटवारी स्थित गांधीनगर में एक भी दुकान गरीब ले सका है। दुकान लेना तो खैर उनके लिए असंभव ही है। जहां एक दुकान की बोली 14 लाख रुपए डाक जाएगी वहां कई गरीब कैसे डाक में भाग लेने की सोच भी सकता है। जब गांधी मैदान में दुकान बननी शुरू हुई थी तो उस वक्त के आला अधिकारियों ने कहा था कि यह दुकान फूटपाथ दुकानदारों को निर्गत किया जाएगा। जैसे-जैसे समय गुजरता गया निगम के नियम और कानून भी बदलते चले गये। शुरूआत में लॉटरी सिस्टम के द्वारा दुकान दिये गये। वो लॉटरी सिस्टम कम और सेटिंग सिस्टम ज्यादा था। उसके बाद की दुकानों को निलामी प्रक्रिया से दिया गया। जिसमें 14 से 15 लाख तक की बोली गयी। इस तरह एक भी दुकान गरीबो को नसीब नहीं हुआ। दूसरा मामला कोलघट्टी स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना घटक 3 का है। इस योजना के तहत 288 घरों का निर्माण किया गया। आवास से वंचित रहे बीपीएल परिवारों से आवेदन लिया गया। उच्च अधिकारियों द्वारा गठित टीम के निगरानी में आवास मुहैया करा भी दिया गया। जानकार बताते है इसमें अधिकारियों और कुछ वार्ड पार्षदों की मौज रही। बताया जा रहा है कि नगर निगम कार्यालय में मोटी रकम चढावा लेन-देन कर अपात्रों को आवास का लाभ दे दिया गया है। एक अदद छत की बांट जोहता गरीब आवास योजना से वंचित है और जिला प्रशासन है कि अपात्रों को योजना का लाभ देकर आंकड़े गिना रहा है। कई गरीब ऐसे भी हैं जिन्हें आवास नहीं मिला और उनसे वसूली की भी बात सामने आ रही है। सच्चाई ये है कि आवास विहीन वास्तविक पात्र गरीब और उसके परिवार का कोई पुरसाहाल नहीं है। इस मामले में महपौर रोशनी तिर्की ने कहा कि आवास योजना में भ्रष्टाचार हुआ है।

सांसद ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री गिरिराज सिंह जी से मुलाकात की

मेदिनीनगर पलामू : दिनांक 3 फरवरी 2022 को माननीय सांसद पलामू श्री विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री गिरिराज सिंह जी से मुलाकात की। इस अवसर पर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत दोनों जिलें पलामू एवं गढ़वा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छूटे हुए सड़कों के निर्माण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला जो उग्रवाद प्रभावित हैं एवं नक्सल गतिविधियों से आक्रांत रहने के चलते दुर्गम क्षेत्रों में अभी भी सड़कों का अभाव है। यह भी विदित है कि इन क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा के लिए एवं पुलिस बल की उन क्षेत्रों में उपस्थिति बनाए रखने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क संपर्क योजना, वामपंथी उग्रवाद (फ्ळढछहए) के तहत बढ़गढ़ प्रखंड में 6 एवं रमकंडा प्रखंड में 3 कुल 9 सड़कों का निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

उक्त सड़कों का निर्माण लगभग 78.40 किलोमीटर 71.24 करोड़ की राशि से की जाएगी। उल्लेखनीय है कि श्री राम ने गृह मंत्रालय एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से उपरोक्त सड़कों के निर्माण की मांग की थी, उसी पृष्ठभूमि में उक्त सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गयी है। माननीय सांसद ने उपरोक्त सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी एवं केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री गिरिराज सिंह जी के प्रति पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है।

बुजुर्ग समाजसेवियों ने किया केशरवानी कार्यालय का उद्घाटन

बरही : 23 फरवरी को नगर केशरवानी वैश्य सभा की ओर से 28 वॉ केशरवानी मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। उसकी तैयारी पूरे जोर शोर से की जा रही है। इसी निमित पटना रोड स्थित अजय केसरी के मकान में 28 वां केसरवानी मिलन समारोह मनाने के लिए चर्चा हेतु कार्यालय का उद्घाटन गया रोड पंचायत के पूर्व प्रमुख ईश्वर प्रसाद केसरी एवं हजारीबाग पंचायत प्रमुख लखन प्रसाद केसरी जी के द्वारा फीता काटकर तथा महर्षि कश्यप मुनि के चित्र पर पुष्प गुच्छ अर्पण कर किया गया। कार्यालय के उद्घाटन समारोह में नगर केसरवानी वैश्य सभा, बरही के अध्यक्ष बलराम केसरी, महामंत्री महेंद्र केसरी, कोषाध्यक्ष काशी केसरी, अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य तरुण सभा के राष्ट्रीय महामंत्री आशीष केसरी, धर्मशाला निर्माण समिति, बरही के अध्यक्ष विनोद केसरी, प्रशासनिक सहयोग अधिकारी राजेश केसरी उर्फ मेवालाल, नगर केसरवानी वैश्य तरुण सभा के अध्यक्ष रणजीत केसरी,पंचायत प्रमुख राजेश केसरी, उमेश केसरी, निर्मल केसरी, पंचायत सचिव जयराम केसरी, अजय केसरी, अशोक केसरी, एवं नगर के सैकड़ों मौजूद रहे।

कस्तूरबा गांधी विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू

हरिहरगंज पलामू : झारखंड शिक्षा परियोजना रांची के निदेर्शानुसार कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय हरिहरगंज व पीपरा में सत्र 2022 - 23 में वर्ग 6 और वर्ग 9 के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक अभिभावक 28 फरवरी 2022 तक विद्यालय अवधि में पहुंचकर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। विद्यालय कि वार्डेन चंदू कुमारी ने बताया कि सत्र 2022 - 23 के लिए हरिहरगंज में वर्ग 6 में 75 वर्ग 9 में 25 और पिपरा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में वर्ग 6 में 50 वर्ग 9 में 15 छात्रों के लिए सीट निर्धारित है।

सकारात्मक सोच और दोगुनी ऊर्जा के साथ काम करने की आवश्यकता : अविनाश देव

मेदिनीनगर पलामू : आज दिनांक 4 फरवरी 2022 को संत मरियम स्कूल के प्रांगण में कोविड-19 से बच्चों के पढ़ाई में गिरावट के बीच शिक्षकों की चुनौतियां अभिभवकों की जिम्मेवारी और भविष्य का एजेंडाऱ विषय पर शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में स्कूल के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने कहा कि लंबे समय बाद बच्चे स्कूल आ रहे हैं हमें उनकी मानसिकता को समझ कर, बेहतर संयोजन स्थापित करके गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।लंबे समय से बच्चे हमसे दूर है। ऐसे में स्वाभाविक है कि उनके मन में अनेक प्रकार के प्रश्न होंगे। उनकी कार्यशैली पहले की भांति नहीं मिलेगी परंतु इन सभी व्यवधानों के बीच हम सभी को उनके लिए सकारात्मक भाव रखते हुए सहनशीलता के साथ दुगुनी ऊर्जा से उन्हें मुख्य पटरी पर लाने का हर संभव प्रयास करना है। सभी शिक्षकों में यह काबिलियत भी है बस इसे बच्चो के बीच लागू करने की आवश्यकता है। स्कूल के प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि आज के संगोष्ठी का उद्देश्य यह है कि स्कूल खुलने से पूर्व हम सभी आने वाली चुनौतियों पर बेहतर मंथन करे ताकि हम उसका आसानी से हल कर हल निकालने पर बल दे सके। उप प्रधानाचार्य एस बी शाह ने कहा कि सभी शिक्षकों में अलग-अलग गुण होते हैं। हम सभी को अपने अंदर की क्वालिटी को पहचान कर स्कूल के सभी बच्चों में उसे लागू करने की आवश्यकता है तभी स्कूल का बेहतर सर्वांगीण विकास हो सकता है। आज के संगोष्ठी को सफल बनाने में प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, एसबी साहा, अचला सिंह, एन एन मिश्रा, सुधांशु सर निवेदिता कुमारी, रौशन राज, गौरव तिवारी, सहित समस्त शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

एम. के. डी.ए.वी. में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन

मेदिनीनगर पलामू : 4 फरवरी 2022 को एम. के. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग भारत सरकार के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में डी.ए.वी. प्रबंधकृत समिति के पी.एस.1 श्री जेपी शूर साहब ने सभी विद्यालयों में इस कार्यक्रम को आयोजित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन. खान ने मंत्रोचार एवं दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर प्राचार्य जी ने कहा कि यह कार्यक्रम आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है ।भारत ऋषि-मुनियों का देश रहा है और उन्होंने योग को जीवन के लिए उत्तम एवं आवश्यक बताया। सूर्य को ऊर्जा का मुख्य स्रोत माना गया है अतः हम सूयोर्पासना के साथ 12 मंत्रों से सूर्य नमस्कार करते हैं जो अपने आप में संपूर्ण योग है। डॉक्टर खान ने कहा कि आज महामारी काल में हर व्यक्ति को अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास करने की आवश्यकता है ऐसे में सूर्य नमस्कार सर्वोत्तम है।आज योग की महत्ता को पूरे विश्व ने पहचाना तथा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है ।कार्यक्रम में विद्यालय के कुछ बच्चों ने ऑफलाइन तथा अन्य ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक श्री राजीव कुमार मिश्रा ने सभी को 12 मंत्रों के साथ सूर्य नमस्कार करवाया इसके अतिरिक्त हलासन , एवं भुजंगासन का भी अभ्यास करवाया।

भंडार बालिका उच्च विद्यालय में हुआ शौचालय का निर्माण

विश्रामपुर पलामू : विश्रामपुर प्रखंड के भंडार गांव स्थित बालिका उच्च विद्यालय परिसर में रेहला ग्रासिम इंडस्ट्री के द्वारा सुव्यवस्थित शौचालय का निर्माण कार्य कराया गया। जिसे लेकर विद्यालय की छात्राएं व विद्यालय परिवार में काफी हर्ष बनी हुई है। विद्यालय में शौचालय की अनुपलब्धता की स्थिति में विद्यालय परिवार के द्वारा प्रखंड के प्रमुख संतोष कुमार चौबे को एक आवेदन दिया गया था। साथ ही आग्रह किया गया था कि वे किसी भी मद से विद्यालय परिसर में एक शौचालय का निर्माण कार्य कराने में सहयोग करें। उनका कहना था कि विद्यालय में लगभग 300 बालिकाएं शैक्षणिक कार्य करती है। शौचालय के अभाव में उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही विद्यालय परिवार संतोष कुमार चौबे से आग्रह करते हुए कहा कि इतनी संसाधन भी नहीं जिससे शौचालय का निर्माण करा सके। विश्रामपुर प्रखंड प्रमुख इसे गंभीरता से लेते हुए छात्र हित में रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज के एचआर अजीत तिवारी से संपर्क स्थापित किया। साथ ही शौचालय की जरूरत बताई। ग्रासिम एचआर अजीत तिवारी इसे गंभीरता से लेते हुए शौचालय निर्माण कार्य कराने की दिशा में पहल शुरू किया। साथ ही एचआर अजीत तिवारी व विश्रामपुर प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार चौबे विद्यालय पहुंच निर्माण कार्य कराने की पूरी जिम्मेवारी विद्यालय परिवार को सौंपी। शौचालय गुणवत्तापूर्ण बनाई गई है। शौचालय निर्माण के बाद विद्यालय की छात्राओं में काफी हर्ष देखी गई। सभी ग्रासिम इंडस्ट्रीज व विश्रामपुर प्रमुख को इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

कोरोना एवं दो दिनों से बरसात का सीधा असर आत्मनिर्भर कलाकारों पर

चालीस वर्षों में ऐसी आर्थिक मंदी मैंने कभी नहीं देखी थी : मूर्ति कलाकार

हुसैनाबाद पलामू : पूरे अनुमंडल क्षेत्र में मूर्ति कला के क्षेत्र में काम करने वाले कारीगरों का कोरोना महामारी एवं झारखंड सहित पलामू में बारिश के मौसम ने उनके पेट पर पत्थर मार दिया हैं। इस सम्बन्ध में संवाददाता ने पटेल भवन में मूर्ति कला का काम रहे कारीगर भिखारी राम से मिलकर पूरी हाल को जाना इस सबन्ध में हैदरनगर के रहने वाले भिखारी राम ने बताया कि मैं 40 वर्षों से मूर्तिकला का काम करते आ रहा हूं लेकिन ऐसी आर्थिक मंदी का असर पहले नही देखा था।आगे इस संबंध में उन्होंने बताया कि एक तरफ करोना महामारी तो दूसरी तरफ बे मौसम बरसात से इस बार हमारी लागत पूंजी भी निकलना मुश्किल हो गया है। भिखारी राम ने बताया कि दो महीना मेहनत करने के बाद सभी मूर्ति बिक जाती हैं जिससे 50,000 के लगभग था मुनाफा निकलता हैं जिसमें हम लोग कई लोग दिन रात मेहनत करते हैं उसके बाद एक वर्ष में दो तीन बार मूर्ति बनाने का कार्य चलता हैं सरस्वती पूजा में कुछ ज्यादा उमीद होती थी जिससे एक वर्ष भर हम लोग अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं ।लेकिन इस बार रोना महामारी को लेकर सभी स्कूल कोचिंग संस्थानों में ताला लटकी हुई हैं और सरस्वती पूजा अधिकतर स्कूल एवं कोचिंग संस्थानों में होती थी परन्तु इस बर्ष बिक्री नही है जिसके कारण आर्थिक मंदी असर साफ देखने को मिल रहा हैं । इस बार मूर्ति खरीदने वाला ग्राहक भी नहीं आ रहा है वहीं दूसरी तरफ ओसभरी ठंड एवं सरस्वती पूजा से ठीक एक दिन पहले बारिश से मेरा कमर तोड़ दिया हैं एक प्रश्न के जवाब में भिखारी राम ने बताया कि इस बार जितना मेरा लागत लगा है उतना निकालना भी मुश्किल हैं। 40 वर्षों से मूर्ति कला के क्षेत्र में काम करते आ रहा हूं लेकिन इक्का-दुक्का ग्राहकों ही आ रहे है इसमें भी मोलभाव इतना है की मजबूरी में लागत दामों में मूर्ति को देना पड़ रहा है मूल बात यह है कि करोना महामारी की मंदिर बाजार में साफ देखने को मिल रहा ह।

मानव सेवा के जज्बे से ओतप्रोत हैं एसपी

मेदिनीनगर पलामू : पलामू जिले में कानून व्यवस्था से संबंधित जिम्मेदारियों को बखूबी निभाना,पुलिसिया पेशे से जुड़े कार्यों के प्रति इमानदारी पूर्वक कार्य करना एवं अपने अधीनस्थ कर्मियों से करवाना यह तो रूटीन कार्य है इससे अलग समाज सेवा के लिए भी सतत प्रयासरत रहना व्यक्ति की महानता का परिचायक होता है.कुछ ऐसी ही शख्सियत है पलामू एसपी चंदन कुमार सिंहा की। एसपी श्री सिंहा की मुख्य पहचान जरूरतमंदों की हर संभव मदद करने का है।श्री सिन्हा कभी गरीब बच्चियों को मोबाइल देते हैं तो जरूरतमंदों को खून, ताजा उदहारण चार फरवरी का है जब चैनपुर की रहने वाली रेहाना खातून को ए+ब्लड की आवश्यकता थी रेहाना खातून के पति ने एसपी चंदन कुमार सिन्हा को फोन कर ब्लड की मांग की जिसके पश्चात एसपी के पहल पर आरक्षी शशिकांत चंदन द्वारा उक्त महिला को रक्त दान कर दिया गया। मरीज के परिजन का नंबर, +918709019813, इससे पूर्व एसपी कई मौकों पर स्वयं रक्तदान कर कई लोगों की जान बचा चुके हैं।इसके अलावे उन्होंने पहल करते हुए जिले के कई ऑटो चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस भी बनवाया एवं उन्हें प्रोत्साहन राशि भी दिया।वहीं मैट्रिक के मेधावी छात्र- छात्राओं को अपने आवास पर सम्मानित कर उनके साथ लंच कर मोटीवेट भी कर चुकें हैं।

वन विभाग पदाधिकारी को नहीं आने पर डीसी एवं एस डी ओ को लिखा पत्र

नावा बाजार पलामू : नावा बाजार प्रखड कार्यालय के समक्ष शुक्रवार को नावा बाजार क्षेत्र से सैकड़ों वन अधिकार समिति के अध्यक्ष,सचिव एवं सदस्यगन्न के साथ जिला संमनवक एकता परिषद अरुण श्रीवास्तव,अवध सिंह, पहाड़ी उत्थान समिति बिश्रामपुर सह नावा बाजार चंद्रदेव मेहता, जगदीश सिंह,सरिता सिन्हा ने बैठक में शामिल हुए । बैठक बुलाने के कारण व्यक्तिगत दावा पत्र को वन विभाग के द्वारा स्थल जांच कराने के लिए नावा बाजार अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव के द्वारा वन अधिकार समिति को बैठक बुलाया गया था । जिसने वन क्षेत्र पाटन एवं मोहम्मद गंज भी शामिल है । सूचना के बावजूद दोनों में से कोई वन विभाग के पदाधिकारी बैठक में शामिल नहीं हुए । इसके बाद वन कानून 2006 के तहत लंबित दावा संबंधित फॉर्म को लेकर के अंचला अधिकारी से 5 सदस्यीय टीम ने मुलाकात की । और नावा बाजार में लंबित पड़े व्यक्तिगत दावा पत्र को अनुमंडल स्तर पर भेजने के लिए मांग किया । इस मांग को स्वीकार करते हुए अंचला अधिकारी ने पलामू उपायुक्त एवं एसडीओ को पत्र लिखा है ।

एक नजर में

आरडीडीई ने विद्यालय का किया निरीक्षण

हरिहरगंज पलामू : आरडीडीई शिवनारायण साह ने शुक्रवार को मेन रोड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय हरिहरगंज का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने विद्यालय में साफ -सफाई के साथ ही कोविड 19 गाइडलाइन का हर हाल में पालन करने का सख्त निर्देश दिया । वहीं उन्होंने शिक्षक सहित बच्चों को शारीरीक दूरी बनाकर रखने तथा मास्क के प्रयोग करने की हिदायत दी । मौके पर प्रधानाध्यापक योगेंद्र प्रसाद शिक्षक बबलू कुमार अनूपमा कुमारी प्रतिमा सिंह निलोफर शाहीन एसएमसी अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता ।

सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

मनातू पलामू : पलामू जिले के मनातू शुक्रवार को जिले के मनातू थाना में सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई मनातू थाना परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी शेखर वर्मा एसआई जितेंद्र मिश्रा रवि चौरसिया सीताराम लोहरा ने किया जबकि विशेष रूप से सीओ शेखर वर्मा एसआई जितेंद्र मिश्रा ने उपस्थित थे इस दौरान कहा कि सरस्वती पूजा में डीजे पर अश्लील एवं भड़काऊ गाने नहीं बजेंगे वही एसआई जितेंद्र मिश्रा ने कोविड-19 के तहत जारी दिशानिर्देश का पालन करते हुए पूजा संपन्न कराने की बात कही शिव ने निर्धारित समय पर मूर्ति का विसर्जन करने की बात कही प्रशासन ने बताया कि पूजा के दौरान शराबियों पर विशेष नजर रखी जाएगी बैठक में विद्या की देवी सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण मनाने के साथ प्रतिमा विसर्जन निर्धारित समय पर करने का संकल्प लिया गया बैठक में सभी वर्ग के लोग मौजूद रहे पूर्व विधायक प्रतिनिधि उमेश प्रसाद, साहू, शिवकेश्वर गिरी, सांसद प्रतिनिधि बेगू साहू, राजेश प्रसाद, राजू वीरेंद्र मेहता, प्रमोद अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शिक्षा पदाधिकारी को पलामू शिक्षा अधीक्षक का प्रभार

मेदिनीनगर पलामू : पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण को अतिरिक्त प्रभार के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू का दायित्व झारखंड शिक्षा विभाग ने दी है। 31 जनवरी को पूर्व जिला शिक्षा अधीक्षक मारिया गोरीति तिर्की को सेवानिवृत्त हो जाने के बाद से पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक का पद रिक्त था। अब उपेंद्र नारायण अगले आदेश तक जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक दोनों के कार्यों को संपादित करेंगे। उक्त अवसर पर श्री नारायण ने कहा कि अतिरिक्त प्रभार के रूप में मिले कार्यों को वे इमानदारी पूर्वक करेंगे। मौके पर लिपिक राजीव रंजन पांडेय, प्रदीप कुमार सिंह, प्रेम पाठक, अशोक कुमार, राही, मनीष कुमार, राजीव कारण, इम्तियाज अली, अविनाश कुमार, राजकुमार, अजय कुमार, मानकी, भकरू अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

एमसीसी टूर्नामेंट की सेमीफाइनल में चार टीमें शामिल

उंटारी रोड : महाकाल क्रिकेट क्लब बिंदुआ टूनामेंट का आखरी क्वार्टर फाइनल गढ़वा जिला के मझिआंव और करकटा के बीच खेला गया जिसमें पहले बालेबाजी करते हुए करकटा की टीम ने मझिआंव को 89 रनों का लक्ष्य दीया, पीछा करने उतरी मझिआंव की टीम मात्र 74 रन बनाकर सिमट गई। सेमी फाइनल में पहुंचे चार टीमें, पलामू जिले के मुरमा, जोगा, बंदला और गढ़वा जिला के करकटा की टीम सेमी फाइनल में जगह बनाई, मौके पर महाकाल क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष सचिन सिंह, बंटी सिंह, सदस्य सोनू सिंह, मनीष कुमार छोटू सिंह, एस कुमार यादव, कुंदन कुमार , अमित सिंह, राहुल यादव, सत्यम सिंह के साथ, काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

फल एवं सब्जियों की खेती कर आय बढ़ा सकते हैं पाटन के किसान: कृषि वैज्ञानिक

पाटन प्रखंड क्षेत्र के सतउआ गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन

मेदिनीनगर पलामू : आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कृषि सहकारिता, किसान कल्याण विभाग एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से पाटन प्रखंड के सतउआ गांव में किसान गोष्ठी सह प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। गोष्ठी की शुरूआत कृषि अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने की। वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने कहा कि पाटन की ज्यादातर भूमि बलुई-दोमट है। यहां अन्य प्रखंडों की तुलना में सिंचाई के लिए आसानी से जल भी उपलब्ध है। अतः यहां के कृषक फल एवं सब्जियों की खेती कर अपनी आय पांच से छह गुणा बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कृषकों को सलाह दिया कि वे टीशू कलचर सागवान, थाई अमरूद, केला-जी-9 तथा सेब की खेती कर प्रति एकड़ 5 से 6 लाख रुपए का शुद्ध लाभ कमा सकते हैं। यह सब नकदी फसल है। इससे किसानों को काफी लाभ होगा। उन्होंने मिठी मकई (स्वीट कॉर्न) की खेती, गजेन्द्र ओल तथा गरमा मूंग की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा यहां के कृषकों को इसकी खेती करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इन फसलों को लगाने में कृषकों को किसी तरह की कोई समस्या आए तो वे चियांकी स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

किसान गोष्ठी के बाद सभी कृषकों को आत्मा पलामू के द्वारा कृषक के खेतों में लगे चना की फसल का भ्रमण कराया गया। साथ ही उन्हें इसकी खेती की विस्तार पूवर्क जानकारी दी गयी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी असफाक अहमद ने जिला में कृषि विभाग की ओर से किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ लेने की बातें कही। पाटन प्रखंड के एटीएम विनय कुमार ने कृषकों की आय बढ़ाने तथा प्रखंड क्षेत्र में स्वीट कॉर्न का प्रत्यक्षण कराने की बातें कही। मौके पर किसान मित्र अजय मेहता, सहित अनिरूद्ध महतो, प्रमोद सिंह, संतोष तिवारी, रामजन्म सिंह, प्रखंड कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र साहु, जैवित पाण्डेय, मुरारी पाण्डेय, अजय पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, बच्चु यादव, देवन्द्र प्रसाद के अलावा गांव के अन्य कृषक उपस्थित थे।

शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक

हरिहरगंज पलामू : शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती को लेकर हरिहरगंज संडा बॉर्डर समीप आनंद क्लिनिक में शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक अध्यक्षता रामवृक्ष मस्ताना व संचालन अखिलेश कुमार मेहता ने की। बैठक में उपस्थित लोगों ने शहीद जगदेव प्रसाद की सफल जयंती मनाने को लेकर अगला बैठक आगामी 8 फरवरी को गौतम बुद्धा पब्लिक स्कूल में रखा गया है। उपस्थित लोगों ने 8 फरवरी की बैठक में ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल होने का अपील कि है। सभी लोगों की उपस्थिति में जयंती मनाने की तारीख का निर्णय लिया जाएगा। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद एक विचारधारा थे। उन्होंने अपने समाज के लिए अपने प्राणों की आहुति तक निछावर कर दिए। कहा कि शहीद जगदेव प्रसाद के बताए हुए पद चिन्हों पर चलकर समाज को नई दिशा में ले जाया जा सकता है।

कोविड से मृत व्यक्तियों से संबंधित मुआवजा प्रक्रिया करें पूर्ण : डीसी

लोहरदगा : उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो की अध्यक्षता में शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में राजस्व संबंधी बैठक हुई। बैठक में खनन पदाधिकारी को अवैध रूप से होने वाले खनन कार्य पर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार अवैध रूप से स्टोन-चिप्स का कार्य करने वाले पर भी कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। राजस्व का लक्ष्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में मत्स्य विभाग, निबंधन, उत्पाद, अंकेक्षण, कृषि बाजार समिति, वाणिज्यकर, नहर अंचल, परिवहन, मापतौल समेत अन्य संबंधित विभागों को राजस्व का लक्ष्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया।साथ ही कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल, लोहरदगा को समर्थ आवासीय विद्यालय हिरही और स्वेटर उत्पादन केंद्र सेन्हा में ट्रांसफार्मर अधिष्ठापन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।वहीं सभी अंचलों के द्वारा लक्ष्य के विरूद्ध राजस्व प्राप्ति की समीक्षा की गई और लक्ष्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। ऑनलाईन लगान भुगतान के लिए सभी अंचल अधिकारियों को अपने कर्मचारियों को लक्ष्य देकर कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। सक्सेशन म्युटेशन के लिए शिविर आयोजित करने का निदेश दिया गया। साथ ही उपायुक्त द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को निदश दिया गया कि जिले में कोविड से मृत व्यक्तियों में से जिन व्यक्तियों का अभिलेख अब तक तैयार नहीं है उसके लिए संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से प्रमाण-पत्र प्राप्त करें। यदि घर में कोविड से मृत्यु हुई है तो पंचायत सचिव से मृतक के पॉजिटिव रिपोर्ट के आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करें। सभी अंचल अधिकारियों को सभी मृतकों का अभिलेख तैयार करने के लिए प्रक्रिया पूरी करने का निदेश दिया गया। साथ ही, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को अभिलेख तैयार कर राशि की मांग राज्य से करने का निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता अखौरी शशांक सिन्हा, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, वाणिज्यकर उपायुक्त कुमोदनी सिंकु, भूमि सुधार उपसमाहर्ता मनीषा तिर्की, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, उत्पाद अधीक्षक संजय श्रीवास्तव, जिला परिवहन पदाधिकारी अमित बेसरा, नगर पर्षद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी अंजलि कुमारी, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

एसडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, दिये निर्देश.

कोडरमा : उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा कोडरमा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में 15वें वित्त आयोग से बन रहे आवास इत्यादि यूनिट का जायजा लिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र में विकसित करने की कवायद तेज की गयी है, जिसके लिए सहायिका व सेविकाओं को कई दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त आंगनवाड़ी केंद्रों में सेविका व सहायिका के चयन की भी जांच की गयी। चेचाई आंगनवाड़ी केंद्र के अलावे आदर्शनगर करमा इत्यादि केंद्रों का जांच किया गया। जांच के क्रम में सेविका, सहायिका से बात की। साथ ही साथ मुखिया, पंचायत सेवक के द्वारा आंगनावाड़ी केंद्रों में 15वें वित्त आयोग से किये जा रहे योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कुछ केंद्रों में किये जा रहे निर्माण संतोषजनक पाया गया एवं कुछ को दिशा-निर्देश दिया गया, जहां निर्माण कार्य धीमी गति था, उन्हें तेजी लाने का निर्देश दिया गया। चेचाई स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में सेविका द्वारा किये जा रहे प्रयासों को सराहा गया। साथ ही साथ सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के सेविका एवं सहायिका को प्रशिक्षण दिलाने हेतु तितली फाउंडेशन के माध्यम से प्रशिक्षण कराने का निर्देश सीडीपीओ को दिया गया। इसके अतिरिक्त सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने की बात कही। मौके पर कोडरमा सीडीपीओ व अनुमंडल कार्यालय के संतोष कुमार व शैलेन्द्र कुमार मौजूद थे।

सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

घाघरा : थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर के शांति समिति की बैठक इंस्पेक्टर श्यामानंद मंडल की अध्यक्षता में किया गया ।बैठक में सर्वसम्मति से सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दरमियान इंस्पेक्टर श्यामानंद मंडल व प्रशिक्षु डीएसपी थाना प्रभारी प्रदीप प्रणव ने सामूहिक रूप से कहा कि सरस्वती पूजा छात्र छात्राओं के द्वारा इस इलाके में मनाया जाता है। सरस्वती माता विद्या की प्रतीक हैं। इसलिए सभी लोग इसे धार्मिक भाव से मनाएं। सरस्वती पूजा के नाम पर फूहड़ता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरस्वती पूजा मनाने वाले आयोजन समिति के लोगों से आग्रह किया है कि समय पर विसर्जन भी कर देने का काम सुनिश्चित करें।

प्रतिमा विसर्जन के दौरान किसी भी तरह उत्पात करने वाले लोगों को सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शांति समिति की बैठक में सभी ने इस पूरे मुद्दे पर सहमति जताया इस मौके पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी अभिनव कुमार, सब इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, सब इंस्पेक्टर महेश कुशवाहा, एएसआई नागमणि सिंह, टाना भगत इंटर कॉलेज के प्राचार्य बिपिन बिहारी सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी भाजपा नेता अमित ठाकुर, गीता कुमारी, मनोज सिन्हा, नीरज जायसवाल, मनोज कुमार, योगेंद्र भगत, शीला कुजूर, देवा भगत,लुटु उरांव, सहित कई लोग मौजूद थे।

चंदवारा थाना के नए थाना प्रभारी ने किया पदभार ग्रहण

अपराध पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता : अनिल कुमार सिंह

चंदवारा (कोडरमा) : पुलिस अधीक्षक कोडरमा कुमार गौरव के निर्देश पर सोमवार को चंदवारा थाना में अनिल कुमार सिंह ने 12 वें थाना प्रभारी के रूप में अपना पदभार शुक्रवार को ग्रहण किया। मालूम हो कि इसके पूर्व 31 दिसंबर को निवर्तमान थाना प्रभारी दुष्यंत सिंह की रिटायरमेंट के बाद थाना प्रभारी का प्रभार एसआई रंजित कुमार को सौपा गया था। पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी होने के बाद शुक्रवार को अनिल कुमार सिंह को थाना प्रभारी के रूप में थाने में योगदान देकर अपना कार्यभार संभाल लिया है। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि समाज के आम से लेकर खास सभी तबके के लोगों को साथ लेकर शांति व्यवस्था बरकरार रखना मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के साथ- साथ पुलिस के प्रति लोगों के विश्वास को कायम रखने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी से सहयोग करने की अपील की भी की है। मौके पर एसआई रंजित कुमार, एसआई विनय कुमार, एएसआई प्रमोद सिंह, एएसआई हरदूगन हुरो सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद थे।

शिक्षक ने लंबी छुट्टी के बाद विद्यालय पहुंचे विद्यार्थियों को फूल देकर किया स्वागत

लोहरदगा : कोविड-19 के कारण राज्य सरकार ने सभी सरकारी विद्यालयों को कोविड-19 का प्रकोप न बढ़े इस उद्देश्य से बंद कर दिया था। सरकार के द्वारा काफी लंबे समय बाद सरकारी विद्यालयों को खोलने का आदेश जारी किया गया है। शुक्रवार 4 फरवरी से राज्य के सभी विद्यालय में विद्यार्थियों के पठन-पाठन का कार्य भी शुरू हो गया। लोहरदगा जिला के शहरी क्षेत्र स्थित राजकीय मध्य विद्यालय लोहरदगा के शिक्षक शैलेंद्र सुमन के द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों के लंबी छुट्टी के बाद विद्यालय पहुंचने पर फूल देकर स्वागत करने से न सिर्फ विद्यार्थी खुश है बल्कि विद्यालय आने के प्रति विद्यार्थियों में रुचि भी बढ़ी है। वहीं शिक्षक द्वारा फूल देकर विद्यार्थियों के स्वागत करने की खबर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस दौरान जब शिक्षक शैलेंद्र कुमार सुमन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण काफी लंबे समय से विद्यालय बंद थे। बच्चे अपने घर में रहकर पढ़ाई कर रहे थे अब जब विद्यालय शुरू हुआ है तो छात्रों में विद्यालय आने के प्रति उनकी रुचि बढ़ने तथा उन्हें विद्यालय में पारिवारिक माहौल मिले इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को फूल देकर स्वागत किया गया क्योंकि हर विद्यार्थी देश का भविष्य है।

सिविक एक्शन प्रोग्राम में सीआरपीएफ 134 बटालियन ने दी स्कूल बैग सामग्री

मनातू पलामू : मनातू प्रखंड के कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय के प्रांगण में सिविक एक्शन प्रोग्राम 2022 के तहत सीआरपीएफ के द्वितीय कमांड पदाधिकारी राजीव कुमार झा के उपस्थिति में मनातू सीआरपीएफ 134 बटालियन के सहायक कमांडेंट शशिकांत कुमार एवं मनातू अंचल पदाधिकारी शेखर वर्मा मनातू थाना से आए पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र मिश्र संयुक्त रूप से गरीबों को कंबल वितरण किया गया। सीआरपीएफ द्वितीय कमान राजीव कुमार झा ने बताया कि प्रोग्राम के तहत प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी मनातू के सुदूरवर्ती क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को जो अनुसार समान वितरण किया गया। जिसमें जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल बैग सामग्री कॉपी पुस्तके भी दी गई। महिलाएं लोग को घरेलू उपयोग टावा बर्तन लोहिया भी दिया गया। सौरऊर्जा सोलर लाइट कमबल मच्छरदानी रेडियो इत्यादि सामग्री वितरण किया गया। मौके पर मिथिलेश यादव जितेंद्र मिश्रा राजीव झा शशिकांत कुमार सहित सैकड़ों सीआरपीएफ के जवान ग्रामीणों मौजूद थे।

विश्व कैंसर दिवस पर सदर अस्पताल में मरीजों के कैंसर की स्क्रीनिंग की गयी

कोडरमा : विश्व कैंसर दिवस पर आज सदर अस्पताल कोडरमा में मरीजों के कैंसर का स्क्रीनिंग किया गया। जिनमे मुँह का कैंसर एवं महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर का स्क्रीनिंग किया गया।आज से शुरू हुए यह स्क्रीनिंग कैम्प एक सप्ताह तक सदर अस्पताल के ओ पी डी में चलेगा।आज डेंटल ओ पी डी में कुल 30 लोगो का मुँह के कैंसर का स्क्रीनिंग किया गया। जिनमे से एक व्यक्ति में मुँह के कैंसर का लक्षण पाया गया।उन्हें तत्काल ही वरीय दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शरद कुमार द्वारा बेहतर इलाज के लिए टी एम एच जमशेदपुर अथवा मुम्बई जाने की सलाह दी गई।

वहीं महिला ओ पी डी में कॉलकोस्कोपी मशीन द्वारा पांच महिलाओं का सर्वाइकल कैंसर का स्क्रीनिंग डॉ चेलना जैन द्वारा किया गया। आज कैंसर स्क्रीनिंग के लिए दंत विभाग में डॉ शरद कुमार,डॉ नीतू सिंह,दंत सहायक अनु कुमारी एवं डेंटल हैजिनिस्ट जितेंद्र कुमार मिश्र मौजूद थे वही महिला ओ पी डी में डॉ चेलना जैन के अलावा स्टाफ नर्स प्रदीप कुमार करिश्मा कुमारी एवं ए एन एम पुष्पा कुमारी मौजूद थी। वरीय दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शरद कुमार द्वारा लोगों को मुँह में होने वाले कैंसर के ये प्रमुख लक्षण बताया गया। इनमें से कोई भी लक्षण किन्ही को भी हो तो वे तुरंत मुँह एवं दंत रोग विशेषज्ञ से परामर्श ले और समय रहते अपना इलाज करवाएं।शुरूआत के लक्षणों के बाद तुरंत इसका उपचार शुरू कर देने से आप कैंसर जैसे बीमारियों से बच सकते है परंतु अगर इसे नजरंदाज किया गया तो यह जानलेवा भी हो सकता है।

1 मुँह में सफेद या लाल दाग या घाव
2 मुँह में किसी भी जगह त्वचा का कड़ा हो जाना
3 ऐसे घाव जो एक माह तक भी ठीक नही हो
4 मसालेदार खाना खाने में परेशानी होना
5 मुँह खोलने में कठिनाई होना
6 जीभ की बाहर निकालने में कठिनाई होना
7 आवाज में परिवर्तन(नाक से बोलना)
8 अत्यधिक लार का निकलना
9 चबाने या निगलने में कठिनाई होना

कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए सभी विद्यालय खुले

डोमचांच (कोडरमा) : प्रखण्ड के सभी विद्यालय शुक्रवार को खुल गये। कक्षा एक से पांचवीं तक के बच्चे 22 माह बाद स्कूल पहुंचे। इस दौरान स्कूलों में रौनक लौट आयी है। बता दें कि कोरोना गाइडलाइंस की नियमों का पालन करते हुए कक्षा एक से पांचवीं तक के छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंचने पर खुशी साफ दिख रही थी। वे काफी उत्साहित थे। प्रखंड के सभी विद्यालय में शिक्षकों के द्वारा बच्चों को कोरोना गाइडलाइंस का पालन कराते हुए नजर आए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सभी छात्र - छात्राओं को मास्क व सेनाटाईज करने के बाद ही कक्षा में प्रवेश कराया गया। वहीं पहली से बारहवीं तक के विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी काफी उत्साहित दिखे बता दें की सरकार द्वारा कोविड गाइडलाइन जारी करने के बाद कोडरमा जिले के सभी विद्यालय खुल गए हैं. वहीं शिक्षकों ने भी खुशी जाहिर की है।

विद्यालय खुलते ही नाबालिग छात्रों को बनाया गया मजदूर

घाघरा : घाघरा प्रखंड क्षेत्र के टोटाम्बी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सरकार के निर्देश के बाद विद्यालय खुलते ही प्रधानाचार्य संजय प्रसाद के द्वारा बच्चों से पूरे विद्यालय की सफाई कराई गई। यही नहीं शौचालय से लेकर सभी क्लास रूम में सनराइज भी मजदूरों की तरह बच्चों से कराया गया। विद्यालय में 2 वित्तीय वर्ष से सफाई का कार्य विद्यालय बंद होने के कारण नहीं कराया गया था और ना ही मरम्मत का कार्य कराया गया है। जबकि सरकार का सख्त निर्देश था कि विद्यालय खोलकर साफ-सफाई के अलावे शिक्षक उपस्थित रहेंगे। विद्यालय की स्थिति भी जर्जर हो गई है। छत कभी भी टूट कर छात्र-छात्राओं के नीचे गिर सकता है। शौचालय की स्थिति ऐसी है कि पूरे शौचालय के अंदर कूड़ा करकट भरा पड़ा है। इस स्थिति में छात्र-छात्राओं को विद्यालय कैंपस के बगल में शौच व लघुशंका के लिए जाना पड़ता है। सुबह छात्र-छात्राएं विद्यालय पहुंचे जिसके बाद प्रधानाचार्य संजय प्रसाद के द्वारा सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय कैंपस में गंदगी का अंबार जहां पड़ा था। वहां पर भेजकर सफाई कराया गया। शौचालय में भी सफाई कराई गई। जिसके बाद विद्यालय के पूरे कमरे में सैनिटाइजर भी नाबालिक छात्रों के द्वारा कराया गया। छात्र अपने पीठ पर सनराइज करने वाले यंत्र को टांग कर लगभग 3 घंटा से अधिक सनराइज किए।छात्र सुमित उरांव विजय उरांव, सूरज उरांव, चंद्रकांत उरांव व अमित कुमार ने बताया कि विद्यालय जब खुला तो गांव से ही प्रधानाचार्य के द्वारा सनराइज करने का मशीन मांग कर लाने के लिए कहा गया। जिसके बाद हम लोगों ने यंत्र लाकर पूरे विद्यालय का सनेटराइज किया। वहीं कैंपस में पड़े कूड़े करकट पता प्लास्टिक सभी को झाड़ू करके सभी छात्र छात्राएं मिलकर हटा दिए। यहां बता दें कि विद्यालय में मेंटेनेंस व सफाई के लिए लाखों रुपया सरकार के द्वारा प्रधानाचार्य के खाते पर दी जाती है लेकिन विद्यालय में साफ-सफाई को लेकर के इस राशि का खर्च नहीं किया जाता है बल्कि उक्त राशि का बंदरबांट करके आपस में बांट लिया जाता है। बच्चों से सफाई नहीं कराई गई है बीते वर्ष 21-22 की राशि खाता से नहीं निकाला गया है। सफाई के लिए मजदूर नहीं मिलने के कारण सफाई नहीं हो पाई है। छात्र छात्राओं के द्वारा लगाए गए आरोप बिल्कुल भी गलत है। वहीं ग्रामीण साजिश के तहत मुझे बदनाम करने का काम कर रहे हैं। वहीं उन्होंने जर्जर स्थिति पर भवन का कारण पूछे जाने पर कहा कि ठीक कराया जाएगा। आखिरकार इतने दिनों से मिलने वाली मेंटेनेंस की राशि से क्यों नहीं विद्यालय को दुरुस्त कराया गया यह भी एक जांच का विषय है।

उपायुक्त के निर्देश के बाद भी प्रधानाचार्य ने आदेश की उड़ा दी धज्जी

15 दिन पूर्व गुमला के उपायुक्त डॉ शिशिर कुमार सिन्हा घाघरा हाई स्कूल में वैक्सीनेशन की स्थिति को जांचने के लिए आए थे। तब देखा गया था कि विद्यालय में गंदगी का अंबार पड़ा हुआ है।जिसके बाद प्रधानाचार्य को फटकार लगाते हुए कहा था कि जल्द से जल्द विद्यालय को दुरुस्त करें।साथ ही उन्होंने प्रखंड क्षेत्र में सभी विद्यालय के प्रधानाचार्य से कहा था कि अपने अपने विद्यालय का साफ सफाई नियमित रूप से करा कर रखें।इसके लिए सरकार पैसा देती है ।अगर पैसे की कमी है तो उपायुक्त से मिले जिसके बाद भी तो टोटाम्बी के प्रधानाचार्य संजय प्रसाद के द्वारा यह कृत्य करा कर उपायुक्त के आदेश का ध्वज उड़ा दिया गया।

समाचार नहीं छापने के लिए कई शिक्षकों ने की पैरवी

घाघरा प्रखंड में कार्यरत कई विद्यालयों के शिक्षक ने पत्रकारों को दूरभाष पर समाचार नहीं छापने के पैरवी करते हुए कहा कि अगली बार से इस तरह का शिकायत नहीं मिलेगा, लेकिन खबर नहीं छापा जाए। स्थानीय लोग बताते हैं कि शिक्षक भी अब पढ़ाई लिखाई विद्यालय में कराने के बजाय घोटाला में जुट गए हैं। जिसके चलते लगातार इन लोगों का एक सिंडिकेट काम कर रहा है। जो कि विद्यालय में होने वाले घोटाला को छुपाने में लगा रहता है।

कार्डधारियों के होने वाली समस्या से वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंप कराया अवगत

घाघरा : जला युथ एसटी एससी के कांग्रेस उपाध्यक्ष पल्लव कुजूर ने शुक्रवार को गुमला में वित मंत्री डॉ,रामेश्वर उरांव को ज्ञापन देकर घाघरा प्रखण्ड में हो रही परेशानियों से अवगत कराया। दिए गए ज्ञापन में राशन कार्ड धारियों को हो रही परेशानियों को देखते हुए जिला आपूर्ति के निमित होने वालों के कार्यो को प्रखण्ड स्तर पर कराने की बात कही। कार्ड में नाम हटाने,सफेद कार्ड लो निरस्त करने,नाम जोड़ने,आधार सीडिंग सहित कई कार्यो के लिए कार्डधारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता । इन छोटी बड़ी कार्यों के प्रखण्ड में ही होने से लोगो को राहत मिलेगी। इस बाबत उपाध्यक्ष पल्लव कुजुर ने घाघरा में जानकारी देते हुए कहा कि इस मामले को मंत्री महोदय के समक्ष रखी गयी है। निश्चित तौर पर अस्वासन मिला है सुधार होगी। मौके पर ज्ञापन देने वालो में जिला महासचिव अमीत साहु, विधान सभा अध्यक्ष निलेस उराव, गगनदीप भगत, राहुल कुमार, सहित कई युथ कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

बारिश और 21 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली शीतलहर ने फिर बढ़ाई कनकनी

बोकारो में बिन मौसम वर्षा से जनजीवन अस्त-व्यस्त, जगह-जगह जलजमाव

बोकारो : मौसम विभाग ने जैसी संभावना पहले जताई थी, वैसा ही हुआ। बोकारो सहित पूरे राज्य में बारिश और शीतलहर का दौर शुक्रवार को चला, जिसके कारण एक बार फिर ठंड और कनकनी बढ़ गई। गुरुवार की देर रात से ही आसमान में बादल छा गए और अहले सुबह से बारिश शुरू हो गई। बारिश सुबह लगभग 3 बजे से शुरू होकर 7.25 बजे तक हुई। बोकारो में कुल 12.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। उसके बाद दिन भर 21 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलनी शुरू हो गई, जिसकी वजह से कनकनी बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को मात्र 9 घंटे में ही दिन के तापमान में 6.6 डिग्री

सेल्सियस तापमान में गिरावट आ गई। इससे ठंड और सिहरन का एहसास हुआ।

सुबह 8.30 बजे तक जिले में अधिकतम तापमान जहां 27.1 डिग्री सेल्सियस था, वहीं शाम को 5.30 बजे यह घटकर 20.5 डिग्री पर पहुंच गया। इसके कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। लोग दिनभर घरों में ही दुबकने को विवश रहे। बारिश की वजह से जगह-जगह जलजमाव की स्थिति भी देखने को मिली। मौसम विभाग की ओर से शाम 4.42 और 5.36 बजे तात्कालिक चेतावनी जारी की गई। जिसमें अन्य जिलों के साथ बोकारो में अगले दो से तीन घंटे में बारिश की संभावना जताई गई। पूवार्नुमान के अनुसार शाम को बारिश भी हुई। जिले में जगह-जगह भी बर्फ की भी बारिश हुई। थोड़ी देर के लिए ही भगवान सूर्य के दर्शन हुए। दिनभर बादलों के झरोखे से उनका दीदार होता रहा।

कोयलांचल में ओलावृष्टि ने बढ़ाई परेशानी

जिले के बेरमो कोयलांचल में जगह-जगह बारिश के साथ-साथ ओलावृष्टि भी हुई। शुक्रवार की अहले सुबह से बारिश शुरू हुई, जो सुबह के 9 बजे तक जारी रही। फिर दोपहर 2 बजे के बाद बारिश शुरू हुई, जो देर शाम तक जारी रही। इसी बीच लगभग 3 बजे फुसरो में ओलावृष्टि भी हुई। जिससे लोग खुद को बचाने के लिए भागते करते नजर आए। किसानों ने कहा कि बेमौसम बरसात से सब्जी फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। वहीं इस बारिश से ठंड काफी बढ़ गई है, साथ ही बेमौसम बारिश सर्दी-खांसी, वायरल बुखार जैसी बीमारी लेकर आया है। बारिश के कारण सीसीएल ढोरी, बीएंडके तथा कथारा एरिया के कोयला खदानों में कोयला उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ा। तीनों क्षेत्र के अधिकारियों ने कहा कि बारिश के कारण कोयला उत्पादन में कमी आई।

पाटन थाना क्षेत्र में चार ईंट भट्ठों में अवैध रूप से संचालित चिमनी को किया ध्वस्त

मेदिनीनगर पलामू : जिला खान विभाग ने आज पाटन पाटन थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 4 अवैध चलंत ईट चिमनी भट्ठा को ध्वस्त किया। साथ ही अवैध चलंत चिमनी ईट भट्ठा संचालक के विरुद्ध पाटन थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक में उपायुक्त शशि रंजन द्वारा दिए गए निर्देश के बाद से खनन विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग ने लगातार दूसरे दिन भी कार्रवाई की है। पाटन थाना के क्षेत्र के उताकी, बरसैता, चेतमा एवं जन्घासी गांव में कार्रवाई करते हुए 4 अवैध चलंत ईट चिमनी भट्ठा को ध्वस्त किया गया। साथ ही ईट भट्ठा संचालक के खिलाफ पाटन थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। जिनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई, उनमें उताकी गांव में ईट भट्ठे का संचालन कर रहे संचालक विशाल सिंह, चेतमा के ईट भट्ठा के संचालक सुरेंद्र उपाध्याय उर्फ पप्पू उपाध्याय, जन्घासी में ईट भट्ठा का संचालन कर रहे संचालक रविंद्र विश्वकर्मा तथा बरसैता में ईंट भट्ठा का संचालन कर रहे संचालक उमेश सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार, राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के कनीय पर्यावरण अभियंता गोपाल कुमार एवं पाटन थाना प्रभारी प्रकाश कुमार ने संयुक्त छापेमारी कर उक्त कार्रवाई की है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि जिले में संचालित सभी स्थाई ईट चिमनी भट्ठा के मालिकों को सरकारी राजस्व का भुगतान करने हेतु पूर्व में जिला खनन कार्यालय द्वारा नोटिस दिया गया है। जिन ईट भट्ठा मालिकों के द्वारा सरकारी राजस्व का भुगतान अब तक नहीं किया गया है, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सात दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

रमना : रमना पंचायत भवन परिसर में चल रहे सात दिवसीय आजीविका महिला ग्राम संगठन का प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर महिला समूह की ओर से समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भूतपूर्व सैनिक गोपाल राम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर गोपाल राम ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समाज व देश के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त, स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक है कि विकास योजनाओं के क्रियान्यवयन में अधिकाधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। मौके पर नीमा कुंवर, अंजनी देवी, पूनम देवी, किरण देवी, मनोरमा देवी, संगीता देवी, सरिता देवी, काजल गुप्ता, गुड्डी देवी, नीतू देवी, रमाकांत प्रजापति, चंदन यादव, जितेंद्र कुमार, संतोष यादव, हिटलर कुमार आदि लोग मौजूद थे।

सेवानिवृत्त पदाधिकारी को थाना परिषर में दी विदाई

सेवानिवृत्ति सरकारी प्रक्रिया हैं रमाशंकर सिंह निर्विवाद अधिकारी थे : थाना प्रभारी

हुसैनाबाद,पलामू : थाना परिषर में सेवानिवृत्त पदाधिकारी रमाशंकर सिंह का विदाई सह सम्मान समारोह किया गया । कार्यक्रम अंचल थाना प्रभारी अजय कुमार ने बिल्कुल सादे समारोह में किया एवं रमाशंकर सिंह को सभी पदाधिकारियों ने बारी बारी से माला पहनाकर उन्हें उपहार दिया।मौके पर थाना प्रभारी अजय कुमार में कहा कि श्री सिंह बहुत साफ व निविवाद पदाधिकारी थे जिन्होंने अपने पुलिस के नौकरी में अपने कार्य शैली से समाज मे एक अलग पहचान छोड़ा हैं ये बिल्कुल मृदभाषी व्यक्ति थे पुलिस का सेवा एक ऐसे सेवा हैं कि सबको यह सम्मान नही मिलता हैं हम सबो को इस सेवानिवृत्ति प्रक्रिया से गुजरना हैं।

मौके पर सेवानिवृत्त अधिकारी रमाशंकर सिंह ने कहा कि मैं हुसैनाबाद में लगभग तीन बर्षो से सेवा दिया और यहाँ के लोगो ने मुझे खूब प्यार स्नेह दिया पुलिस के नॉकरी में रह कर भी मैं कभी पुलिसिया भाषा का इस्तेमाल नही करता था।जाने अनजाने में मुझसे अगर कोई गलती हुई होगी तो मैं सभी लोगो से माफी मांगता हूं।आगे उन्होंने कहा सेवानिवृत्ति सरकारी प्रक्रिया हैं जिससे हर पुलिसकर्मियों को एक दिन गुजरना हैं । महिलाथाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज समेत धर्मेंद्र सिंह,समेत कई एएसआई एवं चौकीदार सैय्यद मोहम्मद हुसैन, अमित कुमार अन्य कई लोग उपस्थित थे।

विधायक ने किया चार करोड़ 18 लाख की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास

केतार : प्रखंड के परसोडीह पंचायत के पंडा नदी पर चार करोड़ 18 लाख की लागत से बनने वाली पुल का शिलान्यास विधायक भानू प्रताप शाही ने बुजुर्ग ग्रामीण विजय सिंह, राजमोहन ठाकुर, दशरथ प्रसाद गुप्ता सहित अन्य ग्रामीणों के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़ कर कराया। इसके पश्चात परसोडीह ब्रह्म बाबा मंदिर परिसर में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद तथा संचालन लव वर्मा ने किया।

मौके पर विधायक श्री शाही ने कहा कि मैं इस क्षेत्र का हमेशा विकास किया हूं और आगे भी करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि हम से पहले 13 विधायक बने और मात्र तीन पुल बनाये और मैं अकेला 14 पुल बनवाया और आगे और दो चार पुल इस पंडा नदी पर और बनवाऊंगा। विधायक ने कहा कि हमारे विकास कार्य को देख कर विरोधी बौखला गए हैं, इसलिए एक जंगल वाला राजा और एक गढ़ वाला राजा दोनो एक मंच पर आ गए है हमको पटकने के लिए, लेकिन उनको हम बता देना चाहते है कि अगला चुनाव में उन दोनो को हम साट कर पटकेगे, क्योंकि जनता हमारे साथ है। विधायक ने परसोडीह के जनता से वादा किया कि हम परसोडीह पंचायत मे भी घर घर पानी पहुंचाने का कम करेगे। मौके पर जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, दयानंद यादव, अनिल चौबे, हेमन्त पाठक, बिक्रमा सिंह, बाबूलाल यादव, त्रिपुरारी सिंह, अनिल पासवान, मूंगा साह, उमेश दुबे, धीरेंद्र, विश्वनाथ प्रजापति आदि लोग उपस्थित थे।

दुष्कर्म के आरोपी जीजा को 22 साल कारावास की सजा

बोकारो : जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र में पिछले साल एक नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के दोषी पीड़िता के जीजा जितेंद्र कालिंदी को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) पवन कुमार की अदालत ने 22 साल के कारावास की सजा सुनाई। अपहरण के मामले में 7 वर्ष सजा के साथ 10 हजार रुपए जुमार्ना और दुष्कर्म के मामले में 22 वर्ष की सजा के साथ 25 हजार रुपए जुमार्ना कोर्ट में जमा करने का आदेश दिया। दोनों सजा एक साथ चलेंगी। मामले के विशेष लोक अभियोजक संजय कुमार झा ने इस

संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 15 जनवरी 2021 को आरोपी जितेंद्र कालिंदी अपनी नाबालिग साली का बालीडीह के एक मुहल्ले से अपहरण करते हुए पुरुलिया जिले के सिमलपुर गांव में ले गया था। जहां करीब डेढ़ माह रखते हुए उसके साथ कई बार दुष्कर्म भी किया था। इस बीच पीड़िता की बड़ी बहन अपने पति और बहन को खोज रही थी। जब उसे जानकारी मिली कि आरोपी पीड़िता को लेकर सिमलपुर में छुपा हुआ है, तो इसकी जानकारी बालीडीह थाना को दी। इसके बाद आरोपी के साथ पीड़िता को वहीं से जाकर बरामद किया था। इस मामले में न्यायालय के समक्ष साक्ष्य और गवाहों को प्रस्तुत किया गया। इसके बाद न्यायालय से गुरुवार को आरोपी को पूरे मामले में दोषी पाया और शुक्रवार को उसे सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि न्यायालय की ओर से तय की गई जुमार्ना की राशि पीड़िता को मिलेगी।

एआईएमआईएम प्रमुख पर हमले को लेकर मांडर में मार्च

मांडर : एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी पर उत्तरप्रदेश में हमले के विरोध में गुरुवार को मांडर में मार्च निकाला गया. मांडर के मुख्य चौक से निकला यह मार्च थाना चौक होते हुए टांगर बसली मोड़ तक गया. इस दौरान एआईएमआईएम कार्यकताओं ने उत्तरप्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ओवैसी के कार पर फायरिंग के पीछे की साजिश का खुलासा करने व मामले में गिरफ्तार आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जुमाउउद्दीन अंसारी, अमानत अंसारी, इम्तियाज अंसारी, खुर्शीद खान, मो रकीब, ताहिर अंसारी, तेजामुल अंसारी, रउफ अंसारी, कैफ अंसारी, दिलदार अंसारी, मो माशूक सहित अन्य मौजूद थे।

केविके कर्मियों ने किया खेती का निरीक्षण

गढ़वा : कृषि विज्ञान केंद्र के तत्वावधान में शुक्रवार को किसानों के खेत में प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान केविके कर्मियों ने विभिन्न प्रक्षेत्र में लगे फसलों का निरीक्षण किया। केविके कर्मी सियाराम पांडेय ने बताया कि विभाग की देखरेख में मेराल प्रखंड के तेनार, संगबरिया एवं सोहबरिया, गढ़वा प्रखंड के बगही, नारायणपुर, करूआ कला, जाटा, जूटी आदि गांव में लगे फसल संतोषजनक पाया गया। इस दौरान फसल में लगे रोग के उपचार के बारे में किसानों को बताया गया। निरीक्षण के दौरान सरसों, अरहर, मटर, मसूर, चना, गेहूं, तीसी, मक्का, सब्जी, दलहन, तिलहन एवं बागवानी संतोषजनक पाया गया। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र गढ़वा के कर्मी राकेश रंजन चौबे, कृष्ण कुमार चौबे, प्रदीप मेहता, किसान विजय सिंह, गोरखनाथ साह, प्रभु चौधरी, शिवनाथ कुशवाहा, गणेश राम, अलियार राम, राज कुमार, ममता देवी, ललिता देवी, मंजू देवी, आशा देवी, किरण देवी, प्रियंका देवी, यशोदा देवी, शारदा देवी आदि उपस्थित थे।

लहलहे के किसानों ने बिजली विभाग के खिलाफ फूंका बिगुल, उग्र हुए किसान

मेदिनीनगर पलामू : सदर प्रखंड अंतर्गत लहलहे के किसान अपनी जमीन झारखंड ऊर्जा संचरण निगम को नहीं देंगे। गौरतलब है कि झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लहलहे में बने पावर ग्रिड से बिजली की तार दूसरे क्षेत्रों में ले जाना चाहता है। जिसका वहां के किसान जमकर विरोध कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि हम लोगों के पास पर्याप्त जमीन नहीं है। यदि हम लोग जमीन दे देंगे तो फिर हम लोगों के पास खेती के लिए कुछ भी नहीं रहेगा। ग्रामीणों का कहना था कि हम लोग किसी भी हालत में झारखंड ऊर्जा संचरण निगम को जमीन नहीं देंगे। चाहे इसके लिए हमें अपनी जान भी क्यों न देना पड़े। इस संबंध में जमीन के मालिक विवेकानंद त्रिपाठी ने कहा कि पहले पावर ग्रिड के द्वारा बोला गया था कि सोन नगर से लाइन लाएंगे। परंतु अब बोला जा रहा है कि यहां से

दूसरे जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लाइन भेजा जाएगा। जिससे यहां की जमीन बर्बाद हो जाएगी। ग्रीड के आसपास 100 से ऊपर किसानों की जमीन है। किसानों का कहना है कि मात्र हम लोगों के पास 80 एकड़ जमीन बची हुई है। जिसमें हम लोग खेती करते हैं। जबकि पावर ग्रिड के द्वारा 4 लाख वोल्ट का तार जो यहां से गुजारा गया है। उससे हम लोगों की खेती पर भी असर पड़ता है। इसलिए अब हम लोग किसी भी हालत में यहां जमीन नहीं देंगे। वहीं उप मुखिया दामोदर तिवारी का कहना है कि हम लोगों के साथ छल किया गया है। पावर ग्रिड बनाते समय कहा गया था कि सीएसआर फंड से क्षेत्र का विकास करेंगे। परंतु अभी तक यहां किसी प्रकार का विकास नहीं किया गया है। बल्कि हम लोगों को यहां से उजाड़ा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ऊर्जा विभाग हम लोगों को डरा कर जमीन लेना चाहता है। यह हम लोग कतई नहीं होने देंगे। किसान महिमानंद तिवारी का कहना है कि रात में जब हम लोग इधर से गुजरते हैं तो हम लोग डरे सहमे हुए रहते हैं। जब बरसात का दिन रहता है तो हम लोग जब छाता लेकर चलते हैं। तो हमेशा लगता है कि छाता में करंट प्रवाहित हो रहा है। इसलिए हम लोग किसी भी हालत में यहां पर जमीन नहीं देंगे। इस मौके पर अंकित तिवारी, शुभम तिवारी, शुभम पाठक, शिवम तिवारी, प्रफुल्ल तिवारी, आकर्ष तिवारी, साकेत तिवारी, शिव सागर चौधरी, गोरखनाथ चौधरी, महेंद्र भूइया, सुग्रीव यादव, राजमोहन, राजकुमार, रामप्यारे यादव, हरेंद्र मोची, अशोका तिवारी, दयानंद तिवारी, शिव शंकर तिवारी, रामनिवास तिवारी, सुरेश्वर तिवारी, रविद्र नाथ तिवारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

वैन से हो रही थी चोरी की कोयले की ढुलाई पुलिस ने पकड़ा

पाकुड : पुलिसिया सख्ती के बाद कोयला चोरों ने अवैध कोयला ढुलाई का नायाब तरीका अपनाना शुरू कर दिया है। जिसका खुलासा पुलिस करवाई के बाद हुआ है। रात्रि गश्ती के दौरान मोबाईल टाइगर ने कोयला से लदे एक मारुति वेन को जब्त किया है। पुलिस ने मारुति वेन के चालक को भी पकड़ा है। चोरी का कोयला के साथ धराया मारुति वैन का मालिक पश्चिम बंगाल का बताया जा रहा है। जब्त किये गये मारुति वेन में भारी मात्रा में कोयला लदा हुआ मिला है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पाकुड अमड़ापाड़ा लिंक रोड पर जबरन उतारे गये चोरी का कोयला मारुति वेन से ले जाने का काम चल रहा था। कोयला माफिया मारुति से चोरी का कोयला ले जाने का काम कर रहा था ताकि किसी को शक भी न हो। गश्ती के दौरान मोबाइल टाइगर ने जाच के लिए मारुति को रोका तो उसपर कोयला लदा पाया। दर्शकों कोंबतादे की लिंक रोड पर हाइवा से कोयला जबरन उतारने के बाद पश्चिमी बंगाल के माफिया साइकिल भुट्टभूटिया से कोयला ले जाते रहें है। मारुति वेन से कोयला ढुलाई का यह मामला पहली बार सामने आया है।

पत्रकार समेत चार की मौत का मामला तूल पकड़ा, एनएच 100 को शव के साथ किया जाम

चतरा : चतरा के सिमरिया में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दैनिक अखबार के पत्रकार समेत चार का मौत मामला याब तूल पकड़ चुका है। घटना के विरोध में स्थानीय पत्रकारों ने मृतक के आश्रितों को आर्थिक मुआबजे व नौकरी की मांग को ले सिमरिया-रांची व सिमरिया-हजारीबाग मुख्यपथ एनएच 100 को शव के साथ जाम कर दिया है। सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय के सुभाष चौक पर पत्रकारों के इस जाम को विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक कार्यकताओं का साथ मिलने लगा है। इतना ही नहीं व्यवसायियों ने भी अपनी-अपनी दुकानें बंद रख जाम को समर्थन दिया है। सड़क जाम होने से एनएच पर कोल ट्रांसपोटिंग और वाहनों का परिचालन पूरी तरह से ठप हो गया है। जिससे सीसीएल की आम्रपाली, मगध व अन्य कोल परियोजनाओं से कोयले की ढुलाई प्रभावित हो गई है। हालांकि करीब दस घंटे बीत जाने के बाद भी सीसीएल और जिला प्रशासन का कोई भी अधिकारी वार्ता के लिए नहीं पहुंचा है। जबकि पुलिस लोगों को समझा बुझाकर शांत कराने के प्रयास में जुटी है। गौरतलब है कि देर शाम सड़क दुर्घटना में दैनिक अखबार के पत्रकार शशिभूषण सिंह समेत चार लोगों की दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में कोल वाहनों के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई थी। आक्रोशित लोग मुआबजे के साथ-साथ कोल ट्रांसपोटिंग को ले कमर्सिअल सड़क बनाने की मांग कर रहे हैं।

टावर वैगन हुआ बेपटरी, दू.पू. रेलवे की महाप्रबंधक का दौरा स्थगित

चाईबासा : पश्चिमी सिंहभूम के करमपदा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह लगभग साढे.सात बजे रेलवे की टावर वैगन वाहन ज्वाइंटर में फंसने की वजह से बेपटरी हो गया। इससे बड़ी दुर्घटना टल गई। आज इसी मार्ग से साउथ-इस्टर्न रेलवे की महाप्रबंधक अर्चना जोशी रेलवे के विशेष सैलून से करमपदा होते हुए किरीबुरु रेलवे स्टेशन आने वाली थी, लेकिन इस घटना की वजह से उनका किरीबुरु आने का कार्यक्रम स्थगित हो गया। महाप्रबंधक अर्चना जोशी इस घटना की वजह से रेंगड़ा स्टेशन से बसुर्वा स्टेशन की ओर चली गईं। उनके विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण कार्यक्रम में लगभग दो घंटा विलम्ब हो गया है। वहीं किरीबुरु रेलवे स्टेशन पर सेल व रेलवे के अधिकारी महाप्रबंधक अर्चना जोशी का स्वागत के लिये घंटों इंतजार करने के बाद लौट गये। रेलवे ने टावर वैगन वाहन के बेपटरी होने संबंधी मामले की जांच के आदेश दे दिये हैं।

एफआईएच प्रो लीग में हिस्सा लेने के लिए जोहान्सबर्ग रवाना हुई पुरुष हॉकी टीम

नई दिल्ली, 4 फरवरी : भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के सीजन ओपनर में भाग लेने के लिए शुक्रवार को केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हुई। मनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय टीम आगामी एफआईएच प्रो लीग मैच दक्षिण अफ्रीका और फ्रांस के खिलाफ खेलेगी जो 8 फरवरी से 13 फरवरी तक दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में खेला जाएगा।बीमार होने के कारण ललित कुमार उपाध्याय और जसकरण सिंह टीम से बाहर हैं। भारतीय टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने एक आधिकारिक बयान में कहा, फॉरवर्ड ललित कुमार उपाध्याय और जसकरण सिंह दक्षिण अफ्रीका के लिए टीम में शामिल नहीं होंगे। स्टैंडबाय सुमित मिडफील्ड में जसकरण की जगह लेंगे और गुरसाहिबजीत सिंह ललित की जगह लेंगे। हालांकि यह हमारे लिए एक छोटा झटका है, जिसके लिए हम हमेशा तैयार थे। हमारे पास टीम में पांच स्टैंडबाय खिलाड़ियों को रखने का विकल्प था। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय मेन्स कोर ग्रुप के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने में सक्षम खिलाड़ियों के साथ पर्याप्त गहराई और विकल्प हैं। उन्होंने कहा, हमारी टीम किसी भी दिन अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। सभी खिलाड़ी टीम के लिए कदम बढ़ाने और प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। हम अपने अभियान और जोहान्सबर्ग में कुछ अच्छी हॉकी खेलने को लेकर उत्साहित हैं। टीम की तैयारियों को लेकर कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा, मुझे लगता है कि हम सभी अच्छी अंतरराष्ट्रीय हॉकी के लिए फिर से यात्रा करने के लिए रोमांचित हैं। हम ललित और जसकरण को मिस करेंगे, टीम अच्छी तरह से तैयार है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम दक्षिण अफ्रीका और फ्रांस के खिलाफ मैच को लेकर तैयार हैं। उन्होंने कहा, दक्षिण अफ्रीका और फ्रांस दोनों दुनिया की किसी भी बड़ी टीम को परेशान करने में बहुत सक्षम हैं और हम उन्हें हल्के में नहीं ले सकते। यह देखना दिलचस्प होगा कि हम अपनी योजनाओं को कितनी अच्छी तरह कार्यान्वित करते हैं जिसे हम राष्ट्रीय शिविर में आजमा रहे हैं। भारतीय टीम दोहा होते हुए जोहान्सबर्ग पहुंचेगी। उनका पहला मैच 8 फरवरी को फ्रांस से होगा।

रोहित शर्मा के लिए सबसे बड़ी चुनौती फिट रहना : अगरकर



मुंबई, 4 फरवरी : वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला से पहले, पूर्व गेंदबाज अजीत अगरकर ने कहा कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए सबसे बड़ी चुनौती फिट रहना होगा। अगरकर ने स्टार स्पोर्ट्स' के शो 'गेमप्लान' में कहा, मुझे लगता है कि सफेद गेंद के प्रारूप में रोहित का कप्तान होना एक अच्छी बात है। रोहित अब रोहित वास्तव में अपना गेम फ्री होकर खेल सकते हैं। मेरी राय में रोहित शर्मा के लिए चुनौती फिट रहना है। इससे पहले विराट कोहली और महेन्द्र सिंह धोनी दोनों खाफी फिट थे और शायद ही कभी फिटनेस की वजह से कोई मैच चूकें हों। रोहित ने पिछले साल सफेद गेंद के कप्तान के रूप में विराट कोहली की जगह ली थी। इसके बाद वह हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला से चूक गए, लेकिन अब वे वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम का नेतृत्व करने के लिए वापस आ गए हैं।

वॉलीबॉल लीग : पीवी सिंधु और उनके पिता ने बेंगलुरु टॉरपीडो के खिलाड़ियों से की मुलाकात

हैदराबाद, 4 फरवरी : दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और उनके पिता, पीवी रमना, (जो एक पूर्व भारतीय वॉलीबॉल खिलाड़ी हैं व 1986 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य हैं) ने प्राइम वॉलीबॉल लीग के 2022 संस्करण की शुरूआत से पहले यहां शिविर में बेंगलुरु टॉरपीडो टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात की। यह टूनामेंट 5 फरवरी से शुरू होने वाला है और बेंगलुरू टॉरपीडो के खिलाड़ियों के लिए लीग से पहले ऐसे दिग्गज खिलाड़ियों से मिलना एक यादगार अनुभव था। बेंगलुरु टॉरपीडो के कप्तान रंजीत सिंह ने कहा कि टीम के युवा खिलाड़ी पीवी सिंधु से मिलने के बाद उत्साहित महसूस कर रहे हैं और प्रदर्शन करने के लिए और भी अधिक प्रेरित हैं। यह सभी के लिए एक बहुत ही समृद्ध अनुभव था। रंजीत ने उस सलाह के बारे में भी बताया जो पीवी रमना ने उनके साथ खेल के बारे में साझा की थी।

रंजीत ने कहा, पीवी रमना सर ने मुझे एक सेटर के रूप में लंबे शॉट भेजने की सलाह दी, जिससे विरोधी ब्लॉकर को ब्लॉक करना आसान हो जाता है। उन्होंने मुझे अटैकर को फ्री रखने के लिए भी कहा ताकि वह हमेशा रिबाउंड के लिए तैयार रहे। उन्होंने हम सभी को यह महसूस कराया कि हम टूनामेंट के लिए तैयार हैं। बेंगलुरु टॉरपीडो के ब्लॉकर सारंग संथीलाल ने सिंधु से मिलने के अनुभव को खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक बताया और कहा कि उनकी उपस्थिति ने वॉलीबॉल के खेल को भी ऊंचा किया है।

संन्यास लेने का निर्णय आसान नहीं था : कमला

नई दिल्ली, 4 फरवरी : भारतीय फुटबॉल ने पिछले कुछ वर्षों में कई रोल मॉडल तैयार किए हैं, और उनमें से एक हैं कमला देवी, जिन्होंने हाल ही में अपने पेशेवर फुटबॉल करियर को अलविदा कहा है। 12 साल तक भारतीय फुटबॉल की सेवा करने के बाद, कमला ने इस सप्ताह की शुरूआत में संन्यास लेने का फैसला किया। कमला ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मेरे लिए यह एक आसान निर्णय नहीं है। यह मेरे लिए एक बहुत ही भावनात्मक क्षण था, लेकिन मुझे लगा कि मेरे लिए संन्यास लेने का यह सही समय है। मैं कई वर्षों से शीर्ष स्तर पर खेली हूं, और इसे हमेशा जारी रखना आसान नहीं होता है। उन्होंने आगे कहा, मेरे सबसे बड़े आलोचक शायद मेरे पिता थे, लेकिन वह चाहते थे कि मैं जीवन में अच्छा करूं, वह फुटबॉल के बारे में ज्यादा नहीं जानते थे। इसलिए जब मैं एक बच्ची थी, तो वह हमेशा मुझे खेलना बंद कर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहते थे। मुझे लगता है, उन्हें भी एहसास हुआ कि मुझे खेल से दूर रखना बेकार है, लेकिन जब उन्होंने देखा कि मैं फुटबॉल के माध्यम से जगह पा रहा हूं, तब उन्होंने मेरा समर्थन करना शुरू कर दिया। अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में कमला ने कहा कि वह कोचिंग में जा सकती हैं और वह फुटबॉल से जुड़े रहना चाहती हैं।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने भारत के खिलाफ श्रृंखला की तारीखों में किया बदलाव

ऑकलैंड, 4 फरवरी : न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को भारत के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला की तारीखों में बदलाव की घोषणा की। भारतीय महिलाओं और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 और एकदिनी श्रृंखला विशेष रूप से क्वीन्सटाउन के जॉन डेविस ओवल में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पहले टी-20 मैच की तारीख पहले की तरह ही निर्धारित है, लेकिन बाद के पांच एकदिनी मैचों की श्रृंखला में कुछ समायोजन किए गए हैं। सपहले तीन एकदिवसीय मैच क्रमशः 11,14 और 16 फरवरी को खेले जाने थे, लेकिन अब वे 12,15 और 18 फरवरी को खेले जाएंगे, जबकि एकमात्र टी-20 मैच 9 फरवरी को खेला जाएगा।

एडिलेड स्ट्राइकर्स ने वेल्स के साथ खत्म की करार

मेलबर्न, 4 फरवरी : एडिलेड स्ट्राइकर्स ने शुक्रवार को घोषणा की कि उन्होंने अनुभवी मध्य क्रम के बल्लेबाज जॉन वेल्स के साथ अपना करार खत्म कर लिया है। स्ट्राइकर्स ने कहा है कि सूची प्रबंधन रणनीति में बदलाव के कारण क्लब को ऐसा निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। स्ट्राइकर्स ने एक बयान में कहा, ₹यह एक कठिन निर्णय है, हालांकि वर्तमान परिदृश्य में विदेशी खिलाड़ियों की अनिश्चितता, युवा प्रतिभा की गहराई और एक टीम के रूप में लगातार विकसित होने की आवश्यकता के साथ, स्ट्राइकर्स एक टीम बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वेल्स ने स्ट्राइकर्स के साथ पांच सीजन में 68 मैच खेले। बीबीएल-11 में उन्होंने क्लब के लिए 128.79 के स्ट्राइक-रेट से 501 रन बनाए, जिसमें चार अर्धशतक शामिल थे, जिसमें सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ 47 गेंदों में नाबाद 62 रन भी शामिल है। स्ट्राइकर्स के कोच जेसन गिलेस्पी ने कहा, वेल्स एक शानदार क्रिकेटर हैं और यहां अपने समय में उन्होंने स्ट्राइकर्स के लिए जो कुछ भी दिया है, उसके बारे में सभी जानते हैं। आप जानते हैं कि जब वह बल्लेबाजी के लिए जाते हैं तो वह टीम के लिए वह सब कुछ देते हैं, जो आवश्यक हैं। उन्होंने कहा, वेल्स हमेशा हमारे लिए एक महान बल्लेबाज रहे हैं। वह मैदान के अंदर और बाहर एक बेहतरीन इंसान हैं, उनका धन्यवाद। मुझे पता है कि वेल्स अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती से निपटने में सफल होंगे। बता दें कि वेल्स, क्रिस लिन, आरोन फिंच और ग्लेन मैक्सवेल के बाद बीबीएल में सर्वकालिक प्रमुख रन बनाने वालों की सूची में चौथे नंबर पर हैं।

पाकिस्तानी गेंदबाज हसनैन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रतिबंध



लाहौर, 4 फरवरी : पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया है। बिग बैश लीग (बीबीएल) में सिडनी सिक्सर्स के हरफनमौला खिलाड़ी मोइजेस हेनरिक्स ने उनके एक्शन को लेकर टिप्पणी की थी, जिसके बाद 21 जनवरी को लाहौर में आईसीसी के मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र में हसनैन के एक्शन का परीक्षण किया गया था। परीक्षण में उनकी गेंदबाजी एक्शन अवैध पाई गई थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हसनैन के गेंदबाजी एक्शन के परीक्षण के बाद उनके बारे में एक बयान जारी किया। पीसीबी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, पीसीबी को आज मोहम्मद हसनैन के मूल्यांकन परीक्षण पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से एक औपचारिक और विस्तृत रिपोर्ट मिली, जिसमें कहा गया था कि हसनैन गुड लेंथ बॉल, बाउंसर और फुल लेंथ बॉल फेंकते वक्त आईसीसी द्वारा निर्धारित 15 डिग्री नियमों का उल्लंघन करते हैं। पीसीबी ने आगे कहा, ₹पीसीबी ने अपने गेंदबाजी विशेषज्ञों के साथ रिपोर्ट पर चर्चा की है और उसे विश्वास है कि समस्या का समाधान किया जा सकता है। पीसीबी अब एक गेंदबाजी सलाहकार नियुक्त करेगा जो मोहम्मद हसनैन के साथ काम करेगा ताकि वह अपने गेंदबाजी एक्शन में सुधार कर सके और पुनर्मूल्यांकन के लिए तैयार हो सके। पीसीबी ने यह भी कहा कि हसनैन को पाकिस्तान सुपर लीग में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और वह अपने गेंदबाजी एक्शन को संशोधित करने के लिए समय का उपयोग करेंगे।

एक नजर

अब हम और गलतियां नहीं कर सकते : जसवीर

बेंगलुरू, 4 फरवरी : पिछले कुछ मैचों में आकर्षक प्रदर्शन न कर पाने के बावजूद प्रो कबड्डी लीग में जीएमआर समूह की फ्रेंचाइजी यूपी योद्धा को तेलुगु टाइटन्स के खिलाफ अपने आगामी मुकाबले में वापसी करने का पूरा भरोसा है। वर्तमान में यूपी की टीम 42 अंकों के साथ अंक तालिका में 8वें स्थान पर हैं और उनका अगला सामना शनिवार की रात, 05 फरवरी, 2022 को तेलुगु टाइटन्स से होगा। तेलुगु टाइटन्स के विरुद्ध मैच से पहले यूपी योद्धा के मुख्य कोच जसवीर सिंह ने टिप्पणी करते हुए कहा, ह्लअब गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं बची है। हमने आगामी मैचों के लिए अपनी रणनीति पर चर्चा की है और योजना बनाई है एवं अपनी प्ले-ऑफ की उम्मीदों को हकीकत में बदलने के लिए हम तैयार हैं। लड़कों को पता है कि जीतने के लिए एक टीम के रूप में खेलना होता है और ऐसा उन्होंने इस सीजन में कई मौकों पर इस बात को सिद्ध किया है। हमें वपसी को लेकर पूरा भरोसा है और हम अपने अगले मैच में 5 अंक से कम के साथ समझौता नहीं करेंगे। अंक तालिका में 8वें स्थान पर होने के बावजूद, यूपी योद्धा पीकेएल 8 में बेंगलुरु बुल्स के बाद दूसरी सबसे ज्यादा 'टोटल पॉइंट्स' बटोरने वाली टीम है। यूपी योद्धा ने 12 'सुपर रेड' और 21 'सुपर टैकल' किये हैं, जो इस सीजन में अब तक किसी भी टीम द्वारा सबसे अधिक है। सुरेंद्र गिल इस सीजन में यूपी योद्धा के लिए स्टार खिलाडी रहे हैं, वह 'टोटल पॉइंट्स' और 'रेड पॉइंट्स' तालिका में क्रमशः चौथे और 5 वें स्थान पर हैं , जबकि यूपी योद्धा के कप्तान नितेश 'टैकल पॉइंट्स' की तालिका में छठे नंबर पर हैं । उन्होंने आशु सिंह और सुमित के साथ मिल कर उदहारण देने वाला अद्भुत प्रदर्शन किया है। यूपी योद्धा और तेलुगु टाइटन्स ने पीकेएल में अब तक 9 बार एक-दूसरे का सामना किया है, जिसमें योद्धा ने उन्हें 5 मौकों पर टाइटन्स को पराजित किया है जबकि दो मैच टाई करवाने में सफल रही है। इस सीजन में 15 जनवरी, 2022 को दोनों टीमों की आपसी भिड़ंत में योद्धा ने टाइटन्स पर 39-33 की आसान जीत दर्ज की थी। (00)

पाक-ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट श्रृंखला 4 मार्च से

लाहौर, 4 फरवरी : पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला अब रावलपिंडी में 4 मार्च से शुरू होगी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने शुक्रवार को तीन टेस्ट, तीन एकदिनी और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय दौरे के संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की। रावलपिंडी में शुरूआती टेस्ट मैच 4-8 मार्च, दूसरा टेस्ट कराची में 12-16 मार्च और तीसरा लाहौर में 21-25 मार्च तक खेला जाएगा। सफेद गेंद के चार मैच 29 मार्च से 5 अप्रैल तक खेले जाएंगे। पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फैसल हसनैन ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, हमें खुशी है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बोर्ड ने औपचारिक रूप से अपने पक्ष के पांच सप्ताह के दौरे के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है और पुष्टि की है कि उनके सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध खिलाड़ी 24 वर्षों में पहली बार पाकिस्तान का दौरा करेंगे। हम वास्तव में पैट कमिंस और उनके खिलाड़ियों की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं, और एक प्रतिस्पर्धी श्रृंखला के लिए तत्पर हैं जिसमें तीन टेस्ट, तीन एकदिवसीय और एक टी20 मैच शामिल है। बता दें कि लॉजिस्टिक और ऑपरेशनल चुनौतियों को कम करने के साथ-साथ पाकिस्तान डे रिहर्सल से बचने के लिए शेड्यूल को संशोधित किया गया है, जो आमतौर पर मार्च के दूसरे सप्ताह में इस्लामाबाद में शुरू होगा। दोनों क्रिकेट बोर्ड इस बात पर भी सहमत हुए हैं कि 27 फरवरी को चार्टर्ड फ्लाइट से इस्लामाबाद पहुंचने से पहले ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम ऑस्ट्रेलिया में ही अपना अलगाव पूरा कर लेगी। ऑस्ट्रेलिया में क्वारटीन में रहने के बाद 24 मार्च को ऑस्ट्रेलिया के सफेद गेंद के खिलाड़ियों के लाहौर पहुंचने की उम्मीद है।

ड्रा खेलकर मुंबई सिटी व मोहन बगान ने अंक बांटे

गोवा, 4 फरवरी : मौजूदा चैम्पियन मुंबई सिटी एफसी और एटीके मोहन बगान ने गुरुवार रात फतौर्डा स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 के लीग मुकाबले में 1-1 से ड्रा खेलकर अंक बांट लिये। बगान के स्पेनिश डिफेंडर टिरी को मजबूत रक्षण के लिए हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया। इस ड्रा के बाद मुंबई की जीत से दूरी सात मैचों तक पहुंच गई है और वो छठे स्थान पर बरकरार है। कोच डेस बकिंगहम की टीम 13 मैचों में पांच जीत और चार ड्रा से 19 अंक जुटा चुकी है।

हैदराबाद में 5 से होगा रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग का जोरदार आगाज

हैदराबाद, 4 फरवरी : हैदराबाद के गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में पांच फरवरी से शुरू हो रहे रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के पहले सीजन में दुनिया भर के शीर्ष वॉलीबॉल खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं। इसी के साथ भारत में इस खेल को लेकर एक नए अध्याय की शुरूआत होगी। कालीकट हीरोज, कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स, अहमदाबाद डिफेंडर्स, हैदराबाद ब्लैक हॉक्स, चेन्नई ब्लिट्ज, बेंगलुरु टॉरपीडो और कोलकाता थंडरबोल्ट्स नाम की सात फ्रेंचाइजी टीमें 27 फरवरी तक इस इलीट ट्रॉफी के लिए श्रेष्ठता की जंग में शामिल होंगी। इवेंट कोविड-19 के लिए जरूरी सभी सुरक्षा उपायों के साथ एक मजबूत बायो बबल में आयोजित किया जाएगा। इस टूनामेंट में 24 मैच होंगे। पहले मैच में हैदराबाद ब्लैक हॉक्स का सामना कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स से होगा। शीर्ष चार टीमों के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने से पहले सभी टीमें एक-एक बार आपस में खेलेंगी। नॉकआउट मुकाबले 24 और 25 फरवरी को खेले जाएंगे। रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग भरपूर मनोरंजन करने वाला अनुभव प्रदान करने का वादा करता है क्योंकि सभी फ्रेंचाइजी टीमों ने 14 दिसंबर को कोच्चि में आयोजित पीवीएल नीलामी में अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ-साथ अनुभवी भारतीय खिलाड़ियों और युवा भारतीय प्रतिभाओं के साथ शानदार संतुलन वाला दल तैयार किया है। अहमदाबाद डिफेंडर्स को मुथुसामी जैसे एक उत्कृष्ट सेटर की सेवाएं प्राप्त होंगी और उन्हें मिडिल ब्लॉकर मनोज एलएम का साथ मिलेगा। साथ ही अमेरिकी खिलाड़ी रयान मेहान (ब्लॉकर) और अरजेंटीना के अटैकर रोड्रिगो विलालबोआ अपने अंतरराष्ट्रीय अनुभव के साथ उत्कृष्ट इनपुट प्रदान करेंगे। इसके अलावा टीम में हरदीप सिंह, शॉन टी जॉन, एस संतोष, प्रभाकरण पी, साजू प्रकाश मयाल, प्रसन्ना राजा एए, चौधरी हर्ष और अंगमुथु जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। बेंगलुरू टॉरपीडो में अनुभवी रंजीत सिंह (कप्तान और सेटर) और पंकज शर्मा (अटैकर) होंगे और उन्हें अमेरिकी खिलाड़ियों - नूह टैटानो (यूनिवर्सल) और काइल फ्रेंड (अटैकर) का पूरा साथ मिलेगा। टीम के बाकी खिलाड़ियों में रोहित पी, वरुण जीएस, बी मिधुन कुमार, सारंग संथिलाल, लवमीत कटारिया, सराजन यू शेट्टी, रंजीत सिंह, विनायक रोखड़े और गणेश के शामिल हैं। इसी तरह हैदराबाद ब्लैक हॉक्स के लिए अनुभवी अटैकर अमित गुलिया केंद्र में होंगे और उन्हें सेटर्स-हरिहरन वी और विपुल कुमार का साथ मिलेगा। हैदराबाद टीम को वेनेजुएला (यूनिवर्सल) के लुइस एंटोनियो एरियस गुजमैन और क्यूबा के हेनरी बेल (अटैकर) जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का भी साथ मिलेगा। टीम में रोहित कुमार, जॉर्ज एंटनी, आनंद के, सुधीर शेट्टी, जॉन जोसेफ ईजे, जिष्णु पीवी, प्रफुल एस और एसवी गुरु प्रशांत भी शामिल हैं। जेरोम विनिथ (यूनिवर्सल) और अजितलाल सी (अटैकर) की स्टार जोड़ी कालीकट हीरोज की चुनौती का नेतृत्व करेगी।

साथ ही ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता डेविड ली (ब्लॉकर) और आरोन कौबी (अटैकर) के रूप में अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से टीम को जबरदस्त समर्थन मिलेगा। इसके अलावा टीम में अबील कृष्णन सांसद, विशाल कृष्णा पीएस, विग्नेश राज डी, आर रामनाथन, अर्जुन नाथ एलएस, मुजीब एमसी, जितिन एन, लाल सुजान एमवी, अरुण जकारियास सिबी और अंसाब ओ भी शामिल हैं। चेन्नई ब्लिट्ज को अनुभवी खिलाड़ियों- उकरपांडियन मोहन (कप्तान और सेटर), अखिन जीएस (मिडिल ब्लॉकर) और नवीन राजा जैकब (अटैकर) की सेवाएं प्राप्त होंगी। इस टीम ने वेनेजुएला के अटैकर फर्नांडो डेविड गोंजालेज रोड्रिग्ज और अमेरिका के अटैकर ब्रूनो डा सिल्वा को भी अपने साथ रखा है। शेष खिलाड़ियों में अमित, अजमथ उल्ला, कनगराज, जीआर वैष्णव, अभिलाष चौधरी, मोहित भीम सेहरावत, पिनम्मा प्रशांत, अमितसिंह कप्तानसिंह तंवर और जोबिन वर्गीस शामिल हैं।

शीतकालीन ओलंपिक खेलों की हुई शुरुआत

नई दिल्ली : चीन के नेशनल स्टेडियम में 2022 के शीतकालीन ओलंपिक खेलों का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को हुआ। उद्घाटन समारोह के साथ ही शीतकालीन ओलंपिक की आधिकारिक शुरूआत भी हो चुकी है। उद्घाटन समारोह परेड में अल्पाइन स्कीयर मोहम्मद आरिफ खान भारत का ध्वज लेकर उतरे। आरिफ ने चार सदस्यों के भारतीय दल की अगुवाई की। इसके साथ ही वह जेरेमी बुकावोस्की, शिवा केशवन और नेहा आहुजा जैसे एथलीटों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्हें शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भारतीय ध्वजवाहक होने का गौरव प्राप्त हुआ है। उद्घाटन समारोह में दुनिया भर के 91 प्रतिनिधिमंडलों के प्रतिनिधि इस समारोह में भाग ले रहे हैं, जिसमें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वूसिक, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस सहित विश्व के नेता शामिल हैं। शीतकालीन ओलंपिक मशाल बीजिंग, यानकिंग और झांगजियाकौ के तीन प्रतियोगिता क्षेत्रों में तीन दिवसीय रिले के दौरान अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक सहित लगभग 1,200 मशालवाहकों के हाथों से गुजरी है। गौरतलब है कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के रेजिमेंटल कमांडर क्वी फाबाओ को मशालवाहक बनाने के विरोध में भारत के राजनयिकों ने ओलंपिक के उद्घाटन और समापन समारोह का बहिष्कार कर दिया है।

बिहार में बदला मौसम का मिजाज बारिश के बाद बढ़ी ठंड, ऑरेंज अलर्ट

एजेंसियां

पटना : बिहार की राजधानी पटना सहित कई जिलों में गुरुवार रात हुई बारिश के बाद मौसम का मिजाज बदल गया है। पटना में कल रात लगभग नौ बजे से शुरू हुई बारिश देर रात तक होती रही। लगभग 11.30 बजे के बाद पटना में जोरदार बारिश हुई, जिससे शुक्रवार को सुबह से ही ठंड और बढ़ गई है। इससे फिर से ठिठुरन बढ़ गयी है।

पटना में गुरुवार रात 11.30 बजे तक कुल 17.5 मिमी बारिश दर्ज हुई थी। बक्सर, मुजफ्फरपुर, नालंदा समेत कई जिलों में बारिश देखने को मिली। हवा की गति 15 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से थी। पिछले 24 घंटों के दौरान 7.5 डिग्री सेल्सियस के साथ सीतामढ़ी प्रदेश का ठंडा शहर रहा।

पटना मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार आज भी कई जिलों में इसी तरह का मौसम रहेगा। मौसम विभाग ने येलो के साथ ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है।आज कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि के साथ बारिश के भी आसार हैं। इसे लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी भी जारी की है।मौसम के मिजाज में आए बदलाव का असर अगले 24 घंटों तक इसी तरह बना रहने की सम्भावना है। खासकर मध्य और पूर्वी बिहार के बिहार जिलों में इस दौरान गरज के साथ तेज बारिश के अलावा कुछ जगहों पर ओले भी गिर सकते हैं।

शुक्रवार सुबह से ही इसका असर भी देखा गया। पटना, लखीसराय, बेगुसराय, गया, जहानाबाद आदि जिलों में सुबह सुबह हल्की बूंदाबांदी हुई।मौसम विभाग ने

राज्य में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए लोगों को घरों में रहने की सलाह दी है। शुक्रवार को प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि के आसार हैं। पांच फरवरी के बाद न्यूनतम तापमान में आंशिक गिरावट के आसार हैं।

मौसम विभाग के पूवार्नुमानों में कहा गया है कि बंगाल की खाड़ी में हवा के दबाव में आए बदलाव और पश्चिम भारत सहित हिमालयी इलाकों में हो रही बारिश के कारण बिहार में मौसम में दो तरफा बदलाव देखने को मिल रहा है । एक ओर बारिश से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है तो दूसरी ओर बारिश के बावजूद न्यूनतम तापमान में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। हालांकि. अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान के बीच ज्यादा अंतर नहीं होने से पिछले 24 घंटों के दौरान ठंड का असर मामूली तौर पर कम हुआ है लेकिन अभी ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है। बारिश का दौर खत्म होने के बाद एक बाद फिर से सर्दी का सितम बढ़ सकता है। हालांकि, फरवरी के दूसरे सप्ताह से तापमान में आंशिक परिवर्तन होगा और लोगों को सर्दी से बड़ी राहत मिलने की संभावना है।

संक्षिप्त

पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता

पटना : जाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष पप्पू यादव आज पटना के बाजार समिति स्थित आर के कॉलोनी गए, जहां कल 12 वर्षीय बच्ची सलोनी एवं 10 वर्षीय बच्ची शालू को छत से फेंक दिया गया था। इसमें एक बच्ची की मौत हो गई थी और एक अस्पताल में इलाजरत है। पप्पू यादव ने उनके परिजन से मुलाकात कर तत्काल इलाजरत बच्ची के परिवार को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देते हुए कहा कि पार्टी बच्ची के इलाज का पूरा खर्च देगी।

रक्तदान कर नव प्रसूता की बचाई जान

सीवान : शहर के प्रसिद्ध स्वयंसेवी संस्था सोसाइटी हेल्पर ग्रुप ट्रस्ट टीम अनमोल के जिला संयोजक आफताब के पास गुरुवार की रात को अचानक एक व्यक्ति ने कॉल कर बताया कि शहर के मां हॉस्पिटल एंड बेबी केयर सेंटर में एक महिला एडमिट है और उसे तुरंत एक यूनिट रक्त की आवश्यकता है, लेकिन सीवान के ब्लड बैंक में आवश्यकता वाले रक्त ग्रुप का रक्त उपलब्ध नहीं होने के कारण महिला की जान खतरे में है।

मोतिहारी में बारिश और ओलावृष्टि

मोतिहारी : मौसम विभाग की ओर से जारी की गयी चेतावनी के अनुसार जिले मे कल रात से ही तेज हवा और गर्जन के साथ झमाझम बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन असमान्य हो गया है। तापमान में भारी गिरावट के साथ बारिश और ओलावृष्टि का सबसे बुरा असर किसानों के खेतों मे देखने को मिल रहा है।

छात्रों ने कुलपति का पुतला जलाया

भागलपुर : तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में प्री-पीएचडी के रिजल्ट में धांधली के खिलाफ खिलाफ शुक्रवार को विश्वविद्यालय में प्रभारी कुलपति हनुमान पांडे का पुतला फूंका और भ्रष्ट परीक्षा नियंत्रक के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यक्रम का नेतृत्व आइसा विश्वविद्यालय संयोजक प्रवीण कुशवाहा, छात्र नेता दीपांकर लाल और प्रियारंजन ने किया।

कोरोना प्रोटोकॉल लागू करायें : सतीश

बेतिया : पुलिस निरीक्षक सतीश चंद्र माधव की अध्यक्षता में आज पुलिस अंचल कार्यालय में अपराध गोष्ठी किया गया । इस दौरान इंस्पेक्टर माधव ने मौके पर मौजूद थानाध्यक्षों सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों को कहा कि सरस्वती पूजा को ले विधि व्यवस्था और कोरोना गाइड लाइन के अनुपालन को लेकर अलर्ट रहें।

केंद्रीय मंत्री से मिले सांसद रामकृपाल

पटना : खाद की किल्लत से परेशान किसानों की समस्या और उनके मांगों को लेकर पाटलिपुत्र के भाजपा सांसद सह पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री रामकृपाल यादव ने शुक्रवार को केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री डॉ मनसुख लक्ष्मणभाई मांडविया से मुलाकात की। साथ ही बिहार में डीएपी की भारी किल्लत को देखते हुए बिहार सरकार की ओर से वांछित चार लाख मैट्रिक टन खाद उपलब्ध कराने से संबंधित मांग पत्र सौंपा।

20 घंटे तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित

नवप्रदेश प्रतिधि

बिक्रमगंज : गुरुवार को देर शाम आई तेज हवा के कारण शहर के पटेल नगर स्थित ट्रांसफार्मर से निकलने वाला एलटीटी टूट कर गिर गया। जो शुक्रवार को दोपहर के बाद भी यथावत रहा। एलटी तार टूटने के कारण उक्त ट्रांसफार्मर की सप्लाई गुरुवार को पूरी रात एवं शुक्रवार को दोपहर के बाद तक बाधित कर दी गई। जिसके कारण उक्त ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। परंतु विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मी यथाशीघ्र गिरे हुए तार को दुरुस्त करने का नौबत नहीं उठाया। प्रश्न यह उठ रहा है कि विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत शहर में कवर युक्त एलटी तार लगाने थे। इस कार्य को पूर्ण की दावा स्थानीय अधिकारियों द्वारा

किया जाता रहा है। परंतु अभी भी शहर के कई वार्डों में नंगे जर्जर तार के सहारे विद्युत आपूर्ति की जाती है। जो तेज हवा आदि के कारण टूट कर गिरते रहते हैं। इस स्थिति में शहर का विद्युत प्रभावित कर दिया जाता है अथवा टूटे हुए तार से संबंधित ट्रांसफार्मर की सप्लाई बाधित कर दी जाती है। विद्युत विभाग के इस लापरवाही से शहरवासी काफी परेशान होते हैं। घरेलू से लेकर व्यवसायिक सभी प्रकार के कार्य ठप पड़ जाते हैं। सासाराम रोड स्थित मुन्नी सिंह मार्केट के समीप गिरे हुए एलटी तार दुरुस्त करने की जगह रात्रि में विद्युत कर्मियों ने ट्रांसफार्मर के सप्लाई को ही प्रभावित रखना उचित समझा। शुक्रवार को दोपहर के 2 बजे विद्युत कर्मियों को उक्त स्थल पर पहुंच तार को दुरुस्त करते हुए देखा गया। अधिकारी एवं कर्मियों की लापरवाही से लगभग 20 घंटे तक पटेल नगर ट्रांसफार्मर से विद्युत सप्लाई प्रभावित रहा।

नल जल योजना में गडबड़ी की शिकायत

हाई कोर्ट ने अफसरों से मांगा अभ्यावेदन

पटना : पटना हाईकोर्ट में राज्य में चल रहे हर घर नल का जल योजना में हुई गडबड़ी और बरती गई अनियमितताओं की जांच कर कार्रवाई करने के लिए दायर जनहित याचिका पर आज सुनवाई हुई। संजय मेहता की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस संजय करोल की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार के सम्बंधित अधिकारियों को अभ्यावेदन देने का निर्देश दिया।

इस जनहित याचिका को अधिवक्ता अलका वर्मा और मीरा कुमारी ने संजय मेहता ने कोर्ट में दायर किया हैं। जनहित में राज्य के मुख्य सचिव समेत अन्य सम्बंधित अधिकारियों को पार्टी बनाया गया था।

याचिका में कहा गया है कि इस योजना में अनियमितताएं बरतने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही इस हर घर नल का जल योजना का कार्यान्वयन सही ढंग से किया जाए।

यह आम जनता के हितों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की काफी महत्वपूर्ण योजना हैं। शुद्ध पेय जल आम लोगों की बुनियादी आवश्यकता हैं। इसमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां हुई हैं और अनियमितताएं बरती गई हैं।

हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचायें : नीतीश

एजेंसियां

पटना : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल संसाधन विभाग की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कहा कि सात निश्चय-2 के अंतर्गत हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य करें।

उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी नदियों को जोड़ने की योजना बनाएं। इसके लिए व्यावहारिक आकलन कराएं।छोटी नदियों के आपस में जुड़ने से जल संरक्षित रहेगा और इससे लोगों को सिंचाई कार्य में भी सुविधा होगी। नदियों में गाद की समस्या के समाधान के लिए गाद प्रबंधन के लिए काम करें।

उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं को स-समय पूरा करें। सीएम कहा कि जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत गंगाजल उद्वह योजना की शुरूआत की गई।इसके तहत राजगीर, गया, बोधगया एवं नवादा में सभी लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग तथा नगर विकास एवं आवास विभाग आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें। इस योजना को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करें।

इससे पहले बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जल संसाधन विभाग के कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने सिकरहना नदी के दायें किनारे तटबंध निर्माण का कार्य, बख्तियारपुर में गंगा की धार का पुनर्रथापन कार्य, टाल विकास योजना, कोसी-मेची लिंक योजना, उत्तर कोयल जलाशय परियोजना, उत्तर बिहार की बाढ़ एवं जल जमाव की समस्या, दक्षिण बिहार की सिंचाई एवं बाढ़ की समस्या, गंगाजल उद्वह योजना एवं हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने की योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी।

23 अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

पटना : बिहार तकनीकी सेवा आयोग की ओर से 8 फरवरी से 24 फरवरी तक आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी, आयुष फिजीशियन, होम्योपैथिक, यूनानी चिकित्सा पदाधिकारियों के काउंसलिंग का कार्य किया जाना है। इसे देखते हुए बिहार प्रशासनिक सेवा के 23 अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति आठ फरवरी से 24 फरवरी तक बिहार तकनीकी सेवा आयोग में की गयी है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है।

प्रतिनियुक्त किये गये अधिकारियों में मुकुल कुमार, राशिद कलीम अंसारी, राम कुमार पोद्दार, अनिल कुमार, मुकेश कुमार मुकुल, मुकेश कुमार अग्रवाल, दिलीप कुमार अग्रवाल, पूनम कुमारी, अनुज कुमार, कृष्ण मोहन सिंह, शैलेंद्र कुमार भारती, चंद्रशेखर प्रसाद, बृज किशोर चौधरी, अशोक कुमार-2, विष्णु देव मंडल, अखिलेश कुमार सिंह, इंदु कुमारी, लल्लन प्रसाद, एकता वर्मा, सुभाष कुमार, देवेंद्र कुमार दर्द, पूनम कुमारी और राजीव कुमार शामिल हैं।

ताड़ी व्यवसाय करने वाले का होगा सर्वेक्षण

नवप्रदेश प्रतिनिधि

सुर्यपुरा : प्रखंड मुख्यालय स्थित है जीविका कार्यालय में ताड़ी उत्पादन एवं व्यवसाय करने वाले लोगों के जीविकोपार्जन संबंधित सहयोग करने को लेकर बीडीओ वीणा पाणी एवं बीपीएम प्रवीण कुमार के नेतृत्व में सर्वेक्षण दल का गठन कर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया.

बीडीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में साड़ी उत्पादन एवं बिक्री करने वाले पारंपरिक रूप से जुड़े परिवारों की जीविकोपार्जन संबंधित गतिविधियों में सहयोग प्रधान करने हेतु वैसे सभी परिवारों की पहचान कर सर्वेक्षण करने हेतु स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के सभी 5 पंचायतों में सर्वेक्षण दल का गठन कर सभी दल कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया गया. प्रखंड परियोजना प्रबंधक प्रवीण कुमार ने बताया कि सूर्यपुरा पंचायत में सर्वेक्षण कार्य के लिए जीविका के सीआरपी पुष्पा रानी ,विकास मित्र सीमा दास, तथा चौकीदार देव पूजन राम का चयन किया गया है जिसके नोडल पदाधिकारी जीविका के श्रीमती नंदनी कुमारी को बनाया गया है वही अन्य चार पंचायतों में भी संरक्षण दल का गठन करते हुए सब की सूची जारी कर दी गई है

एक नजर

सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

बेतिया : बेतिया- मोतिहारी पथ में बेलदारी तथा अरेराज रोड में कठैया के समीप घटी अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में मझौलिया के रूलही निवासी कृष्णा ठाकुर (53) तथा नौतन के धुमनगर कचहरी टोला निवासी रामा महतो (50) शामिल है। जबकि कृष्णा ठाकुर के पुत्र उज्जवल ठाकुर गंभीर रुप से जख्मी हो गए। मुफस्सिल थानाध्यक्ष उग्रनाथ झा ने शउक्बरवार को बताया कि बेलदारी में घटी घटना की जानकारी मिली है। नगर पुलिस ने जीएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम करवाया है। इधर नगर थानाध्यक्ष राकेश कुमार भास्कर ने बताया कि धुमनगर कचहरी टोला निवासी रामा महतो के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। रूलही निवासी कृष्णा ठाकुर अपने बेटे उज्जवल ठाकुर के साथ बाइक से बेतिया की तरफ आ रहे थे। तभी बेलदारी चौक पर विपरित दिशा से जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें ठोकर मार दी।

सात कैंसर मरीज हुए चिह्नित

सहरसा : अंतरराष्ट्रीय कैंसर दिवस पर शुक्रवार को सतरकटैया प्रखंड के कैंसर गाँव घोषित सहरबा में श्री नारायण मेडिकल कॉलेज द्वारा पूर्व जिला पार्षद प्रवीन आनंद के संयोजन में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ कौशल किशोर एवं डॉ नवीन कुमार के नेतृत्व में आँख ,कान , नाक ,गला एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष कुमार , डॉ नरेश झा, डॉ रमेश कुमार एवं 30 सदस्यीय कमिटी श्री नारायण मेडिकल कॉलेज की टीम लोगों की सेवा में लगे थे।पंचगछिया अस्पताल के प्रभारी अनिल कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक राजकुमार सिंह द्वारा आयुष्मान कार्ड और टीका का शिविर लगाया गया था।जिसमे सिविल सर्जन अवधेश कुमार , आयुष्मान प्रबंधक हेनरी , सत्तर कटैया अंचलाधिकारी जय प्रकाश राय , थाना अध्यक्ष प्रमोद झा पीएचडी विभाग के एसडीओ,जदयू नेता रंजीत कुमार सिंह बबलू ,पवन कुमार झा पूर्व प्रमुख कृष्ण कुमार मख्खन नितेश रंजन , सुरेश यादव एवं कई राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

नीरा उत्पादन को लेकर कार्यशाला

सहरसा : ताड़ी के उत्पादन एवं बिक्री में परंपरागत रूप से जुड़े परिवारों का सर्वेक्षण को लेकर प्रखंड परिसर नवहट्टा के कला भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ बीडीओ जितेंद्र कुमार, बीपीएम कन्हैया सिंह, सीओ अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।कार्यशाला में वक्ताओ ने बताया कि ताड़ी बेचने वाले लोगों के जीवन स्तर सुधार समृद्धि के लिए नीरा के माध्यम से स्वरोजगार उपलब्ध कराया जाना है।उसके लिए विकास मित्र, चौकीदार और जीविका दीदियों को सामूहिक दायित्व देते हुए पंचायत स्तर पर सर्वेक्षण दल का गठन किया गया है । इस सर्वेक्षण दल द्वारा 14 फरवरी तक स्थलीय सर्वेक्षण के कार्य को पूर्ण कर लिया जाना है । सर्वेक्षण के उपरांत शत प्रतिशत परिवारों को सतत जीविकोपार्जन योजना या अन्य कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ कर लाभ दिया जायेगा।

एनएच में बने गड्ढे में पलटी ई रिक्शा, दो जख्मी

भागलपुर : जिले के अकबरनगर-भागलपुर मुख्य मार्ग पर पूर्वी टोला के समीप बारिश का पानी सड़क पर जमा हो गया है। पूर्व से ही सड़क पर पानी बहने के कारण सड़क जर्जर और खतरनाक हो गई है। सड़क में दर्जनों गढ्ढे होकर खतरनाक हो गई। जिसके कारण आए दिन इस रास्ते से होकर गुजरने वाले वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। शुक्रवार को सुबह यात्रियों से भरी ई रिक्शा गढ्ढे में पलट गई। जिसके कारण उसमें सवार एक वृद्ध महिला और एक बच्चा बुरी तरह जख्मी हो गया। दोनों को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस कारण किसी दिन बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। गुरुवार शाम को भी पुआल लदी जुगाड़ गाड़ी गड्ढे में फंस कर पलट गई। वहां से निकल रहे लोग बाल-बाल बचे। जुगाड़ गाड़ी पलटने के कारण करीब दो घंटे तक जाम की समस्या उत्पन्न हो गई।

23 अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

पटना : बिहार तकनीकी सेवा आयोग की ओर से 8 फरवरी से 24 फरवरी तक आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी, आयुष फिजीशियन, होम्योपैथिक, यूनानी चिकित्सा पदाधिकारियों के काउंसलिंग का कार्य किया जाना है। इसे देखते हुए बिहार प्रशासनिक सेवा के 23 अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति आठ फरवरी से 24 फरवरी तक बिहार तकनीकी सेवा आयोग में की गयी है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। प्रतिनियुक्त किये गये अधिकारियों में मुकुल कुमार, राशिद कलीम अंसारी, राम कुमार पोद्दार, अनिल कुमार, मुकेश कुमार मुकुल, मुकेश कुमार अग्रवाल, दिलीप कुमार अग्रवाल, पूनम कुमारी, अनुज कुमार, कृष्ण मोहन सिंह, शैलेंद्र कुमार भारती, चंद्रशेखर प्रसाद, बृज किशोर चौधरी, अशोक कुमार-2, विष्णु देव मंडल, अखिलेश कुमार सिंह, इंदु कुमारी, लल्लन प्रसाद, एकता वर्मा, सुभाष कुमार, देवेंद्र कुमार दर्द, पूनम कुमारी और राजीव कुमार शामिल हैं।

पूर्व विधान पार्षद के निधन से शोक

सीवान : जिले के जाने-माने जदयू नेता एवं पूर्व विधान पार्षद शिव प्रसन्न यादव के निधन के बाद सीवान की राजनीति में शोक है। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज पटना के एक अस्पताल में चल रहा था जहां उन्होंने शुक्रवार को अंतिम सांस ली है। पूर्व विधान पार्षद के निधन की खबर से उनके परिवार एवं समर्थक काफी दुखी हैं ।वहीं कई राजनेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया है। विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह ने भी शोक जताया है।

किशनगंज में बर्फबारी का असर

किशनगंज : पश्चिम बंगाल के दार्जलिंग जिला में शुक्रवार सुबह से हो रही बर्फबारी के कारण बर्फीली हवा का असर बिहार के किशनगंज जिला में भी हुआ है। यहां सुबह से हल्की बारिश भी हो रही है।जिसके कारण जिलें में कपकपाती ठण्ड का असर दिख रहा है। बढ़ती ठंड ने जनजीवन की परेशानी बढ़ा दी है। तेज हवा और हल्की बारिश के कारण विधुत सप्लाई भी बाधित हो गयी है । तेज हवा के कारण बिजली की आंख मिचौली भी जारी है।

दिव्यांगजनों को मुफ्त में मिलेगा सहायक उपकरण

एजेंसियां

बेगूसराय : नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) बरौनी के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर फंड) से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में एलिम्को कानपुर द्वारा बेगूसराय जिला के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए 14 एवं 15 फरवरी को दो दिवसीय परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक भुवन कुमार ने बताया कि डीएम अरविंद कुमार वर्मा ने एलिम्को कानपुर से प्राप्त पत्र के आलोक में दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए दो दिवसीय परीक्षण शिविर की अनुमति दी है। 14 फरवरी को प्रखंड कार्यालय परिसर बरौनी एवं 15 फरवरी को प्रखंड कार्यालय परिसर मटिहानी में शिविर का आयोजन एलिम्को द्वारा एनटीपीसी बरौनी के सहयोग से किया जाएगा।

कोशी-महानंदा रेल नेटवर्क को मिली रफ्तार

सहरसा : कोशी महानंदा को मिथिलांचल से एकीकरण को लेकर रेल लाइन सह सड़क पुल बनने की रफ्तार अब तेज होगी। इस बजट में इन क्षेत्रों में रेल लाइन बिछान और अन्य कार्यों को पूरा करने के लिए बडे पैमाने पर राशि उपलब्ध कराई गई है।

इससे दो बहुप्रतिक्षित परियोजना इस साल पूरे होने की संभावना बलबती हो गई है।समस्तीपुर रेल मंडल की विभिन्न परियोजनाओं के लिए फंड जारी हुआ है। इसमें खगड़िया से कुशेश्वरस्थान रेल परियोजना के लिए 60 करोड़ रुपए जारी किया गया है। मानसी-सहरसा,मधेपुरा-पूर्णिया रेल खंड पर दोहरीकरण अमान परिवर्तन के लिए 25 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। बजट में सबसे अधिक जोड़ रेल लाइनों के दोहरीकरण पर दिया गया है।साथ ही समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण के लिए 50 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं। इतना ही नहीं 40 साल से अधिक समय से

चिरलंबित पड़ी हसनपुर-सकरी रेल परियोजना को पूरा कराने के लिए 60 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। कोसी से मिथिलांचल को जोड़ने वाले कोसी ब्रिज के काम को पूरा करने के लिए 32 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इन फंड से तीनों जोन में रेल परियोजनाएं पूरी हो सकेगी।

इन लाइनों का होगा दोहरीकरण

समस्तीपुर-दरभंगा। इसके लिए 50 करोड़ रुपये मिले। सगौली-वाल्मीकि नगर 130 करोड़, मुजफ्फरपुर- सगौली140 करोड़,दरभंगा-शीशो हॉल्ट बाइपास के लिए 10 करोड़, नरकटियांगज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा-10 करोड़,खगड़िया जिले में गंगा नदी पर बने रेल सह सड़क पुल का 11 फरवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उद्घाटन करेंगे। हालांकि यह उद्घाटन वर्चुअली होगा। जहां एप्रोच पथ का काम तेजी से किया जा रहा है। एप्रोच पथ पर मिट्टी भराई की जा रही है। बीते 16 जनवरी को ही इस पुल का उद्घाटन किया जाना था। लेकिन बढते कोरोना संक्रमण के कारण उद्घाटन समारोह फिलहाल स्थगित कर दिया गया था।

इस पुल के चालू होने से खगड़िया, लखीसराय, मुंगेर और बेगूसराय के लोगों को जबरदस्त फायदा होगा। खगड़िया का मुंगेर से सीधा से संपर्क हो जाएगा और 100 किलोमीटर दूरी कम हो जाएगी। फिलहाल खगड़िया के लोग नदी पार कर मुंगेर आते हैं या फिर भागलपुर होते हुए मुंगेर पहुंचते हैं।इस रेल सह सड़क पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। तब नीतीश कुमार रेल मंत्री थे। यह परियोजनाओं वाजपेयी और नीतीश का ड्रीम प्रोजेक्ट है। अब 18 साल बाद यह पुल शुरू होगा। एप्रोच पथ के रास्ते में 600 मीटर के दायरे में आम लोगों का घर होने के कारण निर्माण में देरी हुई है। इन्हें 80 करोड़ रुपए मुआवजा देकर घर खाली करवाया गया है। एप्रोच रोड की लंबाई 500 मीटर है। जब इस परियोजना की शुरूआत हुई थी तब 921 करोड़ रुपए लागत थी। अब इसकी लागत 2774 करोड़ रुपए हो चुकी है। पुल के शुरू होने से मुंगेर, खगड़िया और बेगूसराय,सहरसा के व्यवसाय में काफी बढोतरी होगी।वही किसान एवं व्यापारी सुगमतापूर्वक एक जिले से दूसरे जिले में अपनी फसल एवं सामान पहुंचा सकेंगे।

शांतिपूर्वक मनायें सरस्वती पूजा : एसडीओ

नवप्रदेश संवाददाता

डेहरी : सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी समीर सौरभ की अध्यक्षता में नगर थाना परिसर में हुई। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि सरस्वती पूजा सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाना है लोग अपने घरों में ही शांतिपूर्वक त्यौहार मनाए तथा कोविड ने नियमों नियमों का पालन करें। कहीं भी सर्वजनिक तरीके से प्रतिमा स्थापित कर पूजा ना करें और नहीं सरस्वती पूजा के उपलक्ष में किसी भी प्रकार के सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन करें। प्रतिमा का विसर्जन रविवार की बजाय सोमवार को किया जाएगा। सोमवार को ही सभी लोग प्रतिमा का विसर्जन कार्य संपन्न कर लेंगे। विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की जुलूस नहीं निकालना है। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवजोत सिमी प्रखंड विकास पदाधिकारी पुरूषोत्तम थानाध्यक्ष राजीव रंजन विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष उमा शंकर पांडे सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर सिंह विनय बाबा वेद प्रकाश यादव पार्षद किरण देवी मंजू चौधरी अख्तर अंसारी सहित आदि शामिल थे।

विद्या की देवी से लीजिए पवित्र मन की प्रेरणा

वसंत पंचमी पर विशेष

डॉ. छाया मंगल मिश्र

सरस्वती को बागीश्वरी भगवती, शारदा, वीणावादनी और वारदेवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। संगीत की उत्पत्ति करने के कारण वह संगीत की देवी भी है। वसंत पंचमी के दिन को इनके जन्मोत्सव के रूप में भी मनाते हैं।

हिंदू धर्म में वसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। देवी सरस्वती का प्राकट्य दिवस होने से इस दिन सरस्वती जयंती, श्रीपंचमी आदि पर्व भी होते हैं। वैसे सायन कुंभ में सूर्य आने पर वसंत शुरू होता है। इस दिन से वसंत राग, वसंत के प्यार भरे गीत, राग-रागिनियां गाने की शुरूआत होती है। इस दिन सात रागों में से पंचम स्वर (वसंत राग) में गायन, कामदेव, उनकी पत्नी रति और वसंत की पूजा की जाती है। देवी भागवत में उल्लेख है कि माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी को ही संगीत, काव्य, कला, शिल्प, रस, छंद, शब्द व शक्ति की प्राप्ति जीव को हुई थी। पुराणों के अनुसार श्रीकृष्ण ने सरस्वती से खुश होकर उन्हें वरदान दिया था कि वसंत पंचमी के दिन तुम्हारी भी आराधना की जाएगी। सरस्वती को बागीश्वरी भगवती, शारदा, वीणावादनी और वारदेवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। संगीत की उत्पत्ति करने के कारण वह संगीत की देवी भी है। वसंत पंचमी के दिन को इनके जन्मोत्सव के रूप में भी मनाते हैं। पद्मपुराण में मां सरस्वती का रूप प्रेरणादायी है। शुभवस्त्र धारण किए हैं और उनके चार हाथ हैं जिनमें वीणा, पुस्तकमाला और अक्षरमाला है। धर्मशास्त्रों के अनुसार मां सरस्वती का वाहन सफेद हंस है। सरस्वती का वाहन हंस विवेक का

परिचायक है। एक हाथ में पुस्तक, संदेश देती है कि हमारा लगाव पुस्तकों के प्रति, साहित्य के प्रति हो। विद्यार्थी कभी पुस्तकों से अलग न हों, भौतिक रूप से भले ही कभी किताबों से दूर रहे, लेकिन हमेशा मानसिक रूप से किताबों के साथ रहें। दो हाथों से वीणा का वादन, यह संकेत करता है कि विद्यार्थी जीवन में ही संगीत जैसी ललित

श्वेत रंग पसंद मां सरस्वती प्रेरणा देतीं हैं कि मन शांत और पवित्र हो। हमारा ज्ञान निर्मल हो श्वेत रंग की तरह, विकृत न हो. जो भी ज्ञान प्राप्त करें वो सकारात्मक हो. यही बात हमारे चरित्र को लेकर भी है। कोई भी दुर्गुण हमारे चरित्र में न हो, एकदम शुभ्र दमक के साथ हो।

कलाओं प्रति भी हमारी रुचि होनी चाहिए। संगीत हमारी याददाश्त बढ़ाने में भी सहायक होता है। दो हाथों में वीणा ललित कला में प्रवीण होने की प्रेरणा देती हैं। जिस प्रकार वीणा के सभी तारों में सामंजस्य होने से मधुर संगीत निकलता है वैसे ही मनुष्य अपने जीवन में मन व बुद्धि का सही तालमेल रखे। चित्र में देवी सरस्वती नदी किनारे एकांत में बैठी है, यह संकेत है कि विद्यार्जन के लिए एकांत भी आवश्यक है। विद्यार्थी को थोड़ा समय एकांत में भी बिताना चाहिए।

एक हाथ में माला है, यह बताती है कि हमें हमेशा चिंतन में रहना चाहिए, जो ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। उसका लगातार मनन करते रहें. इससे आपकी मेधा बढ़ेगी। शुभवस्त्र मानव को प्रेरणा देते हैं कि अपने भीतर सत्य, अहिंसा, क्षमा, सहनशीलता, करुणा, प्रेम व परोपकार आदि सद्गुणों को बढ़ाएं और क्रोध, मोह, लोभ, मद, अहंकार आदि का परित्याग करें। सरस्वती के पीछे सूरज भी उगता दिखाई देता है, यह बताता है कि पढ़ाई के लिए सुबह का समय ही श्रेष्ठ है। सरस्वती के सामने दो हंस है, बुद्धि के प्रतीक हैं, हमारी बुद्धि रचनात्मक और विश्लेषणात्मक दोनों होनी चाहिए, क्योंकि हंस दूध ग्रहण कर पानी छोड़ देने का अद्भुत गुण होता है।

श्वेत रंग पसंद मां सरस्वती प्रेरणा देतीं हैं कि मन शांत और पवित्र हो। हमारा ज्ञान निर्मल हो श्वेत रंग की तरह, विकृत न हो. जो भी ज्ञान प्राप्त करें वो सकारात्मक हो. यही बात हमारे चरित्र को लेकर भी है। कोई भी दुर्गुण हमारे चरित्र में न हो, एकदम शुभ्र दमक के साथ हो। मां सरस्वती सभी पर कृपालु हों।

हे! ज्ञान की देवी

विजय केसरी

तू ज्ञान की देवी है,
तू कला की देवी है,
तू स्वर की देवी है,
तू साधना की देवी है।
तेरे बिना यह संसार,
निर्जीव समान है,
तू ब्रह्मांड कीअधिष्ठात्री देवी है,
तू ब्रह्मा की मानस पुत्री है।
तू जगत की प्राणवायु है,
तू जगत की उर्जा वायु है ,
तू संतोष की देवी है,
तू शीतलता की देवी है।
तू आदिशक्ति के अंश से उत्पन्न हुई है,
हे ! माता सरस्वती,
तुम जगत का अंधकार को मिटा दो, तुम जगत में रौशनी फैला दो।
तेरी जय हो,
तेरी विजय हो,
तेरी सृष्टि की जय हो,
तेरी सृष्टि की विजय हो।
चंहुओर फैली हिंसा ही हिंसा है,
तांडव है, हलचल है,
अशांति ही शांति है।
घोर तमस पसरा है ,
कोई भूख से मर रहा है ,
कोई बीमार है, कोई बेहाल है ।
कोई आपस मे लड़ रहा है,
कोई लड़ - लड़ कर मर रहा है ,
कोई मार कर खुश हो रहा है,
कोई देख कर खुश हो रहा है।
मानवता किस ओर जा रही है,
एक दूसरे को नीचे गिराने में लगे हैं, झूठ को सच बता रहे हैं,
सत्य को दबा रहे हैं।
सब कहते हैं, ज्ञानवान हूं,
मानवता का ज्ञान,
कहां छुपा रखें हैं।
दया का ज्ञान कहां है,
करुणा का ज्ञान कहां है,
धर्म का ज्ञान कहां है,
भक्ति का ज्ञान कहां है।
हे ! ज्ञान की देवी,
तुम कुछ ऐसा चमत्कार करो,
अशांत हो चुके इस पृथ्वी को,
अब तुम शांत करो ।
तुम शांति की प्रतीक हो,
तुम शांति के सुगंध को,
जगत भर में फैला दो
पृथ्वी को पावन बना दो।
हमारे मन में जो मैल है,
धोकर उसे निर्मल बना दो,
ज्ञान का एक नया पाठ पढ़ा दो,
चेहरे पर नूतन मुस्कान खिला दो।
जहां हर ओर शांति हो,
अमन हो, खुशहाली हो,
आस्था और विश्वास हो।
सबों में सेवा का भाव हो,
लोगों के बीच प्रेम हो,
प्रेम का नूतन पाठ पढ़ाओ,
धरती को फिर से हरा-भरा बनाओ।

पुणे के शास्त्री नगर में बड़ा हादसा

निमार्णाधीन इमारत के स्लैब की जाली गिरने से 7 की मौत

मुंबई : पुणे जिले में शास्त्री नगर इलाके में बीती रात निमार्णाधीन इमारत के स्लैब की जाली गिरने से 7 मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना में 8 घायलों का इलाज ससून अस्पताल में हो रहा है। महापौर मुरलीधर मोहोल ने बताया कि इस मामले के जिम्मेदार लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

येरवड़ा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक युनुस शेख के अनुसार पुणे-अहमदनगर मार्ग पर स्थित वाड़ीया फार्म में ब्लूग्रास कंस्ट्रक्शन की इमारत में स्लैब डालने का काम जारी था। गुरुवार को देर रात यहां स्लैब की जाली बनाने के लिए 15 मजदूर काम कर रहे थे। अचानक स्लैब की जाली गिरने से

घटनास्थल पर ही 5 मजदूरों की मौत हो गई थी।

घटना की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम तथा पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची और घायलों को तत्काल ससून अस्पताल में इलाज के लिए ले गए। इनमें दो लोगों की अस्पताल पहुंचने से पहले हो गई थी। इस समय ससून अस्पताल में 8 घायल मजदूरों का इलाज जारी है।

प्रधानमंत्री ने जताया दुख

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के पुणे में एक निमार्णाधीन इमारत में हुये हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। शुक्रवार अहले सुबह उन्होंने कहा कि हादसे से आहत हूं।

यह चुनाव यूपी में विकास और शांति के स्थायित्व के लिए : मोदी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वर्चुअल प्रचार अभियान के तहत अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक कई चुनाव हुए हैं लेकिन इस बार के चुनाव अलग हैं। यह चुनाव विकास और शांति के स्थायित्व के लिए हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पहले की सरकार में विकास सिर्फ कागजी था। यह सिद्ध हो चुका है कि समाजवादी सिर्फ और सिर्फ परिवारवादी है। जबकि डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश में जमीन पर काम किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रचार अभियान के तहत जन चौपाल को वर्चुअली संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़, हापुड़ और नोएडा के लोगों को वर्चुअली संबोधित किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 5 साल पहले तक माफियावादी केंद्र की योजनाओं का लाभ यूपी के गरीब, दलित, पिछड़े तक नहीं पहुंचने देते थे। केंद्र की योजनाओं में मनमानी और भ्रष्टाचार नहीं चलने की वजह से इन योजनाओं में ब्रेक लगाकर रखा जाता था। अगर दोबारा उनकी सरकार आई तो गरीब के कल्याण की सभी योजनाओं पर चीनी मिलों की तरह ताला लग जाएगा।

वैवाहिक रेप मामले में सुनवाई 7 को

नई दिल्ली : वैवाहिक रेप के मामले पर सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता के वकील कॉलिन गोंजाल्वेस ने दिल्ली हाईकोर्ट से इसे अपराध बनाने की मांग की। गोंजाल्वेस ने ब्रिटेन के लॉ कमीशन का हवाला देते हुए वैवाहिक रेप को अपराध बनाने की मांग की। इस मामले पर अगली सुनवाई 7 फरवरी को होगी।

समानता की प्रतिमा का उद्घाटन आज

हैदराबाद : शमशाबाद स्थित मुचितला में 45 एकड़ में स्थापित स्टैच्यू ऑफ इक्वलिटी का शनिवार, 5 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करने के बाद इसे राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को दोपहर 2.45 बजे दिल्ली से विशेष विमान से स हैदराबाद पहँचेंगे।

यूपी की झांकी को फिर प्रथम पुरस्कार

लखनऊ : गणतंत्र दिवस के अवसर पर निकाली गयी झांकी में उत्तर प्रदेश की झांकी को इस साल फिर प्रथम पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह झांकी गत 26 जनवरी को दिल्ली के राजपथ पर निकली थी।

ओवैसी नहीं लेंगे जेड श्रेणी सुरक्षा

नई दिल्ली : ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को लोकसभा में खुद पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें सरकारी की ओर से दी गई ह्यजेडह्व श्रेणी की सुरक्षा की जरूरत नहीं है और वे इसे वापस करते हैं। उन्होंने हमलावरों पर यूएपीए लगाने की मांग की।

हिंदुस्तान जिंक लि. पर 25 करोड़ जुर्माना

नई दिल्ली : नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) ने राजस्थान के भीलवाड़ा में पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड पर 25 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया है। जस्टिस आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली बेंच ने हिंदुस्तान जिंक को तीन महीने के अंदर जुमार्ने की राशि भीलवाड़ा के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के समक्ष जमा करने का निर्देश दिया है। एनजीटी ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन करने का आदेश दिया जो इलाके की भूमि और जल को हुए नुकसान का आकलन कर उसे पुनर्सथापित करने की योजना बनाएगा। इसके अलावा कमेटी इलाके के लोगों और उनके पशुओं के स्वास्थ्य को हुए नुकसान का आकलन कर उनमें सुधार के लिए काम करेगा। इस कमेटी में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और भीलवाड़ा के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेश शामिल होंगे। एनजीटी ने कमेटी को निर्देश दिया कि उसके आदेश की अनुपालन रिपोर्ट 30 अप्रैल तक दाखिल करें।

याचिका भीलवाड़ा जिले के तहसील हुर्द के अगुचा, रामपुरा, बारंतिया, कोटरी, भोजरस, बारला, हुर्दा, भेरुखेड़ा और कोठिया पंचायत के कुछ ग्रामीणों ने दायर किया है।

ट्रक से टकराकर बस पलटी, 22 घायल

मुंबई : नासिक जिले में स्थित धामणगांव इलाके में होटल मिरची के पास नासिक-औरंगाबाद रोड पर एसएमबीटी कॉलेज की बस ट्रक से टकराकर पलट गई। इस घटना में 22 प्रशिक्षु मेडिकल छात्र घायल हो गए। इन सभी का इलाज नजदीकी अस्पताल में हो रहा है। मामले की जांच धामणगांव पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। पुलिस के अनुसार नासिक में एसएमबीटी कॉलेज, धामणगांव के 22 प्रशिक्षु मेडिकल छात्रों को लेकर कॉलेज की बस धामणगांव की ओर जा रही थी। शुक्रवार सुबह तकरीबन 7 बजे बस औरंगाबाद से आ रहे ट्रक से टकरा गई। यह टक्कर इतनी तेज थी कि बस पलट गई। धामणगांव पुलिस स्टेशन की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायल छात्रों को बस से निकालकर नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया।

अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में वायु सेना के कई अधिकारी लिप्त

नई दिल्ली : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले में आरोपित क्रिश्चियन मिशेल की जमानत याचिका का दिल्ली हाईकोर्ट में विरोध किया है। साथ ही यह भी खुलासा किया कि इस घोटाले में भारतीय वायु सेना के कई वरिष्ठ अधिकारी लिप्त थे। ईडी ने कहा कि ब्रिटिश कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से खरीदे गए कई हेलीकॉप्टर बेकार पड़े हुए थे, क्योंकि वे लद्दाख जैसी ऊंचाई में नहीं उड़ सकते थे। इसके बावजूद अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी से खरीदारी करने के लिए हेलीकॉप्टर की विशेषज्ञता की शर्तों में बदलाव किया गया। ऐसा करके देश की सुरक्षा के साथ समझौता किया गया। ईडी ने कहा कि मिशेल के जरिये अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी की ओर से कई प्रभावशाली व्यक्तियों को रिश्वत दी गई ताकि हेलीकॉप्टर की डील हो सके।

ईडी और सीबीआई दोनों की ओर से दर्ज मामलों में मिशेल ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर कर रखी है। पिछले 20 जनवरी को हाईकोर्ट ने मिशेल की सीबीआई से जुड़े केस में दाखिल जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सीबीआई के वकील डीपी सिंह से पूछा था कि आप ये बताएं कि मिशेल को जमानत किन शर्तों पर दी जा सकती है।

बर्फबारी से हिप्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त

शिमला : हिमाचल प्रदेश के नौ पर्वतीय जिलों में गुरुवार से जारी भारी बर्फबारी की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ऊंची चोटियां बर्फ से लकदक हैं। सैलानी गिरती हुई बर्फ में मस्ती कर रहे हैं। बर्फबारी से तीन राष्ट्रीय राजमार्ग और 667 सड़कें अवरुद्ध हैं। राज्य में 1686 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इससे कई इलाकों में अंधेरा पसर गया है। बर्फबारी से शिमला-चंडीगढ़ और शिमला-मंडी हाइवे बंद हो गया है। बदले हुए मौसम के कारण पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की गिरफ्त में है।

शिमला शहर में शुक्रवार तक एक फीट से अधिक बर्फ गिर चुकी है। भारी बर्फबारी से शिमला शहर अलग-थलग पड़ गया है। शिमला शहर व ग्रामीण की सभी मुख्य व भीतरी सड़कें व रास्ते बंद हैं। टूटीकंडी आईएसबीटी से लंबे रूटों पर बसें रवाना नहीं हो पा रही हैं।

हमीरपुर, बिलासपुर, धर्मशाला और मंडी से शिमला आने वाली बसें हीरानगर और घनाहट्टी के पास फंस गईं। उपनगर टूटू के पास एक निजी बस खाई में गिरने से बाल-बाल बच गई। राजधानी शिमला को ऊपरी शिमला से संपर्क तीन दिन से कटा हुआ है। शोघी में पेड़ गिरने से शिमला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित है। विधानसभा और आकाशवाणी शिमला के पास भी पेड़ धराशायी हुए हैं।राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक चंबा जिला में 151, शिमला में 149, लाहौल-स्पीति में 138, कुल्लू में 66, सिरमौर में 36, किन्नौर में 26 और सोलन में एक सड़क अवरुद्ध हुई है। इसके अलावा चंबा में 687, मंडी में 422, सिरमौर में 225, शिमला में 106 और कुल्लू में 46 ट्रांसफॉर्मर बंद हैं। चंबा जिला में 71, मंडी में 54, लाहौल स्पीति में 27 और सिरमौर में 19 पेयजल योजनाएं बाधित हैं।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक शिमला जिला के खड़ापत्थर में दो फीट, कुफरी, नारकंडा में डेढ़-डेढ़ फीट, शिमला शहर में एक फीट, सिरमौर जिला के हरिपुरधार में डेढ़ फीट, सोलन के चायल में 1.4 फीट, मंडी जिला के पराशर लेक, शिकारी माता और कमरूनाग में लगभग तीन-तीन फीट, लाहौल-स्पीति के कोकसर में चार इंच, सिसु में तीन, काजा में दो इंच, कुल्लू की अटल टनल में 1.6 फीट, रोहतांग में 2 फीट, मनाली में 9 इंच, किन्नौर के छितकुल में 6 इंच, कांगड़ा के बड़ागांव में 2.5 फीट, बीड बिलिंग में 15 इंच, चंबा जिला के डलहौजी में तीन फीट, भरमौर में 8 इंच बर्फ गिर चुकी है।

एक नजर

अमित शाह पहुंचे गोरखनाथ मंदिर

गोरखपुर : गोरखपुर शहर विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नामांकन दाखिल करने के बाद उनके साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। दोनों नेताओं ने अखंड ज्योति के सामने माथा टेका। इसके बाद उन्होंने गुरु गोरक्षनाथ और अन्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। नामांकन से पहले योगी ने गोरक्षनाथ मंदिर में करीब सवा दो घंटे तक रुद्राभिषेक कर भगवान शिव से जीत की कामना की थी। इसके बाद हवन किया। योगी ने अपने गुरु महंत अवेधनाथ का भी आशीर्वाद लिया।

पहलवान सुशील की जमानत पर पुलिस को नोटिस

नई दिल्ली : दिल्ली हाईकोर्ट ने रेसलर सागर धनखड़ हत्या के मामले के आरोपित और पहलवान सुशील कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। जस्टिस मुक्ता गुप्ता की बेंच ने नोटिस जारी किया। सुशील पहलवान को 23 मई 2021 को मुंडका से गिरफ्तार किया गया था। रोहिणी कोर्ट ने 5 सितंबर 2021 को सुशील कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। क्राइम ब्रांच ने 170 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। रोहिणी कोर्ट ने 2 अगस्त 2021 को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की ओर से दाखिल पहली चार्जशीट पर 6 अगस्त 2021 को संज्ञान लिया था। पहली चार्जशीट में दिल्ली पुलिस ने सुशील कुमार समेत 13 लोगों को आरोपित बनाया था। दिल्ली पुलिस ने सुशील कुमार को मुख्य आरोपित बताया है।

देश में लगे 168.47 करोड़ टीके

नई दिल्ली : कोरोना के खिलाफ जंग में कारगर टीकाकरण अभियान के तहत देश में 24 घंटों में करीब 55 लाख टीके लगाए गए। इसके साथ देश में अबतक 168 करोड़, 47 लाख टीके लगाए जा चुके हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक शुक्रवार सुबह तक राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को 165 करोड़, 20 लाख टीके की खुराक निःशुल्क उपलब्ध कराई जा चुकी है। राज्यों के पास अभी भी टीके की 10.71 करोड़ खुराक मौजूद है।

होशंगाबाद कहलायेगा नर्मदापुरम

भोपाल : मध्य प्रदेश का होशंगाबाद शहर अब नर्मदापुरम और होशंगाबाद जिले का बाबई नगर अब माखन नगर के नाम से जाना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा होशंगाबाद का नाम नर्मदापुरम और बाबई का नाम माखन नगर करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार करने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार माना है। मुख्यमंत्री चौहान ने गुरुवार देर शाम ट्वीट के माध्यम से कहा कि ₹-पवित्र नर्मदातट पर बसे होशंगाबाद शहर को अब मध्यप्रदेश की प्राणदायिनी मैया नर्मदा की जयंती के शुभ दिन से 'नर्मदापुरम' कहा जायेगा। पूर्व में ही संभाग का नाम नर्मदापुरम किया जा चुका है।

देश में लगे 168.47 करोड़ टीके

नई दिल्ली : कोरोना के खिलाफ जंग में कारगर टीकाकरण अभियान के तहत देश में 24 घंटों में करीब 55 लाख टीके लगाए गए। इसके साथ देश में अबतक 168 करोड़, 47 लाख टीके लगाए जा चुके हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक शुक्रवार सुबह तक राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को 165 करोड़, 20 लाख टीके की खुराक निःशुल्क उपलब्ध कराई जा चुकी है। राज्यों के पास अभी भी टीके की 10.71 करोड़ खुराक मौजूद है।

कोरोना के नए मामले घटे

नई दिल्ली : देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में थोड़ी और कमी आई है। शुक्रवार सुबह तक पिछले 24 घंटों में कोरोना के एक लाख, 49 हजार 394 नए मरीज मिले। इस बीच कोरोना को मात देने वालों की संख्या दो लाख, 46 हजार, 674 रही। हालांकि, इस अवधि में 1072 संक्रमितों की मौत हो गई। शुक्रवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना से ठीक होने वालों की कुल संख्या चार करोड़, 17 हजार, 88 है। इस दौरान रिकवरी रेट में सुधार के साथ यह बढ़कर 95.39 प्रतिशत हो गया है।

आईएनएस आदित्य ने मछुआरे की जान बचायी

नई दिल्ली : गोवा के समुद्र में मछली पकड़ने वाली नाव के गंभीर रूप से घायल एक मछुआरे को भारतीय नौसेना ने चिकित्सा सहायता देकर उसकी जान बचाई। गोवा के समुद्री तट से लगभग 75 समुद्री मील की दूरी पर पश्चिम में मछली पकड़ने वाली नाव एफवी महोनाथन से भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस आदित्य को इमरजेंसी कॉल मिली। दरअसल, इस नाव के मछुआरे विपिन के दाहिने हाथ में गंभीर चोट लगी थी, जिसकी वजह से अत्यधिक खून बहने के साथ ही उसका ऑक्सीजन स्तर तेजी से गिर रहा था।

3.3 लाख रुपये के नकली नोट बरामद

धुबरी (असम) : सीमा सुरक्षा बल (सीसुब) गुवाहाटी फ्रंटियर के जवानों ने धुबरी जिला के भारत-बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय सीमा इलाके से शुक्रवार को दो भारतीय तस्करों को दबोचा गया। इनके पास से जाली भारतीय मुद्रा (तीन लाख तीन हजार रुपये) बरामद हुई है। यह धरपकड़ विशेष सूचना पर भोगडोर गांव से 19वीं वाहिनी सीसुब के सीमा प्रहरियों ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से की है। भोगडोर गांव अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्र में है।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) मुख्य कार्यकारी अधिकारी : पंकज मिश्र, संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)